ईश्वर में हमारा विश्वास

# राष्ट्रीय नवीन मेल

सत्यमेव जयते

रांची एवं डालटनगंज (मेदिनीनगर) से एक साथ प्रकाशित

www.rastriyanaveenmail.com ● रांची ● आश्विन शुक्ल पक्ष 04 ● विक्रम संवत 2080 ● बुधवार, 18 अक्टूबर 2023 ● वर्ष-24 ● अंक- 255 ● पृष्ठ-12 ● मूल्य ₹ 2.00

## नवरात्र : चौथा दिन मां कूष्माण्डा



### स्तुति मंत्र

**सुरासम्पूर्ण कलशं रुधिराप्लुतमेव च।**
**दधाना हस्तपद्माभ्यां कूष्माण्डा शुभदास्तु में॥**

मां कूष्माण्डा ध्यान मंत्र- रुधिर से परिप्लुत और सुरा से परिपूर्ण कलश को दोनों करकमलों में धारण करने वाली कूष्माण्डा दुर्गा देवी मेरे लिए शुभदायिनी हों।

# डैम में डूबने से 6 स्कूली छात्रों की मौत

**नवीन मेल संवाददाता। हजारीबाग**

जिले के इचाक थाना क्षेत्र अंतर्गत नेशनल पार्क के शालपर्णी जंगल से सटे लोटवा डैम में नहाने गए छह स्कूली छात्रों की डूबने से मौत हो गई। घटना मंगलवार की है। बताया गया कि ये सभी हजारीबाग के माउंड एग्माउंट स्कूल में प्लस टू में पढ़ते थे। मंगलवार सुबह करीब दस बजे सात छात्र हजारीबाग से बाइक और स्कूटी पर सवार होकर डैम में नहाने पहुंचे थे। यह डैम हजारीबाग नेशनल पार्क के पास स्थित है। सभी ने स्कूल ड्रेस डैम के किनारे उतार दिया और नहाने के लिए उतर गए।



माना जा रहा है कि इनमें से कोई एक गहरे पानी में चला गया, जिसे बचाने के चक्कर में छह छात्र डूब गए। एक छात्र किसी तरह बाहर निकला। घटना की सूचना जैसे ही इचाक पुलिस को मिली, वह घटनास्थल पर पहुंची। डूबने वाले छात्रों में हजारीबाग के ओकनी मोहल्ले का रजनीश पांडे और सुमित कुमार, मटवारी का मयंक सिंह, दीपूगढ़ा का प्रवीण गोप, पीटीसी चौक का ईशान सिंह और मटवारी ▸▸शेष पृष्ठ 11 पर

# प्रधानमंत्री ने गगनयान मिशन की तैयारियों की समीक्षा की

**2035 तक भारतीय अंतरिक्ष स्टेशन की स्थापना**

**2040 तक चंद्रमा पर मानव भेजेगा भारत**

**शुक्र और मंगल ग्रह के लिए मिशन शुरू करेगा भारत**

**एजेंसी। नई दिल्ली**

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने भारत के



गगनयान मिशन की प्रगति का आकलन करने और अंतरिक्ष अन्वेषण के भारत के प्रयासों के भविष्य की रूपरेखा तैयार करने से संबंधित एक उच्च स्तरीय बैठक की अध्यक्षता की। अंतरिक्ष विभाग ने ह्यूमन-रेटेड लॉन्च व्हीकल और सिस्टम क्वालिफिकेशन जैसी अब तक विकसित की जा चुकी विभिन्न प्रौद्योगिकियों सहित गगनयान मिशन का व्यापक विवरण प्रस्तुत किया। इस बात पर गौर किया गया कि ह्यूमन रेटेड लॉन्च व्हीकल (एचएलवीएम3) के 3 अनक्रूड मिशनों सहित लगभग 20 प्रमुख परीक्षणों की योजना बनाई गई है। क्रू एस्केप सिस्टम टेस्ट व्हीकल की पहली प्रदर्शन ▸▸शेष पृष्ठ 11 पर

## सीएम ने वीमेंस एशियन हॉकी चैंपियंस ट्रॉफी की तैयारियों की समीक्षा की, बोले

# सुविधाओं में कोई कमी न रहे

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन ने मंगलवार को झारखंड मंत्रालय में अधिकारियों के साथ झारखंड (रांची) की मेजबानी में 27 अक्टूबर से पांच नवंबर तक आयोजित होने वाले वीमेंस एशियन हॉकी चैंपियंस ट्रॉफी-2023 की तैयारियों की उच्चस्तरीय समीक्षा की। इसमें अधिकारियों ने झारखंड (रांची) की मेजबानी में विमेन एशियन हॉकी चैंपियंस ट्रॉफी की तैयारियों की बिंदुवार विस्तृत जानकारी पावर पॉइंट प्रेजेंटेशन के माध्यम से रखी।

मुख्यमंत्री ने अधिकारियों से कहा कि विमेन एशियन हॉकी चैंपियंस ट्रॉफी-2023 का भव्य आयोजन राज्य सरकार की प्राथमिकताओं में शामिल है। यह आयोजन राज्य सरकार द्वारा खेल के विकास के प्रति किए जा रहे कार्यों को प्रदर्शित करेगा। मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को निर्देश दिया कि विमेन एशियन हॉकी चैंपियनशिप 2023 के आयोजन में किसी प्रकार की कोई कमी न रहे इसका पूरा ध्यान रखें। इस चैंपियनशिप का ज्यादा से ज्यादा प्रचार प्रसार हो इस निमित्त मेकेनिज्म तैयार कर जल्द प्रचार-प्रसार शुरू करें। हॉकी चैंपियनशिप का प्रचार-प्रसार मिशन मोड में सुनिश्चित करें। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रतियोगिता के विभिन्न मुकाबलों का लाइव टेलीकॉस्ट एलइडी स्क्रीन्स पर सुनिश्चित किए जाएं। ▸▸शेष पृष्ठ 11 पर



**▸▸ हॉकी चैंपियनशिप का मिशन मोड में हो प्रचार-प्रसार**

**▸▸ स्वास्थ्य सुविधा, सुरक्षा, आवागमन का पुख्ता रहे इंतजाम**

### 108 एंबुलेंस सेवा को हर हाल में सुदृढ़ करें : सीएम

मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन ने मंगलवार को झारखंड मंत्रालय में मुख्यमंत्री गंभीर बीमारी उपचार योजना, आयुष्मान भारत योजना, कर्मचारी राज्य बीमा निगम के द्वारा संचालित अस्पतालों की स्थिति एवं 108 एंबुलेंस सेवा के अद्यतन कार्य प्रगति की समीक्षा की। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को कई महत्त्वपूर्ण दिशा निर्देश दिए। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने कहा कि मुख्यमंत्री गंभीर बीमारी उपचार योजना तथा आयुष्मान भारत योजना का लाभ राज्य की जनता को वास्तविक और पूर्ण रूप से मिले यह सुनिश्चित करें। इन स्वास्थ्य योजनाओं के अंतर्गत जो नए प्रावधान किए गए हैं उनका पूरा उपयोग हो। इन योजनाओं का लाभ लेने के लिए प्रक्रियाओं में कोई जटिलता न रहे इसका पूरा ख्याल रखें। राज्य की जनता को चिकित्सा अनुदान का पूरा लाभ सुनिश्चित किए जाएं। मुख्यमंत्री ने कहा कि किसी भी मरीज को नियम के चक्करों में न उलझाएं। योजनाओं का लाभ लेने को लेकर कहीं कोई भ्रम की स्थिति न उत्पन्न हो इस निमित्त प्रक्रियाओं को सरल और सहज बनाएं। मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि राज्य में संचालित 108 एंबुलेंस सेवा को लेकर निरंतर शिकायतें प्राप्त हो रही हैं। राज्य के भीतर 108 एंबुलेंस सेवा आगामी 15 नवंबर 2023 तक हर हाल में सुधरनी चाहिए। उक्त तिथि तक सभी एंबुलेंस पूर्ण रूपेण कार्यरत किए जाएं। मुख्यमंत्री ने कहा कि यदि एंबुलेंस सेवाओं में लापरवाही पाई गई तो संबंधित के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी। हर हाल में ▸▸शेष पृष्ठ 11 पर

### ग्रामीण कनेक्टिविटी को मजबूत करने पर है विशेष जोर : मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन

राज्य के ग्रामीण और सुदूर जनजातीय क्षेत्रों में सड़क परिवहन और आवागमन व्यवस्था को बेहतर बनाने पर सरकार का विशेष जोर है। इस कड़ी में ग्रामीण क्षेत्रों को प्रखंड, अनुमंडल और जिला मुख्यालय से जोड़ने के लिए मुख्यमंत्री ग्राम गाड़ी योजना शुरू किया जाना है। ताकि, दूर दराज के गांव में रहने वाले लोगों को सुलभ परिवहन व्यवस्था उपलब्ध हो सके। मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन ने मंगलवार को इस योजना को लेकर परिवहन विभाग के अधिकारियों के साथ उच्च स्तरीय बैठक करते हुए कई अहम निर्देश दिए। मुख्यमंत्री ने कहा कि मुख्यमंत्री ग्राम गाड़ी योजना के रूट निर्धारण में सार्वजनिक उपयोगिता वाले स्थलों का विशेष ध्यान रखें। इस योजना के तहत बसों के संचालन के लिए इस ▸▸शेष पृष्ठ 11 पर

# ओडिशा में करोड़ों की ठगी कर रांची में छिपे दो आरोपी गिरफ्तार



**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

ओडिशा पुलिस की इकोनॉमिक ऑफिंस विंग ने ओडिशा में करोड़ों रुपये की ठगी करने वाले दो आरोपितों को सोमवार रात यहां दबोच लिया। इन गिरफ्तारी स्थानीय पुलिस के सहयोग से की गई। रांची के एसएसपी चंदन कुमार सिन्हा ने इसकी पुष्टि की है।

रांची के पुंदाग थाना के प्रभारी विवेक कुमार ने बताया कि ओडिशा से आए इकोनॉमिक ऑफिंस विंग के अधिकारियों और जवानों के साथ क्षेत्र के बिमल श्याम विहार अपार्टमेंट में छापा मारकर अमर डेनिश और पीयूष कुमार उर्फ निशांत को गिरफ्तार कर लिया गया। दोनों मूल रूप से बिहार के भागलपुर जिले के रहने वाले हैं। इस समय दोनों रांची में छिपे हुए थे। दोनों के खिलाफ ओडिशा में इकोनॉमिक ऑफिंस विंग थाना में मुकदमा (संख्या - 21/22) दर्ज हुआ था। रांची के एसएसपी चंदन कुमार सिन्हा कहना है कि ओडिशा पुलिस आज दोनों को कोर्ट में प्रस्तुत कर ट्रांजिट रिमांड में लेगी। इसके बाद दोनों को भुवनेश्वर ले जाएगी।

### साइबर ठगों ने लिंक भेजकर खाते से उड़ा लिया 2.55 लाख

राजधानी रांची में साइबर ठगों का गिरोह सक्रिय है। पुलिस की दबिश के बाद भी नए-नए तरीकों को अपना कर साइबर ठग- ठगी की घटना को अंजाम दे रहे है। ताजा मामला अरगोड़ा थाना क्षेत्र का है। इस इलाके में साइबर ठगों ने दो वारदातों को अंजाम देकर 2.55 लाख रुपए की ठगी कर ली है। इस संबंध में पंकज कुमार दास और नवनीत कुमार ने अरगोड़ा थाने में अलग-अलग प्राथमिकी दर्ज करायी है। दर्ज प्राथमिकी के आधार पर पुलिस मामले की जांच में जुट गई है।

**ओटीपी देते ही खाते से उड़ गया 1.60 लाख :** मोरहाबादी कृष्णा इनक्लेव के रहने वाले पंकज दास की ओर से अरगोड़ा थाने में दर्ज की गई प्राथमिकी में कहा गया है कि 13 अक्तूबर को दोपहर दो बजे उनके मोबाइल पर एड पैंथर का रिवार्ड के लिए एक मैसेज आया। मैसेज के लिंक को जब वह ओपन किया तो उनसे ओटीपी मांगा गया। ओटीपी देते ही उनके खाते से 1.60 लाख रुपए उड़ गए। इसके बाद उन्होंने तुरंत अपने खाते को बंद कराया। ▸▸शेष पृष्ठ 11 पर

## गागर में सागर

### आचार संहिता उल्लंघन मामले में सीएम के खिलाफ पीड़क कार्रवाई पर रोक

**रांची।** झारखंड हाईकोर्ट में मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन की ओर से सरायकेला खरसांवा के आदित्यपुर थाना में दर्ज प्राथमिकी (418/2014) को चुनौती देने वाली क्रिमिनल रिट की सुनवाई मंगलवार को हुई। जस्टिस एसके द्विवेदी की कोर्ट ने हेमन्त सोरेन के खिलाफ पीड़क कार्रवाई पर रोक लगाई है। कोर्ट ने मामले में राज्य सरकार को प्रति शपथ पत्र दाखिल करने का निर्देश दिया है। मामले की अगली सुनवाई 21 नवंबर को होगी। याचिकाकर्ता ने अपने खिलाफ दर्ज प्राथमिकी को निरस्त करने की मांग की है। मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन की ओर से दायर याचिका में कहा गया है कि वर्ष 2014 में चुनाव के दौरान वह अपनी पार्टी के प्रत्याशी के पक्ष में चुनाव प्रचार करने गए थे।


### निलंबित आईएएस छवि रंजन की जमानत पर सुनवाई 20 को

**रांची।** जमीन घोटाले के आरोपित निलंबित आईएएस छवि रंजन की जमानत याचिका पर मंगलवार को ईडी के विशेष न्यायाधीश दिनेश राय की अदालत में सुनवाई हुई। सुनवाई के दौरान ईडी की ओर से उपस्थित विशेष लोक अभियोजक ने बहस के लिए समय देने का आग्रह किया, जिसे स्वीकार करते हुए अदालत ने जमानत पर बहस के लिए 20 अक्टूबर की तिथि निर्धारित की है। इससे पूर्व सोमवार को छवि रंजन की ओर से ममाले में जमानत याचिका दाखिल की गयी थी। यह मामला चेशायर होम रोड में फर्जी दस्तावेज के सहारे जमीन की खरीद-बिक्री से जुड़ा है। इससे पहले उन्होंने बरियातू के सेना की जमीन से जुड़े दूसरे केस में जमानत याचिका दाखिल की थी, जिसे अदालत ने खारिज कर दिया था।

### लालू की बेल रद्द करने की मांग वाली सीबीआई की याचिका पर सुनवाई टली

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने मंगलवार को करोड़ों रुपये के चारा घोटाले के सिलसिले में राजद अध्यक्ष लालू प्रसाद को दी गई जमानत रद्द करने की मांग करने वाली सीबीआई की याचिका पर सुनवाई टाल दी है। न्यायमूर्ति एएस. बोपन्ना और न्यायमूर्ति एमएम. सुंदरेश की पीठ ने याचिका पर जनवरी 2024 के अंतिम सप्ताह में किसी गैर-विविध दिन पर सुनवाई करने का फैसला किया है। सीबीआई की ओर से पेश अतिरिक्त सॉलिसिटर जनरल एसवी. राजू ने आग्रह किया कि मामले में शामिल कानून के सवाल पर शीर्ष अदालत द्वारा फैसला जरूरी है। सुप्रीम कोर्ट के समक्ष दायर विशेष अनुमति याचिका में, सीबीआई ने तर्क दिया है कि राष्ट्रीय जनता दल प्रमुख को कानून की गलत धारणा पर झारखंड हाईकोर्ट ने जमानत दी थी।

### आईसीसी वर्ल्ड कप 2023



**नीदरलैंड्स - 245/8 (43 ओवर)**

**साउथ अफ्रीका - 207/10 (42.5 ओवर)**

**आज का मैच**

**न्यूजीलैंड बनाम अफगानिस्तान चेन्नई (2 बजे से)**

# विस में विधायक अमर बाउरी को मिला नेता प्रतिपक्ष का दर्जा

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

भाजपा विधायक और पूर्व मंत्री अमर बाउरी को झारखंड विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष का दर्जा मिल गया है। विधानसभा सचिवालय ने इस संबंध में मंगलवार को अधिसूचना जारी कर दी है। विधानसभा के प्रभारी सचिव सैयद जावेद हैदर की अधिसूचना के अनुसार बाउरी को 16 अक्टूबर की तिथि से ही नेता प्रतिपक्ष का दर्जा दिया गया है। उल्लेखनीय है कि 2019 में दिसंबर महीने में हुए विधानसभा चुनाव के बाद से ही नेता प्रतिपक्ष का पद खाली था। मुख्य विरोधी दल भाजपा ने चुनाव के तुरंत बाद इस पद के लिए किसी का चयन नहीं किया था। बाद में फरवरी 2020 में बाबूलाल मरांडी के नेतृत्व वाली झारखंड विकास मोर्चा के भाजपा में विलय होने के बाद मई 2020 में उन्हें भाजपा विधायक दल का नेता चुना गया था लेकिन उनके खिलाफ विधानसभा अध्यक्ष के न्यायाधिकरण में दलबदल का मामला लंबित रहने के कारण अब तक उन्हें नेता प्रतिपक्ष के रूप में मान्यता नहीं दी गई थी। करीब तीन महीने के इंतजार के बाद



केन्द्रीय राज्य पर्यावरण वन एवं जलवायु परिवर्तन उपभोक्ता मामले, खाद्य और सार्वजनिक विभाग मंत्री अश्विनी कुमार चौबे ने भाजपा प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी को पत्र भेज कर जानकारी दी कि अमर कुमार बाउरी को भाजपा विधायक दल के नेता और जय प्रकाश पटेल को सचेतक की कमान सौंपने की बात केंद्रीय नेतृत्व से कही है, जिसकी औपचारिक मंजूरी मिल गई है और इस संबंध में वह आगे की कार्रवाई करें। इसके बाद ही भाजपा ने विधानसभा सचिवालय को इस संबंध में सोमवार को पत्र भेजा था।

# दुगार्पूजा को लेकर राज्य में सुरक्षा के कड़े बंदोबस्त, तैनात रहेंगे 10 हजार जवान

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

झारखंड में दुगार्पूजा में विधि व्यवस्था बनाए रखने के लिए सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए गए हैं। सुरक्षा को लेकर 10 हजार जवानों की तैनाती की गई है। इसमें चार हजार 975 होमगार्ड के जवान तैनात रहेंगे। बुधवार से राज्य के 24 जिलों में अतिरिक्त बलों की तैनाती रहेगी। यह प्रतिनियुक्ति दुगार्पूजा समाप्ति 26 अक्टूबर तक रहेगी। जानकारी के अनुसार त्योहार को शांतिपूर्व संपन्न कराने के लिए सादे लिबास में महिला और पुरुष पुलिसकर्मियों की तैनाती रहेगी। जिलों में प्रतिनियुक्त जवान दंगा नियंत्रण उपकरणों, लाठी, हेलमेट, बाडी प्रोटेक्टर, केन शील्ड, टियर गैस गन, एंटी रायट गन, वाटर कैनन और वज्र वाहन के साथ तैनात रहेंगे। रांची, जमशदेपुर, हजारीबाग में बम निरोधक दस्ता की भी तैनाती की



### दुर्गापूजा पर निजी स्कूलों में छह और सरकारी स्कूलों में 5 दिनों की छुट्टी

शहर के सभी स्कूलों में दुर्गा पूजा की छुट्टी की घोषणा कर दी गयी है। निजी स्कूलों में 20 अक्टूबर से होगी। मिशन स्कूलों में भी 20 अक्टूबर से अवकाश रहेगा। निजी स्कूलों के विद्यार्थियों को छह दिनों का अवकाश मिलेगा जबकि सरकारी स्कूलों को पांच दिनों का अवकाश मिल रहा है। सरकारी स्कूलों में 21 अक्टूबर से अवकाश रहेगा। सभी स्कूलों में 25 को अवकाश समाप्त हो जाएगा। मंगलवार 24 अक्टूबर को रावण दहन होगा और गुरुवार 26 अक्टूबर से सभी स्कूल अपने निर्धारित समय से चलेंगे।

गई है। सुरक्षा के लिहाज से जैप, आईआरबी, एसआईआरबी के कई कंपनी को तैनात किया गया है। राज्य में पूजा पंडालों में विशेष सुरक्षा इंतजाम किये गये हैं। संवेदनशील पूजा ▸▸शेष पृष्ठ 11 पर

### बिल्डर ज्ञान प्रकाश की बेल पर सुनवाई 31 को

**रांची।** झारखंड हाईकोर्ट ने 75 करोड़ रुपये का बैंक लोन लेकर धोखाधड़ी करने के मामले में जेल में बंद बिल्डर ज्ञान प्रकाश सरावगी की जमानत याचिका पर मंगलवार को सुनवाई की। जस्टिस एसके द्विवेदी की कोर्ट ने मामले की अगली सुनवाई 31 अक्टूबर निर्धारित की है। मामले में प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) की ओर से जवाब दाखिल हो चुका है। ईडी के अधिवक्ता की अस्वस्थता की वजह से समय की मांग की गई। ज्ञान प्रकाश सरावगी को ईडी ने मनी लॉन्ड्रिंग मामले में गिरफ्तार किया है। मामले में ईडी ने ईसीआईआर 1 /2022 दर्ज किया था। बैंक आफ इंडिया व यूनाइटेड बैंक आफ इंडिया को 75 करोड़ रुपये का चूना लगाने के मामले में मनी लांड्रिंग एक्ट के तहत अनुसंधान कर रही ईडी ने रांची के कांके रोड निवासी बिल्डर ज्ञान प्रकाश सरावगी सहित 10 आरोपितों के खिलाफ ईडी की रांची स्थित विशेष अदालत में चार्जशीट दाखिल किया है।

## 9-17 वर्ष की आयु के बच्चे रोज 3 घंटे सोशल मीडिया पर बिता रहे

# मानसिक स्वास्थ्य के नुकसान का खतरा

**आरएनएम। नई दिल्ली**

हाल ही में हुए एक राष्ट्रीय सर्वे के अनुसार भारत के 9-17 वर्ष की आयु के आधे से ज्यादा भारतीय युवा प्रतिदिन 3 घंटे से अधिक समय सोशल मीडिया और ऑनलाइन गेमिंग पर बिता रहे हैं। इस सर्वे में देश के लगभग 50,000 माता-पिता शामिल थे। सर्वे में पाया गया कि 9 से 17 वर्ष की आयु के दस में से प्रत्येक छठा युवा प्रतिदिन तीन घंटे से अधिक सोशल मीडिया या गेमिंग प्लेटफॉर्म पर बिताते हैं।



अकेले महाराष्ट्र में 17 प्रतिशत माता-पिता ने कहा कि उनके बच्चे हर दिन 6 घंटे से ज्यादा समय तक ऑनलाइन रहते हैं। यही जवाब देश के 22 प्रतिशत उत्तरदाताओं ने भी दिए। केवल 10 प्रतिशत माता-पिता ने कहा कि सोशल मीडिया या गेमिंग पर समय बिताने के बाद उनका बच्चा खुश महसूस करता है। अध्ययन से यह भी बात सामने आई है कि सोशल मीडिया सकारात्मक प्रभावों की तुलना में अधिक नकारात्मक प्रभाव डाल रहा है।

अमेरिकी सर्जन जनरल डॉ. विवेक मूर्ति के अनुसार यदि कोई बच्चा हर दिन सोशल मीडिया पर 3 घंटे या इससे ज्यादा समय बिताता है तो उसमें डिप्रेशन देखा जा सकता है और उसके मानसिक स्वास्थ्य के भी नुकसान का गहरा खतरा है।

सोशल मीडिया के साथ लंबे समय तक जुड़ाव से आक्रामकता, अधीरता, अतिसक्रियता और अवसाद जैसे मानसिक स्वास्थ्य संबंधी परेशानियों की संभावना बढ़ जाती है। सर्वे के मुताबिक 9-18 साल के बच्चे गैजेट के आदि हो गए हैं और इनके बिना रहना नहीं चाहते हैं। गैजेट के हद से ज्यादा इस्तेमाल के कारण बच्चों में सिर दर्द, बैक पेन व अवसाद देखने को मिल रहा है।

# हाईकोर्ट ने मैनहर्ट घोटाला मामले में राज्य सरकार से मांगा जवाब

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

झारखंड हाईकोर्ट में मैनहर्ट घोटाला मामले में एंटी करप्शन ब्यूरो (एसीबी) में दर्ज पीई( प्रारंभिक जांच) की रिपोर्ट अब तक नहीं आने एवं मामले में एफआईआर दर्ज नहीं होने को लेकर दायर विधायक सरयू राय की याचिका की सुनवाई मंगलवार को हुई। मामले में जस्टिस एसके द्विवेदी की कोर्ट ने राज्य सरकार को पूरक शपथ पत्र दाखिल करने का निर्देश दिया है। मामले की अगली सुनवाई 28 नवंबर को होगी। पिछली सुनवाई में कोर्ट के आदेश के आलोक में एसीबी के




एसपी सशरीर उपस्थित हुए थे। उनकी ओर से पीई की रिपोर्ट कोर्ट में प्रस्तुत की गई थी। पूर्व की सुनवाई के दौरान याचिकाकर्ता द्वारा कोर्ट को बताया गया था कि दिसंबर 2020 में इस मामले को लेकर एसीबी ने पीई दर्ज की थी लेकिन अब तक इसकी रिपोर्ट नहीं आई है। इस पर कोर्ट ने मामले में राज्य सरकार को शपथ पत्र दाखिल करने का निर्देश दिया था।

इसके आलोक में राज्य सरकार की ओर से शपथ पत्र दाखिल कर बताया गया कि मामले में अभी जांच चल रही है। एसीबी की ओर से बताया गया कि इस मामले की जांच जारी रखने के संबंध में राज्य सरकार से लीगल ओपिनियन मांगा गया है। इस पर याचिकाकर्ता के अधिवक्ता द्वारा कोर्ट को बताया गया कि लीगल ओपिनियन मांगे जाने का मामला सरकार के पास एक साल से अधिक समय तक लंबित है। अगस्त 2022 में ही एसीबी ने सरकार ▸▸शेष पृष्ठ 11 पर

## गागर में सागर

### एनएसयूआई के प्रदेश सचिव ने कुलपति को ज्ञापन सौंपा

**रांची।** एनएसयूआई के प्रदेश सचिव रोहित पांडे ने रांची यूनिवर्सिटी के कुलपति को ज्ञापन सौंपकर निर्मला कॉलेज के प्रिंसिपल को बर्खास्त करने की मांग की है। आरोप है कि डॉ. निर्मला कॉलेज की प्रिंसिपल सिस्टर ज्योति किस्पोट्टा को आवश्यक वैधानिक योग्यता के बिना कॉलेज का प्रिंसिपल नियुक्त किया गया था।उन्होंने आरोप लगाया है कि डॉ सिस्टर ज्योति किस्पोट्टा को 6 साल से अधिक समय तक उसी कॉलेज में सहायक प्रोफेसर के रूप में काम करने के बाद कॉलेज का प्रिंसिपल नियुक्त किया गया था जबकि प्राचार्य पद पर नियुक्ति के लिए सहायक प्रोफेसर के रूप में न्यूनतम 15 वर्ष का अनुभव होना अनिवार्य है। रोहित पांडे ने प्राचार्य को तत्काल बर्खास्त करने और कॉलेज की गवर्निंग बॉडी के खिलाफ उच्च स्तरीय जांच की मांग की है।

### विधायक आज करेंगे कैथलैब का उद्घाटन

**मुरी।** सिल्ली प्रखंड अंतर्गत बुधवार को सिंगपुर नर्सिंग होम मुरी में स्थानीय विधायक सुदेश कुमार महतो कैथ लैब का उद्घाटन करेंगे। सिंगपुर नर्सिंग होम के संचालक डॉक्टर रमनेश प्रसाद ने बताया कि अस्पताल में कैथलैब की शुरूआत होने से अब क्षेत्र के रोगियों को बाहर जाने की जरूरत नहीं पड़ेगी उनकी समुचित इलाज संभव हो जाएगा। हृदय रोगियों को एनजियोप्लास्टी, पेस मेकर, टेंपरेरी और परमानेंट की सुविधा मिल सकेगी। उन्होंने कहा कि क्षेत्र को बेहतर चिकित्सा मुहैया कराने हेतु हम दृढ़ संकल्पित है।

### बीडीओ ने क्षेत्रों की समस्याओं की ली जानकारी



**सोनाहातू।** सोनाहातु प्रखंड क्षेत्र से 14 पंचायत के मुखिया संघ, पंचायत समिति सदस्य सोनाहातु प्रखंड विकास पदाधिकारी खगेश कुमार को मुखिया दीनबंधु सिंह मुंडा, विकास सिंह मुंडा, मनोज सिंह मुंडा, सावना महली, सरिता देवी, करिश्मा देवी, प्रताप सिंह मुंडा, मुखिया प्रतिनिधि फनी भूषण सिंह मुंडा, पंचायत समिति रूप कुमार साहू, एवं अन्य ने मुखिया को बुके और शाल देकर सम्मानित करते हुए क्षेत्र की समस्या के लिए विशेष चर्चा की। मुखिया संघ ने अपना-अपना पंचायत क्षेत्र के बारे में प्रखंड विकास पदाधिकारी को विस्तार रूप से बताया। वहीं प्रखंड विकास पदाधिकारी ने मुखिया संघ से चर्चा करते हुए कहा कि क्षेत्र में रोजगार और विकास करना हमारे लक्ष्य है। आशा करते हैं कि मुखिया संघ और जनप्रतिनिधि सब मिलकर सोनाहातु प्रखंड क्षेत्र को विकास की ओर लेकर चलेंगे। वहीं मुखिया संघ ने कहा कि प्रखंड विकास पदाधिकारी के साथ मिलकर क्षेत्र के हर छोटे बड़े समस्या को दूर करेंगे और हर गांव में रोजगार उपलब्ध कराएंगे।

### सिल्ली में बाल विवाह को लेकर जागरूकता अभियान चलाया गया



**सिल्ली।** सिल्ली प्रखंड अंतर्गत सिल्ली प्रखंड कार्यालय के मुख्य द्वार से महिलाओं ने प्रखंड विकास पदाधिकारी के नेतृत्व में बाल विवाह रोकथाम को लेकर जागरूकता अभियान चलाया। जे एस एल पी एस के महिलाओं के द्वारा निकाला गया। महिलाएं हाथ में स्लोगन लिखे तख्तियो को लेकर नारे लगाते हुए सड़क पर चल रहे राहगिरो को जागरुक कर रही थी। जागरूकता के दौरान लोगों को बताया गया कि बाल विवाह से दूर रहें। 18 वर्ष के कम आयु की लड़कियों की शादी ना करें बल्कि उन्हें शिक्षित बनाएं। हम सब ने ठाना है दहेज प्रथा मिटाना है, घर-घर शिक्षा का दीप जलाएंगे बाल विवाह बंद कराएगे, सभी को सोचना है बाल विवाह रोकना है, हर कोई अगर चाहेगा बाल विवाह बंद हो जाएगा, आओ मिलकर बढ़ाये कदम बाल विवाह को भगाए हम इत्यादि का नारे लगाकर लोगों को बाल विवाह रोकथाम के लिए प्रेरित किया गया। जागरूकता अभियान में किरण देवी, जयंती देवी, अनीता देवी, गीता देवी, सरस्वती समेत दर्जनों महिलाएं उपस्थित रही।

### जिला स्तरीय एक दिवसीय प्रशिक्षण सह टीओटी कार्यशाला का आयोजन

**मांडर।** पंचायत विकास सूचकांक के तहत जिला स्तरीय एक दिवसीय प्रशिक्षण सह टीओटी कार्यशाला का आयोजन मांडर प्रखंड सभागार में किया गया। प्रशिक्षण का उद्घाटन प्रखंड विकास पदाधिकारी सुलेमान मुंदरी द्वारा दीप प्रज्वलन कर किया गया। प्रशिक्षण कार्यक्रम में प्रशिक्षक के रूप में राज्य कार्यक्रम प्रबंधक आदित्य रंजन, जिला कार्यक्रम प्रबंधक विभा सिंहा और उरउ प्रबंधक विनय कुमार सम्मिलित हुए। प्रतिभागी के रूप में प्रखंड के विभिन्न विभागों के पदाधिकारीगण, सभी पंचायत सचिव, मुखिया गण, सभी पंचायत के श्छए और जिला के सभी प्रखंडों के पंचायती राज प्रखंड समन्वयक उपस्थित हुए। कार्यशाला में पंचायत विकास सूचकांक के तहत डाटा कलेक्शन की जानकारी दी गई, जिसके तहत सतत विकास लक्ष्य अंतर्गत पंचायती राज मंत्रालय के 9 व्यापक विषय गरीबी मुक्त और उन्नत आजीविका गांव, स्वास्थ्य गांव, बाल हितैषी गांव ,जल पर्याप्त गांव, स्वच्छ एवं हरित गांव ,आत्मनिर्भर बुनियादी ढांचा वाला गांव, सामाजिक रूप से न्याय संगत एवं सुरक्षित गांव, सुशासन वाला गांव एवं महिला हितैषी गांव पर सभी विभागों से डाटा संग्रह की जानी है और जिसे ढउक्रपोर्टल में अपलोड किया जाना है। साथ ही कार्यक्रम में पीरामल फाउंडेशन के द्वारा ग्राम पंचायत विकास योजना के महत्व पर प्रकाश डाला गया जिसमें प्रशिक्षक के तौर पर सत्यम तिवारी, अंजलि तिवारी, शिवानी बिश्नोई और दिव्या भारती उपस्थित थे।

### नगर आयुक्त ने मूर्ति विसर्जन के मद्देनजर निगम की टीम को दिये कई निर्देश



**रांची।** रांची नगर निगम ने दुर्गा पूजा की समाप्ति के बाद मूर्ति विसर्जन के मद्देनजर तैयारियां शुरू कर दी है। इस संबंध में नगर आयुक्त अमित कुमार ने मंगलवार को निगम की स्वच्छता टीम को आवश्यक दिशा-निर्देश दिये हैं। कुमार ने टीम को कहा कि पिछले वर्ष की तरह इस साल भी दुर्गा पूजा समितियों के साथ समन्वय बनाते हुए निर्धारित 12 तालाबों में मूर्ति विसर्जन कराने को कहा है।साथ ही वाटर बॉडी को संरक्षित रखने के संबंध में हाइकोर्ट के निर्देश का भी पालन तय करने का निर्देश दिया है। स्वच्छता टीम और जोनल सुपरवाइजरों को कहा गया है कि विसर्जन की प्रक्रिया पूरी होने के 24 घंटे के अंदर विसर्जित मूर्तियों के अवशेष पानी से बाहर निकाल लें। प्रतिमा विसर्जन के लिए चिन्हित विसर्जन स्थलों पर बांस एवं ग्रीन नेट से घेराबंदी कर जलकुंड बनायें। पूजा के बाद अरगोड़ा तालाब, कांके डैम, मधुकम तालाब, बड़ा तालाब, चडरी तालाब, जेल तालाब, दिव्यायन तालाब, बटन तालाब, जगन्नाथपुर तालाब, हंदरू तालाब, धुर्वा डैम और हेसाग तालाब में ही मूर्ति विसर्जन कराने को कहा है।

# आकर्षण का केंद्र रहेगी महिषासुर मर्दिनी की झांकी

**नवीन मेल संवाददाता। रांची/ खूंटी**

जनजातीय बहुल जिला होने के बावजूद खूंटी और आसपास के इलाकों में दुर्गा पूजा का त्योहार भक्तिपूर्ण वातावरण में धूमधाम से मनाया जाता है। जिले में आयोजित होनेवाले दुर्गोत्सव की चर्चा आसपास के जिलों में भी होती है। इस वर्ष भी यहां दुर्गा पूजा का त्योहार धूमधाम से मनाया जाएगा। इसको लेकरा तैयारियों को अंतिम रूप दिया जा रहा है। वैसे तो जिला मुख्यालय खूंटी के 11 विभिन्न स्थानों पर भव्य और आकर्षक पूजा पंडालों का निर्माण कर पूजा का आयोजन किया जाता है। इन पूजा पंडालों में श्री श्री दुर्गा पूजा समिति तोरपा रोड खूंटी टोली के पूजा पंडाल की विशिष्ट पहचान रही है। इस पूजा पंडाल में प्रदर्शित की जानेवाली महिषासुर मर्दिनी की स्वचालित झांकी को देखने दूर-दूर से श्रद्धालु यहां पहुंचते हैं। पूजा समिति के प्रकाश अधिकारी ने बताया कि कोरोना के कारण विगत दो वर्षों से जिला प्रशासन के आदेशानुसार इस पूजा पंडाल में स्वचालित झांकी प्रदर्शित नहीं की जा रही थी, लेकिन कोरोना का खौफ समाप्त होने के बाद इस बार महिषासुर मर्दिनी की स्वचालित झांकी सुंदर और नये रूप में प्रदर्शित की जाएगी। उन्होंने बताया कि इस बार काल्पनिक मंदिर के प्रारूप वाले सुंदर पूजा पंडाल का निर्माण किया जा रहा है। खड़गपुर बंगाल के कुशल कारीगर रिंटू दास एवं उनके सहयोगियों द्वारा पंडाल के निर्माण कार्य को अंतिम रूप दिया जा रहा है। पंडाल की आंतरिक सज्जा भी सुंदर एवं उच्च कोटि की होगी। साथ ही पूजा पंडाल के अलावा आसपास के क्षेत्रों में रंग-बिरंगे बल्बों से मनभावन विद्युत सज्जा की जाएगी। उन्होंने बताया कि यहां पूजा का इतिहास 36 वर्ष पुराना है। सर्वप्रथम वर्ष 1987 में यहां पूजा की शुरूआत की गई थी। तब से यहां पूजा अनवरत जारी है। समय के साथ-साथ पूजा पंडाल एवं इसके आयोजन में बढ़ोतरी होती गई और आज यह पूजा पंडाल जिला में महिषासुर मर्दिनी की स्वचालित झांकी के लिए चर्चित है।




### संकल्प यात्रा की तैयारी को लेकर बैठक संपन्न



**सिल्ली।** भारतीय जनता पार्टी सिल्ली मंडल के समाधान कार्यालय के तत्वाधान में आगामी 27 अक्टूबर को संकल्प यात्रा की तैयारी को लेकर बैठक की गई। इस बैठक की अध्यक्षता विनोद प्रसाद साहू ने किया। इस मौके पर मंडल प्रवासी सत्यदेव सिंह मुंडा उपस्थित रहे। संकल्प यात्रा की तैयारी की बैठक को लेकर मंडल के प्रत्येक शक्ति केंद्र एवं बूथ अध्यक्षों को कार्यकर्ताओं को लेकर पतराहातू मैदान पहुंचने का जिम्मा दिया गया साथ ही साथ मोटरसाइकिल रैली के लिए भी सूची तैयार कर ली गई है। लगभग 100 मोटरसाइकिल सिल्ली मंडल से बाबूलाल मरांडी को स्वागत करने के लिए रवाना होगी। इस बैठक में मंडल के पदाधिकारी मोर्चा के अध्यक्ष सक्रिय सदस्य मंडल के संयोजक समेत दर्जनों कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

### पिता ने जताई पुत्री की हत्या आशंका

# पुलिस छानबीन में जुटी

**नवीन मेल संवाददाता। मांडर**

मांडर थाना क्षेत्र के हेसल घुघरी से आठ माह के बच्चे की मां को दो दिन पहले घर से गायब करने का मामला प्रकाश में आया है।ग्रामीणों ने गांव के आसपास के कुंए तक को खंगाल डाला है पर कहीं कोई सुराग हाथ नहीं आया है। इस मामले में सुनीता उरांव (18 वर्ष) के पिता ने हत्या की आशंका जताते हुए मांडर थाना में प्राथमिकी के लिए आवेदन दिया है। सुनीता के मायकेवालों का आरोप है कि ससुराल वालों ने उसकी हत्या कर शव गायब कर दिया है। सुनीता के पिता बिरसा उरांव ने रविवार को मांडर थाना में सुनीता के पति राहुल उरांव,भैंसुर मुनेश उरांव और सास विनीता उरांव के खिलाफ आवेदन दिया है।बताया जाता है कि हेसल घुघरी गांव की सुनीता उरांव की शादी साल भर पहले पड़ोस में रहनेवाले राहुल उरांव के साथ आदिवासी रीति रिवाज के साथ हुई थी। शादी के बाद से सुनीता को ससुराल वाले प्रताड़ित करने लगे और उसे जान से मारने की धमकी देने लगे। इसको लेकर गांव में पंचायती भी हुई थी। इसी बीच सुनीता को एक लड़का हुआ और उसका पति राहुल उरांव काम करने केरल चला गया। सुनीता के पिता बिरसा उरांव के अनुसार 14 अक्तूबर की सुबह लगभग पांच बजे बच्चे की रोने की आवाज सुनकर जब वह सुनीता के ससुराल गए तो देखा कि वह घर में नहीं थी और उसका आठ माह का बेटा अक्षित उरांव अकेला रो रहा था ।सुनीता के बारे में पूछने पर घर में मौजूद उसकी सास विनीता उरांव और भैंसुर मुनेश उरांव उससे गाली गलौज करने लगे और कहा कि हम उसके संबंध में कुछ नहीं जानते हैं। मांडर पुलिस मामले की छानबीन कर रही है। वहीं दूसरी ओर सुनीता देवी के ससुराल वालों ने मांडर थाना में गुमसुदगी का आवेदन देकर उसे खोजने का आग्रह किया है।सुनिता देवी, उम्र करीब 18 वर्ष, पति राहुल उरांव, पिता बिरसा उरांव नामक महिला दिनांक 13 अक्टूबर की रात्रि में अपने आठ माह का बच्चा को छोडकर बिना किसी को बताये कही चली गयी है, जो अभी तक अपना घर वापस नही आयी है।



# झारखंड प्रशासनिक सेवा के 21 पदाधिकारी का हुआ पदस्थापन

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

तबादला

झारखंड प्रशासनिक सेवा के 21 पदाधिकारियों को एक जगह से दूसरे जगह पर पदस्थापित किया गया है। इस संबंध में कार्मिक, प्रशासनिक सुधार तथा राज भाषा विभाग ने मंगलवार रात अधिसूचना जारी कर दी है। कोडरमा के सतगांवा बीडीओ वैद्यनाथ उरांव को एसडीओ गोड्डा के पद पर पदस्थापित किया गया है। जबकि पदस्थापन के लिए प्रतिक्षारत शीलवंत कुमार भट्ट को रामगढ़ एसडीओ बनाया गया है। इसीप्रकार गिरिजा शंकर महतो को चांडिल एसडीओ, रुद्र प्रताप को गढ़वा का अनुमंडल पदाधिकारी, हीरा कुमार को पलामू के छतरपुर का एसडीओ, रतन कुमार सिंह को गढ़वा नगर ऊंटारी का एसडीओ, पूर्णिमा कुमारी गुमला चैनपुर का एसडीओ, राजीव नीरज को गुमला का एसडीओ, पारुल सिंह को सरायकेला का एसडीओ, मुकेश मछुवा को पश्चिमी सिंहभूम के जगन्नाथपुर का एसडीओ, जयवंती देवगम को गुमला के बसिया का एसडीओ, महेंद्र छोटन उरांव को सिमडेगा सदर का एसडीओ, मोहम्मद परवेज को लातेहार का एसडीओ, विपिन कुमार दुबे को लातेहार के महुआडांड का एसडीओ , संतोष गुप्ता को गिरिडीह के सरिया का एसडीओ, सुरेंद्र उरांव को चतरा का एसडीओ, अनुराग कुमार तिवारी को पलामू के मेदिनी नगर सदर का एसडीओ, विजय कुमार को गढ़वा का एसडीओ , और राजीव कुमार को गोड्डा जिले के महागामा का एसडीओ बनाया गया है।

# काठीटांड़ में दुर्गा वाहिनी की स्थापना दिवस पर कार्यक्रम आयोजित




**नवीन मेल संवाददाता। रातू**

प्रखंड के काठीटांड चौक में मंगलवार को विश्व हिंदू परिषद की महिला आयाम मातृशक्ति दुर्गा वाहिनी के तत्वाधान में दुर्गा अष्टमी सह दुर्गा वाहिनी स्थापना दिवस के पावन अवसर पर रातू में शस्त्र पूजन का कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में छोटी-छोटी कन्याएं मां दुर्गा के रूप में उपस्थित रहे कार्यक्रम का शुभारंभ विधिवत रूप से ओमकार एकता मंत्र के साथ मां दुर्गा के चित्र पर माल्यार्पण एवं पूजन के साथ किया गया। शस्त्र पूजन कार्यक्रम में मुख्य वक्ता के रूप में झारखंड प्रदेश के धर्म प्रसार प्रांत परियोजना प्रमुख रेनू अग्रवाल उपस्थित थे। उन्होंने अपने संबोधन में कहा कि आज नारी शक्ति जाग उठी है धर्म संस्कृति के रक्षा में भी बढ़-चढ़कर आगे बढ़ रही हैं। जब-जब नारी शक्ति जगी है अधर्म और विधर्मी का नाश हुआ है। उन्होंने कहा आज के समय में शास्त्र और शस्त्र दोनों की सख्त आवश्यकता है तभी हम विधर्मी से अपने मां बहन धर्म संस्कृति की रक्षा कर सकेंगे। कार्यक्रम में मुख्य रूप से रांची जिला मातृशक्ति प्रमुख रीता गुप्ता, जिला मातृ शक्ति सह प्रमुख रंजू देवी, जिला दुर्गा वाहिनी संयोजिका इंद्राणी देवी, प्रखंड संयोजिका नीलू कुमारी, रातू प्रखंड संरक्षिका सुषमा तिर्की, शिवानी देवी, जिला उपाध्यक्ष विनय कुमार, जिला मंत्री रोबिन कुमार, जिला कोषाध्यक्ष सुबोध साहू, रातू प्रखंड मंत्री ज्योति कुमार , प्रखंड सह मंत्री विवेक प्रजापति, सह मंत्री रामप्रसाद मुंडा, बजरंग दल सहसंयोजक अमन कुमार, हिमांशु कुमार, नवल ठाकुर के साथ सैकड़ो माताएं व बहने उपस्थित थे।

### मांडर में बुनियादी शिक्षा अभियान पर कार्यशाला आयोजित

**मांडर।** सोसई आश्रम में सभी प्राथमिक,नव प्राथमिक, उत्क्रमित मध्य विद्यालय एवं मध्य विद्यालय के सभी प्रभारी प्रधानाध्यापक एवं सीआरपी को बुनियादी शिक्षा अभियान के प्रशिक्षण के लिए कार्यशाला का आयोजन किया गया ।कार्यशाला में एसेम्बली,बी ए एल ए एवंपुस्तकालय विषय पर विस्तृत चर्चा की गई।इन सभी विषयों पर अगले छः महीने पर कार्य करने की योजना भी बनाई गई ।मांडर को आकांक्षी प्रखंड होने पर इंडिकेटर पर चर्चा भी की गई ।प्रोग्राम लीडर सफिकुर रहमान ने उक्त विषयों पर विस्तृत चर्चा के द्वारा सभी को प्रशिक्षण दिया ।मौके पर इमोन दास, शिवानी विश्नोई, दिव्या भारती, बीईओ तरसीला केरकेट्टा, बीपीओ गुलाम सरवर, स्मिता सिंह, साधु लाल, लाल रंजीत नाथ शाहदेव, जोसेफ टोप्पो सहित अन्य मौजूद थे।


## वरीय पुलिस अधीक्षक का कार्यालय, राँची

सर्वसाधारण के लिए सूचना।



नाम–मनिश तिर्की उर्फ कुन्दन, उम्र–26 वर्ष, रंग–गोरा, ऊँचाई–6 फीट, पहनावा–ग्रे रंग का गंजी एवं ब्लु रंग का ट्रोजर पहने हुए है।

उपरोक्त लापता पुरूष मनिश तिर्की उर्फ कुन्दन, पिता–सुरेश तिर्की, पता–डहु टोली, थाना– गोंदा, जिला–राँची जो दिनांक –30.09.23 को अपने घर से बगैर बताए कहीं चले गए जो आजतक अपने घर वापस नही आए है जिसके संबंध में गोंदा थाना सनहा संख्या–19/23, दिनांक–01.10.2023, दर्ज कर खोजबिन की जा रही है। उपरोक्त सूचना की सार्वजनिक किया जाना आवश्यक है।

अतः सभी जन साधारण से अनुरोध है कि यदि उपरोक्त लापता पुरूश कहीं मिलतें/दिखतें है तो इसके संबंध में वरीय अधीक्षक के कार्यालय में या निम्नांकित फोन नम्बर पर संपर्क कर इसकी सूचना दें।

पुलिस उपाधीक्षक सदर, राँची। – 94311 02090

पु0 नि0 सह थाना प्रभारी गोंदा, राँची। – 94317 06162

वरीय पुलिस अधीक्षक, राँची।

PR.NO.309363 Police(23-24):D


# सबकी योजना सबका विकास अभियान को लेकर उपविकास आयुक्त ने की बैठक

# पिपुल्स डेवलपमेंट प्लान तैयार करने का दिया निर्देश

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**




मंगलवार को उपायुक्त, रांची के निर्देशानुसार उप विकास आयुक्त, रांची दिनेश कुमार यादव की अध्यक्षता में 'सबकी योजना सबका विकास अभियान' अन्तर्गत पिपुल्स प्लान कम्पेंन 2023 के तहत पिपुल्स डेवलपमेंट प्लान (जीपीडीपी/बीपीडीपी/ जेडपीडीपी) तैयार करने को लेकर जिला समन्वय समिति एवं जिला संसाधन दल की बैठक आयोजित की गयी। बैठक में सबसे पहले उप विकास आयुक्त दिनेश कुमार यादव द्वारा 'सबकी योजना सबका विकास अभियान' के तहत वित्तीय वर्ष 2023-24 के लिए पिपुल्स डेवलपमेंट प्लान (जीपीडीपी/ बीपीडीपी/ जेडपीडीपी) के संबंध में सदस्यों को विस्तृत जानकारी दी गयी। उन्होंने बताया कि इस अभियान के दौरान सभी ग्राम पंचायत वित्तीय वर्ष 2024-25 के लिए ग्राम पंचायत विकास योजना का निर्माण करेंगे। योजना का निर्माण ग्राम पंचायत स्तर पर क्रियान्वित की जाने वाली सभी प्रकार की योजनाओं को मिलाकर एक वार्षिक योजना के रूप में किया जाना है। इसमें पंचायती राज प्रभाग के साथ-साथ अन्य विभागों आदि से संबंधित योजनाओं को सम्मिलित किया जाना है। पंचायत समिति एवं जिला परिषद द्वारा भी अपनी वार्षिक योजना तैयार की जाएगी। उप विकास आयुक्त द्वारा सभी सदस्यों को सबकी योजना सबका विकास 2024-25 के मुख्य बिन्दुओं के संदर्भ में भी विस्तृत जानकारी दी गयी। अभियान के तहत सतत विकास लक्ष्यों के स्थानीयकरण के लिए निम्न 09 विषय क्षेत्र चिन्हित है, जिनके अनुसार ही योजनाओं का चयन किया जाना है।

- गरीबी मुक्त और उन्नत आजीविका पंचायत
- स्वस्थ पंचायत,
- बल हितैषी पंचायत
- जल पर्याप्त पंचायत
- स्वच्छ और हरित पंचायत
- बुनियादी ढांचा में आत्मनिर्भर
- सामाजिक रूप से संरक्षित पंचायत
- सुशासन वाली पंचायत
- महिला हितैषी पंचायत

ग्राम पंचायत विकास योजना वित्तीय वर्ष 2024-25 तैयार करने के संबंध में उप विकास आयुक्त श्री दिनेश कुमार यादव ने कहा कि समिति के सदस्य अपने अधीनस्थ क्षेत्रीय पदाधिकारियों को ग्राम पंचायतों में आयोजित होने वाली ग्राम सभा में निश्चित रूप में उपस्थित होने हेतु निदेशित करेंगे। साथ ही अपने विभाग से संबंधित उपयोगी योजनाओं को ग्राम पंचायत विकास योजना में सम्मिलित किये जाने हेतु योजनाओं की विवरणी ग्राम सभा को उपलब्ध कराना सुनिश्चित करेंगे। इस कार्य में संबंधित प्रखंड विकास पदाधिकारी की महत्वपूर्ण भूमिका होगी। उपविकास आयुक्त ने इस संबंध में जिला के सभी प्रखंड विकास पदाधिकारियों के साथ बैठक आयोजित करने के निदेश दिये।

ग्राम सभा, बाल सभा एवं महिला सभा के आयोजन को लेकर उपविकास आयुक्त ने समिति के सदस्यों को प्रत्येक ग्राम पंचायत में ग्राम सभा आयोजित होने से पूर्व बाल सभा एवं महिला सभा का आयोजन कराने हेतु अपने अधीनस्थ क्षेत्रीय पदाधिकारियों को निदेशित करने को कहा। साथ ही आयोजित बाल सभा एवं महिला सभा में स्वीकृत योजनाओं को अयोजित होने वाली ग्राम सभा को उपलब्ध कराने को कहा ताकि सभी महत्वपूर्ण योजनओं को सम्मिलित किया जा सके।


## झारखण्ड सरकार
## ग्रामीण कार्य विभाग
## मुख्य अभियंता का कार्यालय
## 102, द्वितीय तल्ला, अभियंत्रण भवन, कचहरी रोड, राँची

ई–अल्पकालीन पुनर्निविदा आमंत्रण सूचना

ई–अल्पकालीन पुनर्निविदा संख्या:- 298/RII/2023-24/RWD/KODERMA

दिनांक :- 16.10.2023

मुख्य अभियंता, ग्रामीण कार्य विभाग, झारखण्ड, राँची द्वारा निम्न विवरण के अनुसार e-procurement पद्धति से पैकेज के रूप में निविदा आमंत्रित की जाती है।

| क्र0 सं0 | आईडेन्टी फिकेशन संख्या/पैकेज संख्या | कार्य का नाम | प्राक्कलित राशि (रूपये में) अंक में | अक्षर में | कार्य समाप्ति की अवधि | टेण्डर कॉल नं0 |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. | RWD/ KODERMA/ 10/SRPKG-01/2022-23 | (i) हीरोडीह से सुगासांख भाया रेभनाडीह, कुशाहन तक पथ विशेष मरम्मति कार्य (लं– 7.850 कि0मी0)<br>(ii) बिरेन्द्र नगर से सुगासांख भाया पपरामो जोरी तक पथ का विशेष मरम्मति कार्य (लं– 7.600 कि0मी0)<br>(iii) जयनगर थाना मोड़ से उच्च विद्यालय जयनगर पथ की विशेष मरम्मति कार्य (लं– 1.200 कि0मी0)<br>(iv) तिलैया डैम पी0डब्लयू0डी पथ से तितरचांच पिंडरा भाया छोटकी धमराय तक विशेष मरम्मति कार्य (लं– 4.750 कि0मी0)<br>(v) एन0एच0 से पथलगढ़ा पथ का विशेष मरम्मति कार्य (लं– 1.300 कि0मी0) | 13,45,61,000.00 | तेरह करोड़ पैंतालीस लाख इकसठ हजार रू0 मात्र | 09 माह | तृतीय |

2.वेबसाईट में निविदा प्रकाशन की तिथि:– 20.10.2023

3.ई–निविदा प्राप्ति की अंतिम तिथि एवं समय:– 01.11.2023 अपराह्न 5.00 बजे तक।

4.निविदा खोलने की तिथि एवं समय:– 02.11.2023 अपराह्न 3.30 बजे।

5.निविदा आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी का नाम एवं पता:– मुख्य अभियंता, ग्रामीण कार्य विभाग, 102, द्वितीय तल्ला,अभियंत्रण भवन, कचहरी चौक, राँची, झारखण्ड, पिन– 834001

6.ई–निविदा प्रकोष्ठ का दूरभाष सं0– 0651–2913010

विस्तृत जानकारी के लिए वेबसाईट jharkhandtenders.gov.in में देखा जा सकता है।

नोडल पदाधिकारी
ई–प्रोक्युर्मन्ट सेल

PR 309304 Rural Work Department(23-24).D

## गागर में सागर

### रिम्स में डायलिसिस सेवा की हुई शुरूआत




**रांची।** रिम्स में पीपीपी मोड पर संचालित डायलिसिस यूनिट की शुरूआत हो गई है। मंगलवार से भर्ती मरीजों के लिए डायलिसिस शुरू हो गई है। रिम्स निदेशक डॉ राजीव गुप्ता, चिकित्सा अधीक्षक हीरेंद्र बिरुआ, चिकित्सा उपाधीक्षक डॉ शैलेश त्रिपाठी, नेफ्रोलॉजी की एचओडी डॉ प्रज्ञा घोष ने निरीक्षण किया। उन्होंने बताया कि वर्तमान में ट्रायल बेसिस में सिर्फ भर्ती मरीजों की डायलिसिस की जा रही है। ओपीडी बेसिस पर विधिवत उद्घाटन के बाद सेवा शुरू की जाएगी। 25 बेडों पर डायलिसिस की सेवा शुरू की जाएगी।

### बस्ता रहित शिक्षा के लिए मास्टर ट्रेनरों की कार्यशाला शुरू

**रांची।** झारखंड शैक्षिक अनुसंधान एवं परीक्षण परिषद (जेसीईआरटी) में मंगलवार को पूर्व व्यावसायिक शिक्षा एवं बस्ता रहित गतिविधियों पर जिलास्तरीय मास्टर ट्रेनर के लिए तीन दिवसीय कार्यशाला की शुरूआत हुई। यह कार्यशाला 19 अक्टूबर तक चलेगी। कार्यशाला में प्रत्येक जिले से तीन तीन मास्टर ट्रेनर शामिल होंगे, जो प्रशिक्षण प्राप्त कर अपने अपने जिलों में शिक्षकों को दो दिनों का प्रशिक्षण देंगे। कार्यशाला को संबोधित करते हुए कार्यक्रम समन्वयक स्वपनिल कुजूर ने उपस्थित शिक्षकों को स्कूली बच्चों को व्यावसायिक शिक्षा के प्रति मार्गदर्शित करने एवं विभिन्न कौशल से पारंगत प्रशिक्षकों द्वारा बच्चों के संपूर्ण विकास पर जोर दिया। कार्यशाला में मास्टर ट्रेनरों को 11 तरह के व्यावसायिक शिक्षा पर प्रशिक्षण दिया जा रहा है। इसमें विशेष तौर पर बच्चों को इंडस्ट्रियल विजिट पर ले जाने का भी निर्देश दिया गया।

### प्रदेश भाजपा ने नेता प्रतिपक्ष अमर बाउरी को दी बधाई

**रांची।** भाजपा झारखंड के नव मनोनीत नेता विधायक दल अमर कुमार बाउरी को झारखंड विधानसभा सचिवालय द्वारा नेता प्रतिपक्ष की मान्यता प्रदान किए जाने पर प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी ने बधाई दी है। मरांडी ने कहा कि भाजपा सदन में राज्य के लोक कल्याणकारी मुद्दों, जनहित के सवालों तथा हेमंत सरकार की विफलताओं को और मजबूती के साथ उजागर करेगी। भाजपा क्षेत्रीय संगठन महामंत्री नागेंद्र त्रिपाठी, प्रदेश संगठन महामंत्री कर्मवीर सिंह, प्रदेश महामंत्री सांसद आदित्य साहू, डॉ प्रदीप वर्मा, बालमुकुंद सहाय, उपाध्यक्ष गंगोत्री कुजूर, विनोद शर्मा, सुनील सिंह, नीलकंठ सिंह मुंडा, अपर्णा सेन गुप्ता, प्रदेश मंत्री सुबोध सिंह गुड्डू, काजल प्रधान, शमीर्ला रजक, मुनेश्वर साहू, रीता मिश्रा, कोषाध्यक्ष दीपक बंका, कार्यालय मंत्री हेमंत दास, सूरज चौरसिया सहित प्रदेश के पदाधिकारियों एवं मोर्चा अध्यक्षों ने भी अमर बाउरी को बधाई दी है। प्रदेश महामंत्री एवं मुख्यालय प्रभारी डॉ प्रदीप वर्मा ने कहा कि नेता प्रतिपक्ष अमर कुमार बाउरी अभी छत्तीसगढ़ विधानसभा चुनाव के मद्देनजर सांगठनिक प्रवास पर हैं। वे 18 अक्टूबर की शाम चार बजे सेवा विमान से रांची हवाई अड्डा पहुंचेंगे। एयरपोर्ट से बाउरी प्रदेश भाजपा कार्यालय पहुंचेंगे, जहां प्रदेश के नेता और कार्यकर्ता उनका स्वागत करेंगे।

### डीएसपीएमयू में माइक्रोबायोलॉजी साइंस एग्जिबिशन और रंगोली प्रतियोगिता

**रांची।** डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी विश्वविद्यालय (डीएसपीएमयू) के माइक्रोबायोलॉजी तथा वनस्पति विज्ञान विभाग एवं माइक्रोबायोलॉजी सोसाइटी आफ इण्डिया के संयुक्त तत्वावधान में मंगलवार को माइक्रो बायोलॉजी साइंस एग्जिबिशन तथा रंगोली प्रतियोगिता में विद्यार्थियों ने विविध आयामों से लोगों को परिचित कराया। विश्वविद्यालय के विभिन्न विभागों के लगभग 150 विद्यार्थियों ने इस प्रदर्शनी एवं रंगोली प्रतियोगिता में उत्साह के साथ भाग लिया। इस अवसर पर विद्यार्थियों का उत्साहवर्धन करते हुए डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. डॉ. तपन कुमार शांडिल्य ने कहा कि इस प्रकार के कार्यक्रमों से विद्यार्थियों की छिपी हुई प्रतिभा लोगों के समक्ष आती हैं। उन्होंने कहा कि विश्वविद्यालय अपनी ओर से इस प्रकार के कार्यक्रमों के लिए हर संभव सहयोग करेगा। विश्वविद्यालय की कुलसचिव डॉ. नमिता सिंह ने कहा कि इस प्रकार के कार्यक्रमों से विद्यार्थियों की वैज्ञानिक क्षमता का विकास होता है। स्नातकोत्तर वर्ग में माडल प्रस्तुति में एम.एससी. माइक्रोबायोलॉजी के तृतीय सेमेस्टर की निधि सिंह, अर्चना कुमारी, जयशीला मराण्डी और रिंकू कुजूर को माइक्रोबियल फ्यूल सेल के लिए प्रथम पुरस्कार प्राप्त हुआ। एम.एससी. पर्यावरण विभाग के द्वितीय सेमेस्टर के अभिषेक कुमार शर्मा, गिरीश मंडल और देव कुमार को प्लाउडीकल्चर के लिए द्वितीय पुरस्कार प्राप्त हुआ।

## 72 वां श्री सुंदरकांड श्री हनुमान चालीसा पाठ का आयोजन



**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

दीन दयाल विरुद्ध संभारी हरहु नाथ मम संकट भारी जो यह पढ़े हनुमान चालीसा हुए सिद्धि साखी गौरीसा तुलसीदास सदा हरि चेरा कीजै नाथ हृदय महु डेरा के सुरताल से हरमू रोड का श्री श्याम मंदिर गूंज रहा था। अवसर था 72 वां श्री सुंदरकांड श्री हनुमान चालीसा के संगीतमय पाठ का। श्री श्याम मित्र मंडल के द्वारा हरमू रोड के श्री श्याम मंदिर में प्रत्येक मंगलवार को होने वाला 72 वा कार्यक्रम आज धूमधाम से संपन्न हुआ। सुनील मोदी आशा मोदी ने हनुमान जी महाराज की दिव्य अखंड पावन ज्योति प्रज्वलित करके केसरिया पेड़ा गुड़ चना संतरा फल का प्रसाद अर्पित कर परिवार के लिए खुशहाली की प्रार्थना की। मंडल के उपमंत्री अनिल नारनोली ने पूजन अनुष्ठान विधिवत संपन्न करवाया। श्रवण ढानढनिया ने चना प्रसाद की सेवा निवेदित की। सुनील मोदी आशा मोदी ने रामचरितमानस ग्रंथ व पाठ वाचको का चंदन वंदन किया। श्री गणेश वंदना करके हनुमान चालीसा का पाठ किया गया। पाठ वाचक मनीष सारस्वत ओम शर्मा ने अपने सहयोगियों के साथ ढोलक डफली झांझ करताल के सुरताल के साथ श्री सुंदरकांड का पाठ प्रारंभ किया। मंदिर परिसर में उपस्थित भक्तों ने भक्ति भाव से सामूहिक रूप से पाठ किया। पाठ के मध्य में भजनों का गायन भी किया गया। बजरंगबली की जय जयकारों से हरमू रोड गूंज रहा था। पाठ के समापन के बाद श्री हनुमान चालीसा का संगीतमय संकीर्तन करके महाआरती की गई। सभी भक्तजनों को केसरिया पेडा चना गुड़ संतरा फल व नारियल का प्रसाद वितरित किया गया। इस अवसर पर मंडल के अध्यक्ष सुरेश सरावगी महामंत्री विश्वनाथ नारसरिया श्रवण ढानढनिया स्नेह पोद्दार श्याम सुंदर जोशी आदि उपस्थित थे।

**बुधवार को केशर तिलक श्रृंगार**

खाटू नरेश का केसर चंदन तिलक श्रृंगार बुधवार दिनांक 18 10 को होगा संध्या 4:30 बजे भक्तों को केशर चंदन तिलक श्रृंगार के दर्शन होंगे।

**शनिवार को श्री श्याम भंडारा**

21 अक्टूबर शनिवार को हरमू रोड के श्री श्याम मंदिर में 84 वा श्री श्याम भंडारा सायं 5:00 बजे से होगा। मंडल के अध्यक्ष सुरेश सरावगी ने भक्तों का आमंत्रित किया है। उपरोक्त जानकारी मंडल के मंत्री गौरव अग्रवाल मोनू ने दी।

### सीआरपीएफ जवान को चालक ने पीटकर छीन लिया चेन

**रांची।** रांची के मेन रोड सुजाता चौक के पास किराया को लेकर हुए विवाद में सीआरपीएफ जवान की चालक ने पीटकर उनके गले से सोने का चेन लूट लिया। घटना रविवार की है। इस संबंध में जवान बी सुरेश कुमार ने चुटिया थाने में प्राथमिकी दर्ज करायी है। बी सुरेश ने पुलिस को बताया कि वह तमिलनाडु के चेन्नई का रहने वाले हैं। रविवार की दोपहर वह हिंदू चौक से ई रिक्शा से सुजाता चौक आए। चालक से भाड़ा को लेकर उनसे विवाद हो गया। दोनों के बीच तू-तू-मैं-मैं भी हुई। किराया का भुगतान कर वह सुजाता चौक से वापस कैंट जा रहा था। इसी दौरान चालक अपने तीन साथियों के साथ पहुंचा और उनके साथ मारपीट शुरू कर दी। उनके गले से सोने का चेन लूट लिया। इसके बाद सभी आरोपी मौके से फरार हो गए। घटना के बाद वह सीधे चुटिया थाना पहुंचे और मामला दर्ज कराया। दर्ज प्राथमिकी के आधार पर पुलिस मामले की जांच में जुट गई है।

## रांची में भाजयुमो ने अमृत कलश में पवित्र मिट्टी संजोया



**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

भाजयुमो कला एवं खेल प्रकोष्ठ रांची महानगर ने मंगलवार को मेरी माटी मेरा देश कार्यक्रम के तहत अमृत कलश में पवित्र मिट्टी एकत्रित किया। इसमें बरियातू के डीएवी पब्लिक स्कूल, सेंट्रल एकेडमी स्कूल के छात्र और नृत्य प्रशिक्षण केंद्र के कलाकारों ने हिस्सा लिया। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि भाजयुमो कला एवं खेल प्रकोष्ठ रांची महानगर के संयोजक आशुतोष द्विवेदी, डीएवी पब्लिक स्कूल के प्राचार्य वीके पांडेय, सेंट्रल एकेडमी स्कूल की प्राचार्य सुतपा भट्टाचार्य, नृत्य प्रशिक्षण ₹डांस वांसर₹ के निदेशक शिवम मनोहर ने संयुक्त रूप से किया। मौके पर आशुतोष द्विवेदी ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने शहीदों की कुबार्नी को सहेजने के लिए अमृत वाटिका के निर्माण का निश्चय किया है। अमृत वाटिका के निर्माण के लिए देश के प्रत्येक घर से मिट्टी संग्रह करने का मुख्य उद्देश्य है कि शहीदों के स्मृति के लिए वाटिका में देश के हर व्यक्ति का योगदान हो। इस मौके पर मुख्य रूप से अमित कुमार, अनूप पांडेय, पल्लवी कुमारी, अंकिता चौरसिया, राखी सिंह, लक्ष्मी बाला आदि कई लोग उपस्थित थे।

### रांची में अब हो सकेगा कैंसर के मरीजों का फ्री इलाज

**रांची।** झारखंड में रांची पहला जिला होगा, जहां के सदर अस्पताल में कैंसर विशेषज्ञ डॉक्टर मरीजों का इलाज करेंगे। कैंसर मरीजों के लिए यह बड़ी बात है कि अब जिला मुख्यालय में ही कैंसर मरीजों का मुफ्त इलाज हो पायेगा। जिला में कैंसर के इलाज के लिए डॉक्टर नहीं होने के कारण पहले इलाज नहीं हो पाता था। अस्पताल के पांचवें तल्ले पर डेडिकेटेड कैंसर वार्ड होगा। यहां कैंसर के मरीज का डे केयर के साथ ही मेडिकल, सर्जिकल अंकोलॉजी के साथ एक ही छत के नीचे उपचार होगा। अभी रक्त विकार से जुड़े मरीज का ओल्ड बिल्डिंग के तीसरे तल्ले पर इलाज होता है। दुर्गा पूजा के बाद सुबह 11 बजे से दोपहर के 3:00 बजे तक कैंसर मरीजों के लिए ओपीडी सेवा के साथ ही वार्ड में भर्ती की सुविधा उपलब्ध रहेगी। इससे रिम्स में रोगियों का दबाव काफी हद तक कम हो जायेगा। अस्पताल प्रबंधन के अनुसार, अब मरीजों को डे केयर में कीमोथेरेपी, इम्यूनोथेरेपी के साथ टारगेटेड थेरेपी जैसी उपचार की सुविधा मिलेगी। आयुष्मान कार्डधारियों के कैंसर मेडिकल मैनेजमेंट सहित अन्य पैकेज में यह सेवा मुफ्त होगी। निजी संस्थानों में एक कीमोथेरेपी पर महंगी दवा के अलावा 5-7 हजार रुपये का खर्च आता है। एक मरीज को ऑपरेशन के पहले से बाद तक औसतन 12 कीमोथेरेपी से गुजरना पड़ता है। वार्ड के अंदर अत्याधुनिक उपकरणों के साथ ही ऑक्सीजन सपोर्टेड बेड होंगे।

# सीएम ने नगर निगम के कर्मी को सौंपा दो लाख का चेक

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**



मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन ने मंगलवार को कांके रोड रांची स्थित मुख्यमंत्री आवासीय कार्यालय में रांची नगर निगम के दिवंगत आउटसोर्स कर्मी विशाल उरांव के परिजनों को आर्थिक सहायता के के रूप में दो लाख रुपये का चेक सौंपा। साथ ही उन्होंने विशाल उरांव के परिजनों के प्रति गहरी संवेदना व्यक्त की। मुख्यमंत्री ने कहा कि विशाल उरांव के असामयिक निधन से हम सभी लोगों को काफी दुःख हुआ है। सोरेन ने विशाल उरांव के परिजनों को भरोसा दिलाया है कि राज्य सरकार उनकी हर संभव मदद करेगी। परिवार को जल्द सामाजिक सुरक्षा के दायरे से जोड़ा जाएगा। विशाल कुमार के परिवार को जो भी होगा हर तरह मदद के लिए तैयार रहेगी। उल्लेखनीय है कि रांची के कुम्हार टोली, केशव नगर निवासी विशाल उरांव का बीते 27 सितंबर को (पुरी) ओडिशा में समुद्र तट पर नहाने के दौरान डूबने से निधन हो गया था। विशाल उरांव रांची नगर निगम अंतर्गत आउटसोर्सिंग कंपनी के कर्मी थे तथा कांके रोड रांची स्थित मुख्यमंत्री आवास में माली के पद पर कार्यरत थे। इस मौके पर स्व. विशाल उरांव की मां नन्दनी देवी, बड़े भाई रवि उरांव सहित अन्य परिजन उपस्थित थे।

### 185 साल पुराना है रांची में दुर्गा पूजा का इतिहास

**रांची।** राजधानी में दुर्गा पूजा का इतिहास करीब 185 वर्ष पुराना है। सबसे पहले वर्ष 1839 में मां की प्रतिमा स्थापित कर पूजा की शुरूआत रातू किला में हुई थी। इसके बाद 1882 में जिला स्कूल परिसर में दुर्गोत्सव मनाया गया। ठीक एक वर्ष 1883 में दुगार्बाड़ी में पूजा शुरू हुई जो, आज भी जारी है। महानगर दुर्गा पूजा समिति के कार्यकारी अध्यक्ष प्रदीप राय चौधरी ने बताया कि दुगार्बाड़ी के आस पास रहनेवाले कुछ बंगाली परिवार ने यह जमीन पूजा स्थल के लिए दान में दी थी। इसके बाद यहां मंडप का निर्माण हुआ। बाद में मंदिर की स्थापना हुई। यहीं से अन्य जगहों पर दुर्गोत्सव मनाने का सिलसिला शुरू हुआ। 1970 के करीब राजधानी में पंडालों की संख्या बढ़ने लगी। रांची जिला दुर्गा पूजा समिति के अध्यक्ष अशोक कुमार चौधरी ने कहा कि पहले दुगार्बाड़ी के अलावा ढ़िबरी पट्टी, महावीर चौक दुर्गा मंदिर, कोकर और बिहार क्लब में दुर्गा पूजा मनायी जाती थी।

## सदर अस्पताल के पांचवें तल्ले से कूदी महिला, मौत



**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

रांची के सदर अस्पताल के पांचवें तल्ले से मंगलवार को अचानक एक महिला कूद गयी। गिरने की वजह से वह गंभीर रूप से जख्मी हो गयी। आनन-फानन में महिला को मौके पर मौजूद लोगों ने अस्पताल के इमरजेंसी वार्ड में भर्ती कराया, जहां से प्राथमिक उपचार के बाद महिला को रिम्स रेफर किया गया, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। इसके बाद उसका पोस्टमार्टम किया गया। महिला की पहचान रामगढ़ निवासी शहदेव मंडल की पत्नी सुनीता उर्फ सुमंती देवी के रूप में हुई है। बताया जाता है कि महिला पिछले नौ अक्टूबर से सदर अस्पताल के पांचवें तल्ले में भर्ती थी। महिला के पति ने पुलिस को बताया कि वह कुछ सालों से लगातार बीमार पड़ रही थी। एक बीमारी ठीक होने के बाद दूसरी बीमारी हो जा रही थी। डेढ़ माह पहले थायराइड के कारण उसे रिम्स में भर्ती किया गया था, जहां करीब 15-20 दिनों तक उसका इलाज चला था। सालों से दवा खाने की वजह से वह लगातार तनाव में रहती थी। लोअर बाजार पुलिस ने बताया कि महिला का पोस्टमार्टम कराया गया और परिजनों को सौंप दिया गया।

## झारखंड में औषधीय पौधों के व्यावसायिक उत्पादन की व्यापक संभावनाएं : डॉ. मनीष




**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

झारखंड में औषधीय एवं सुगंधित पौधों के व्यावसायिक उत्पादन की व्यापक संभावनाएं हैं। समृद्ध जैवविविधता के कारण इस राज्य में हजारों ऐसी उपयोगी पादप प्रजातियां उपलब्ध हैं जिनकी वैज्ञानिक ढंग से व्यावसायिक खेती, प्रसंस्करण और विपणन का कार्य किया जा सकता है। उपरोक्त विचार आईसीएआर के औषधीय एवं सगन्धीय पादप अनुसंधान निदेशालय, आनन्द (गुजरात) के निदेशक एवं परियोजना समन्वयक डॉ मनीष दास ने व्यक्त किये। डॉ दास आईसीएआर के सहयोग से बिरसा कृषि विश्वविद्यालय में चल रही औषधीय एवं सगन्धीय पौधों संबंधी अखिल भारतीय समन्वित अनुसंधान परियोजना की प्रगति की मॉनिटरिंग के लिए दो दिवसीय दौरे पर रांची आए थे। उन्होंने कहा कि औषधीय और व्यावसायिक रूप से महत्वपूर्ण एलोवेरा, गिलोय, सर्पगंधा, पिपली, अश्वगंधा और शतावरी जैसी 10-12 फसलों पर विश्वविद्यालय को अपना शोध प्रयास केंद्रित करना चाहिए ताकि इन फसलों को व्यवसायिक स्तर पर बढ़ावा देने के योजनाबद्ध प्रयास हो सकें। उन्होंने कहा कि यह परियोजना देश के 26 कृषि विश्वविद्यालय और शोध संस्थानों में चल रही है किंतु बीएयू केंद्र पर हो रहा काम देश के सर्वोत्तम केन्द्रों में से एक है। परियोजना के प्रधान अन्वेषक डॉ कौशल कुमार ने औषधीय पौधों के संरक्षण, प्रयोग, प्रोसेसिंग और मार्केट से लिंक करने की दिशा में महत्वपूर्ण कार्य किया है इसलिए मॉनिटरिंग टीम यहां के कार्यों से बहुत संतुष्ट है। मॉनिटरिंग टीम ने औषधीय पौधों की खड़ी फसल, गिलोय के प्रायोगिक प्रक्षेत्र, गिलोय प्रसंस्करण केंद्र तथा एथनोमेडिसिनल प्लांट जर्म प्लाज्म बैंक का भ्रमण किया तथा बेहतरी के लिए आवश्यक सुझाव दिए। इस विषय पर बीएयू के अनुसंधान निदेशक डॉ पीके सिंह से भी चर्चा की। टीम में निदेशालय के प्रधान वैज्ञानिक डॉ पीएल शरण, वैज्ञानिक डॉ अकुला चिनापौलैया रेड्डी, डॉ गणेश एन खड़के तथा मनीष कुमार मित्तल भी शामिल थे।

### बिहार क्लब में श्रद्धालुओं को दिखेगी इंद्रधनुषी छटा

# मुख्य द्वार पर भगवान सूर्य करेंगे स्वागत

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**



बिहार क्लब दुर्गा पूजा समिति द्वारा निर्मित मूर्ति और पंडाल इस वर्ष श्रद्धालुओं के लिए विशेष आकर्षण का केंद्र होगा। समिति के कार्यकारी अध्यक्ष राजन वर्मा ने दावा किया कि मुख्य द्वार पर भगवान सूर्य श्रद्धालुओं का स्वागत करेंगे। लाइटिंग की ऐसी व्यवस्था की गई है कि उनके मुख के चारो ओर दहकते हुए अंगारे जैसी रोशनी दिखाई देगी। सामने की ओर बांस से बहुत ही महीन नक्काशी की गई है। भगवान के दोनों ओर दो गोलाकार मेहराबनुमा आकृति बनाई गयी है, जो लोगों को अपनी ओर आकर्षित करेंगे। वहीं अंदर प्रवेश करते ही इंद्रधनुषी छटा दिखाई देगी। मां के नजदीक आने से पहले ही सीलिंग पर दर्जनों लगे झुमरों में की गई लाइटिंग पंडाल को और भी मनमोहक बनाएगी। राजन वर्मा ने बताया कि मां प्रतिमा 14 फीट की है वहीं पूरा पंडाल करीब 40 फीट का है। लाइटिंग पर विशेष खर्च किया गया है, नगर निगम तक सड़क के दोनों ओर गेट बनाए गए हैं, उन्हें सजाया जा रहा है। रंगबिरंगी लाइट्स लगाए जा रहे हैं। 4 बड़े गेट बनाए गए हैं जिस पर बड़े-बड़े लाइट्स लगाए जाएंगे। उन्होंने बताया कि पिछले दो महीने से 50 कारीगर दिन रात काम कर रहे हैं। बाहर का गेट और अंदर की कुछ नक्काशी कोलकत्ता से ही बन कर आयी है। कार्यकारी अध्यक्ष राजन वर्मा ने बताया कि निर्माण पर करीब 25-27 लाख का खर्च आया है।

**सुरक्षा व्यवस्था-** कार्यकारी अध्यक्ष राजन वर्मा ने बताया कि श्रद्धालुओं की भीड़ को देखते हुए 20 सुरक्षाकर्मी तैनात किए जाएंगे, पूरे परिसर की सीसीटीवी से निगरानी की जाएगी। इसके अतिरिक्त पूजा पंडाल में समिति के स्वयंसेवक भी मुस्तैदी से काम में डटे रहेंगे। समिति के अध्यक्ष ने बताया कि पंडाल का पट षष्ठी को खुलेगा।

### दुर्गा पूजा में रातभर इन रूटों पर श्रद्धालुओं के लिए चलेंगी सिटी बस

**रांची।** दुर्गोत्सव के सफल आयोजन की तैयारी में नगर निगम जुट गया है। पूजा पंडालों के आसपास तीन शिफ्टों में सफाई की जा रही है। वहीं खराब पड़ी स्ट्रीट लाइट की मरम्मत के साथ खुले नालों को स्लैब से ढंका जा रहा है। दूसरी ओर पूजा में शहर के आसपास से राजधानी आनेवाले श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए नगर निगम की 40 सिटी बसें रात भर चलायी जायेंगी। इन बसों में 10 रुपये किराया देकर लोग अपनी पसंद के पूजा पंडाल तक जा सकते हैं। निगम की सिटी बसें पूजा के दौरान पांच रूटों पर चलेंगी। ये रूट ऐसे होंगे, जिसमें प्रशासन द्वारा बैरिकेडिंग नहीं की जायेगी। इसके तहत बूटी मोड़ से करमटोली होते हुए रामगढ़ ट्रैकर स्टैंड, कांके से जाकिर हुसैन पार्क, रामपुर से नामकुम होते हुए कांटाटोली, धुर्वा से होटल रेडिशन ब्लू होते हुए कांटाटोली चौक, तुपुदाना से रेडिशन ब्लू होते हुए कांटाटोली चौक तक चलेंगी।

### दो दिवसीय एकल संगिनी लाइफस्टाइल प्रदर्शनी का समापन

# इस तरह की प्रदर्शनी से महिलाओं को एक प्लेटफॉर्म मिलता है : रिया

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**



रांची महिला समिति के तत्वावधान में डंगराटोली स्थित स्वर्णभूमि बैंक्वेट्स में दो दिवसीय एकल संगिनी लाइफस्टाइल प्रदर्शनी का समापन हो गया। मंगलवार को इस प्रदर्शनी में मुख्य अतिथि के रूप में फेमिना मिस इंडिया रिया तिर्की उपस्थित थी। उन्होंने विभिन्न स्टॉलों का भ्रमण किया और खरीदारी भी की। मौके पर उन्होंने आयोजन समिति के लोगों को प्रोत्साहित करते हुए कहा कि इस तरह की प्रदर्शनी से महिलाओं को एक प्लेटफॉर्म मिलता है। रांची महिला समिति आदिवासी क्षेत्रों में बेहतर काम कर रही है। समिति के लिए जो भी मदद होगा, मैं इसके लिए उपस्थित रहुंगी। इस दो दिवसीय प्रदर्शनी में लोगों ने दुर्गा पूजा और दीवाली को देखते हुए सामानों की खरीदारी की। प्रदर्शनी में दोपहर दो बजे से शाम चार बजे तक हैप्पी आवर्स के दौरान उपस्थित लोगों के लिए ऑफर्स का लाभ उठाया। विशेष छूट और ऑफर में लोगों ने जमकर खरीदारी की। डायमंड ज्वेलरी, इमीटेशन ज्वेलरी, लखनऊ की चिकनकारी, कोलकाता का फैशन, टस्सर सिल्क के उत्पाद, बच्चों के परिधान, सौंदर्य उत्पाद, उपहार आइटम, एकल उत्पाद, गृह सज्जा और हेल्थ-वैलनेस के उत्पाद एकल संगिनी के प्रदर्शनी में शामिल था। एकल संगिनी की संयोजक सुनीता महनसरिया ने कहा कि वनबंधु परिषद् की महिला समिति एक सक्रिय शाखा है और आदिवासी समाज के विकास के क्षेत्र में काम करती है। एकल संगिनी, रांची महिला समिति की एक पहल है।

## गागर में सागर

### देवघर में हथियार बंद डकैतों ने बंधक बनाकर गहने और कैश लूटे

**देवघर।** देवघर जिले के देवीपुर थाना स्थित पैसापुर गांव में सोमवार रात हथियार बंद डकैतों ने एक कारोबारी के परिवार को बंधक बनाकर डाका डाला। आठ से दस की संख्या में आये डकैतों ने सबसे पहले घर में लगे सीसीटीवी के डीवीआर को क्षतिग्रस्त किया। साथ ही गृह स्वामी बालेश्वर मंडल के बेटे के साथ मारपीट की।इसके बाद डकैतों ने परिवार वालों को बंधक बनाया घर पर रखे सारे गहने और 10-12 लाख नकद लूटकर भाग निकले। ग्रामीण जब उन डकैतों का पीछा करने लगे तो उन्होंने धारदार हथियार फेंककर हमला किया। साथ ही ताबड़तोड़ फायरिंग भी की। सूचना मिलने पर देवीपुर थाना प्रभारी धनजंय सिंह और सदर एसडीपीओ दल बल के साथ मौके पर पहुंचे हैं और मामले की जांच में जुट गए हैं।

### गिरिडीह : बेंगाबाद में घर के बाहर खड़ी बोलेरो की चोरी, थाना में शिकायत

**गिरिडीह।** बेंगाबाद थाना क्षेत्र के बिशनपुर में घर के बाहर खड़े बोलेरो वाहन की चोरी हो गई. इस संबंध में वाहन मालिक रोहित मंडल ने बेंगाबाद थाना में लिखित शिकायत दी है. थाने में दिए अवोदन में उन्होंने कहा है कि सोमवार की रात वह अपनी बोलेरो संख्या खल्र 10 अर 3944 को एनएच 114 ए के किनारे स्थित अपनी मिठाई दुकान के बगल स्थित अपने संबंधी रविकांत मंडल के घर के सामने खड़ी की थी. मंगलवार की सुबह जब वह होटल खोलने पहुंचे तो वाहन गायब मिला. काफी खोजबीन के बाद भी वाहन का कहीं पता पता नहीं चल पाया. उन्होंनेद पुलिस से वाहन को खोज निकालने और चोरों की पहचान कर उनके खिलाफ कार्रवाई का अनुरोध किया है.

### जमशेदपुर : बालू लदे चार ट्रक जब्त, जांच में जुटी पुलिस

**जमशेदपुर।** जमशेदपुर के सोनारी पुलिस ने डोबो पुल के पास बालू लदे चार ट्रक (407) को जब्त किया है. पुलिस सभी ट्रक को जब्त कर थाना ले गई. इधर, पुलिस ने ट्रक मालिक से बालू से संबंधित कागजों की मांग की है. कागजात नहीं मिलने पर आगे की कार्रवाई की जाएगी. जानकारी के अनुसार पुलिस को गुप्त सूचना मिली थी कि डोबो पुल से होते हुए कई ट्रक बालू शहर में प्रवेश करते हैं. सूचना पर पुलिस ने छापेमारी की और ट्रक को जब्त कर लिया. फिलहाल पुलिस मामले की जांच कर रही है.

### जमशेदपुर : अज्ञात वाहन की चपेट में आकर युवक की मौत

**जमशेदपुर।** बहरागोड़ा थाना क्षेत्र स्थित मटियाल के पास एनएच 49 पर आज मंगलवार दोपहर अज्ञात वाहन की चपेट में आने से एक युवक की मौत हो गयी. युवक की पहचान खंडमौदा हरिजन टोला निवासी शिबू कालिंदी (22) के रूप में हुई है. जानकारी के अनुसार, शिबू कालिंदी सर्विस सेंटर में गाड़ी धोने का काम करता था. वह सर्विस सेंटर से काम करके पैदल घर जा रहा था. तभी अचानक वह किसी अज्ञात वाहन की चपेट में आ गया. घटना की जानकारी पाकर पुलिस घटनास्थल पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए अस्पताल भेज दिया. पुलिस मामले की जांच में जुटी हुई है.

### मनोहरपुर : कृषि कार्यशाला 125 किसान मित्रों को मिला प्रशिक्षण

**चाईबासा।** मनोहरपुर प्रखंड के एग्री स्मार्ट ग्राम बरंगा में 10 दिवसीय कृषि प्रशिक्षण कार्यशाला का आयोजन किया गया था. मंगलवार को कार्यशाला का समापन हो गया. इस प्रशिक्षण में बरंगा ग्राम अंतर्गत 125 किसान मित्रों को प्रशिक्षण दिया गया. प्रशिक्षक के रूप में उपस्थित पौधा संरक्षण पर्यवेक्षक नंदलाल बाड़ा, प्रखंड तकनीकी प्रबंध आभास चक्रपाणि, उद्यान मित्र मनबोध महतो ने प्रगतिशील किसान मित्रों को आधुनिक तकनीकी से कृषि कार्य का प्रशिक्षण दिया. प्रशिक्षण कार्यशाला में ग्राम मुण्डा बिपीन चन्द्र महतो, रमाकान्त महतो, पंचायत समिति सदस्य प्रकाश होनहागा, वार्ड सदस्य रानी महतो एवं कृषक मित्र हरिहर महतो, जेराई हेम्ब्रोम, जेमा मुण्डा, कनक लता महतो, उच्छव कुमार महतो एवं अन्य कृषक उपस्थित थे.

### स्कूली बच्चों ने किया जल सत्याग्रह

**बोकारो।** कसमार प्रखंड के सुदूरवर्ती रघुनाथपुर में उत्क्रमित उच्च विद्यालय तक पहुंचने के लिए रास्ते की मांग लगातार की जा रही है. कई साल से प्रशासनिक अधिकारियों से लेकर स्थानीय सांसद, विधायक और पंचायत प्रतिनिधियों से विद्यालय प्रबंधन ने मांग की. अब विद्यालय के बाल संसद एवं यूको क्लब के बच्चों ने रास्ता बनाने के लिए जल सत्याग्रह शुरू कर दिया है. बाल संसद के बच्चों का कहना है कि किसी भी हाल में अब रास्ता हम बच्चे ही बनाएंगे. इसके लिए हर रोज कुछ देर के लिए जल सत्याग्रह कर स्थानीय प्रशासन से लेकर विभाग की अनदेखी की जानकारी सभी को देंगे. बाल संसद के बच्चों ने बैंक अकाउंट भी जारी किया है, जिसके माध्यम से हर आम से खास लोगों से चंदा व सहयोग राशि भेजने का आग्रह किया है. इसमें बच्चे सांसद, विधायक, डीसी, डीडीसी, एसडीओ, बीडीओ, सीओ से लेकर जिला परिषद सदस्य, प्रमुख, बीस सूत्री अध्यक्ष, मुखिया, पंसस, वार्ड सदस्य व गणमान्य लोगों से सहयोग की अपील करेंगे.

### स्वच्छता ही सेवा व मेरी माटी मेरा देश विषयों पर चित्रांकन प्रतियोगिता

# बीमारियों से बचने के लिए स्वच्छ रहना जरूरी : प्राचार्य




नवीन मेल संवाददाता

**शिकारीपाड़ा(दुमका)।** केंद्रीय संचार ब्यूरो , दुमका द्वारा आज दिनांक 17 अक्टूबर, 2023 को स्वच्छता ही सेवा व मेरी माटी मेरा देश इत्यादि विषयों पर निबंध लेखन, रंगोली व चित्रांकन प्रतियोगिता आयोजित किया गया। इस अवसर पर बोलते हुए भावेश कुमार, प्राचार्य, प्लस टू हाई स्कूल, शिकारीपाड़ा , दुमका ने कहा कि हमें अपने घर के आसपास हमेशा स्वच्छता बनाए रखनी चाहिए, यह हमारे जीवन में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है तथा साफ और स्वच्छ रखने से हम खुद को बीमारियों से दुख दूर रख सकते हैं। प्राचार्य महोदय ने आगे कहा कि अपने घर और अपने परिवेश को स्वच्छ बना कर ही हम महात्मा गांधी के स्वच्छ भारत के सपने को साकार कर सकते हैं। रामानंद घोष, शिक्षक , हाई स्कूल शिकारीपाड़ा, दुमका ने कहा कि बीमारियों से बचने के लिए स्वच्छता को जरूरी है । घोष ने आगे कहा कि स्वच्छता के प्रति जागरूक रहना और अपने परिवेश को साफ रखना हमें अपने दिनचर्या का हिस्सा बना लेना चाहिए। सिद्धार्थ शंकर दे , शिक्षक हाई स्कूल शिकारीपाड़ा, दुमका ने कहा कि ₹मेरी माटी मेरा देश₹ अभियान देश को एक कड़ी में जोड़ने का एक अभिनव प्रयास है। आज के कार्यक्रम में शिक्षक श्री छोटू कुमार व केंद्रीय संचार ब्यूरो के तकनीकी सहायक अधिकारी एम आलम की भी महत्वपूर्ण भूमिका रही। चित्रांकन निबंध प्रतियोगिता और रंगोली प्रतियोगिता में बच्चों ने बढ़ चढ़कर भाग लिया। विजेता प्रतिभागियों को कल पुरस्कृत किया जाएगा। हाई स्कूल शिकारीपाड़ा दुमका में आयोजित होने वाले कल मुख्य कार्यक्रम में माननीय सांसद दुमका सुनील सोरेन जी मुख्य अतिथि के रूप में शामिल होंगे।

### मृत मासूम बच्चों के प्रति भाजपा कार्यकर्ताओं ने जताया शोक

**हजारीबाग।** लोटवा डैम में डूब कर मरे बच्चों की खबर सुनकर विधायक मनीष जायसवाल मर्माहत हैं. उन्होंने रायपुर छत्तीसगढ़ से अपने शोक संवेदना में कहा कि छह मासूम बच्चों के लोटवा डैम में डूबने की घटना ने पूरे जिले को झकझोर कर रख दिया है. इस दुःख की घड़ी में उन्होंने मृतकों के परिजनों के साथ बताया. उन्होंने कहा कि बच्चों पर अभिभावकों एवं स्कूल प्रबंधक को पैनी नजर रखनी चाहिए ताकि भविष्य में ऐसे भीषण हादसा की पुनरावृत्ति नहीं हो. भाजपा प्रदेश कार्यसमिति सदस्य अनिल मिश्रा ने कहा कि भगवान मासूम बच्चों को अपने चरणों मे जगह दें तथा शोकाकुल परिजनों को इस दुःख कि घडी में संबल प्रदान करें. वहीं भाजपा नेता बटेश्वर प्रसाद मेहता ने कहा कि परिजनों को हर संभव पार्टी सहायता करेगी और इस दुःख की घड़ी में हम सब परिजनों के साथ खड़े हैं. वहीं उमेश मेहता, गणेश यादव, राजेश सहाय आदि ने गहरी शोक संवेदना व्यक्त की.

## सुंदरनगर के कुदादा में तेज रफ्तार बस पलटी, दर्जन भर यात्री घायल

नवीन मेल संवाददाता

**जमशेदपुर।** सुंदरनगर थाना अंतर्गत कुदादा स्थित खालसा ढाबा के पास जोड़ा से टाटा आ रही प्रिंस बस पलट गई. इस दुर्घटना में बस में सवार लगभग 13 यात्री जख्मी हो गए. घटना मंगलवार सुबह लगभग 10 बजे की है. मौके पर पहुंची पुलिस ने सभी घायलों को सदर अस्पताल पहुंचाया. घायलों में छह की हालत गंभीर होने पर उन्हें एमजीएम अस्पताल रेफर कर दिया गया. जबकि अन्य लोगों को प्राथमिक उपचार के बाद छोड़ दिया गया. घटना के संबंध में मिली जानकारी के अनुसार ओडिशा जिले के जोड़ा से यात्रियों को लेकर बस टाटा आ रही थी. तभी कुदादा के बस अनियंत्रित होकर सड़क किनारे खेत में पलट गई. वहां से गुजर रहे कुछ लोगों ने पुलिस को घटना की सूचना दी. उसके बाद पुलिस मौके पर पहुंची और लोगों के साथ मिलकर बस में फंसे यात्रियों को बाहर निकाला.



घायलों में महिलाएं व बच्चे भी शामिल है. सभी को सिर, हाथ व पैर में चोट आई है. दुर्घटना के बाद बस के चालक को पुलिस ने पकड़ लिया है. बताया जा रहा है कि विपरीत दिशा से आ रहे एक वाहन को बचाने के क्रम में बस सडक से उतरकर खेत में पलट गई. घायलों में अनुरोध, लखन हेंब्रम, बुदाली तियु, सीमा तियु, देव शंकर देवगन, बुधराम हेंब्रम, श्यामल मुंडाई, सुनीता मंडल, अभिनव मंडल, कृति श्री मंडल समेत अन्य शामिल है. सभी पश्चिमी सिंहभूम और राजनगर के रहने वाले है. घायलों में अनुरोध, लखन हेंब्रम, बुदाली तियु, सीमा तियु, देव शंकर देवगन, बुधराम हेंब्रम, श्यामल मुंडाई, सुनीता मंडल, अभिनव मंडल, कृति श्री मंडल समेत अन्य शामिल है. सभी पश्चिमी सिंहभूम और राजनगर के रहने वाले है.

## हेमंत सरकार में झारखंड के शहीदों को मिला पूरा सम्मान : रवींद्र नाथ महतो



नवीन मेल संवाददाता

**धनबाद।** विधानसभा अध्यक्ष रवींद्र नाथ महतो ने कहा कि हेमंत सोरेन की सरकार में झारखंड के शहीदों को पूरा सम्मान मिल रहा है. झारखण्ड आंदोलन में शहीद मणींद्र नाथ मंडल का अहम योगदान रहा है. विधानसभा अध्यक्ष मणींद्र नाथ मंडल के 29वें शहादत दिवस पर मंगलवार को मेमको मोड़ पर बनी उनकी प्रतिमा का अनावरण करने के बाद समारोह को संबोधित कर रहे थे. कहा कि सीएम हेमंत सोरेन को राज्य के हर वर्ग की चिंता है. आम लागों को कल्याणकारी योजनाओं का लाभ दिया जा रहा है. लेकिन केंद्र सरकार के इशारे पर विपक्ष प्रपंचकर सरकार को अपदस्थ करने की साजिश कर रहा है. समारोह को संबोधित करते हुए झामुमो नेता विनोद पाण्डेय ने कहा कि शहीद मणींद्र नाथ मंडल ने झारखंड के मजदूरों को उनका हक दिलाने के लिए हमेशा संघर्ष किया. अलग राज्य के आंदोलन में भी उनकी अहम भूमिकार रही है. मौके पर झामुमो जिलाध्यक्ष लखी सोरेन, केन्द्रीय कार्यकारिणी सदस्य अमितेश सहाय, आवास बोर्ड के सदस्य पवन महतो, कंसारी मंडल, डॉ निलम मिश्रा, अशोक मंडल, अलाउद्दीन अंसारी, धरनीधर मंडल, लखन प्रमाणिक, मुकेश सिंह, कालीचरण महतो, अजय रवानी, समीर रवानी, तपन तिवारी आदि मौजूद थे.

### विधायक ने सड़क का किया शिलान्यास

**चाईबासा।** विधायक निरल पूर्ति ने मंगलवार को मंझारी प्रखंड अतंर्गत पुटीसिया चौक से उड़ीसा सीमावर्ती बड़ा लगड़ा तक करीबन 10 किमी सड़क निर्माण का शिलान्यास किया है. शिलान्यास कार्यक्रम में विधायक ने कहा कि सड़क निर्माण होने से झारखंड के मंझारी प्रखंड क्षेत्र से उड़ीसा रायरंगपुर की दूरी कम होगी. इस सड़क निर्माण का क्षेत्र के लोग पिछले 20 साल से मांग कर रहे थे. मझगांव विधानसभा क्षेत्र के उड़ीसा को जोड़ने वाली सभी सीमावर्ती सड़कों का मजबूती करण किया जा रहा है. इस अवसर पर प्रमुख सुशीला बारी, चन्द्र मोहन बिरूवा, लाला राउत, दयमंती बिरूवा, कैरा सोय, दशरथ रवि दास, राजकुमार प्रधान, विनिता बिरूवा, जितेंद्र पुरती, विजय सिंह बारी, सनातन बिरूवा, मंगल सिंह बिरूवा आदि उपस्थित थे।

### एशियाई चैंपियंस ट्रॉफी हमें पेरिस ओलंपिक क्वालीफायर की तैयारी में मदद करेगी: बिचू देवी

**रांची।** हांगझोउ में एशियाई खेलों में ओलंपिक क्वालीफिकेशन स्थान हासिल करने में असफल रहने के बाद, भारतीय महिला हॉकी टीम को अब क्वालीफाइंग टूर्नामेंट से गुजरना होगा। टीम झारखंड महिला एशियाई चैंपियंस ट्रॉफी रांची 2023 में ओलंपिक क्वालीफायर की तैयारी की दिशा में अपना पहला कदम उठाएगी, जो 27 अक्टूबर से 5 नवंबर तक होने वाली है। भारतीय महिला हॉकी टीम की गोलकीपर बिचू देवी खारीबाम ने 2024 पेरिस ओलंपिक क्वालीफायर की तैयारी में एशियाई चैंपियंस ट्रॉफी के महत्व पर जोर दिया। उन्होंने कहा, अगले साल जनवरी में होने वाले 2024 पेरिस ओलंपिक क्वालीफायर की तैयारी के लिए यह टूर्नामेंट हमारे लिए महत्वपूर्ण कदम साबित होगा। उन्होंने कहा, यह कहने की जरूरत नहीं है कि हमें पेरिस ओलंपिक के लिए क्वालीफाई करने के लिए अगले तीन महीनों तक वास्तव में कड़ी मेहनत करनी होगी, इसलिए, रांची में आगामी टूर्नामेंट हमारी प्रगति का आकलन करने और मजबूत विरोधियों के खिलाफ हमारी ताकत का परीक्षण करने के लिए आवश्यक है।

### मानगो में दो दुकान का ताला तोड़ कर चोरी

**जमशेदपुर।** जमशेदपुर के मानगो थाना से महज 100 मीटर की दूरी पर जवाहरनगर रोड नंबर 6 स्थित मुकेश मौर्य के गल्ले की दुकान और उनके बड़े भाई कमलेश मौर्य की इलेक्ट्रॉनिक की दुकान में सोमवार की रात चोरों ने हाथ साफ कर दिया. चोरों ने दुकान के पीछे का ताला तोड़कर घटना को अंजाम दिया. घटना की सूचना मुकेश को तब लगी जब वे मंगलवार सुबह दुकान खोलने पहुंचे. उन्होंने पाया कि दुकान के पीछे का ताला टूटा हुआ है और दुकान के अंदर चोरी हुई है. उन्होंने तत्काल इसकी सूचना पुलिस को दी. इधर, सूचना पाकर पुलिस मौके पर पहुंची और जांच में जुट गई. मुकेश ने बताया हम दोनों भाई अपनी दुकान रात्रि में बंद कर घर चले गये थे. सुबह दुकान खोले तो देखा पीछे का दोनों दरवाजा टूटा हुआ है और सारा समान जहां-तहां बिखरा हुआ है. चोर पीछे के दरवाजे में लगे ताले को तोड़कर दुकान में प्रवेश कर गल्ले में रखे नगद लगभग पांच हजार रुपए ले गए. इसके अलावा खाने-पीने का सामान जितना बन पड़ा ले गए. बगल में बड़े भाई कमलेश कुमार की इलेक्ट्रॉनिक दुकान का भी पीछे का दरवाजा तोड़कर चोर सामान ले गए. कितने का और क्या सामान ले गए हैं इसका अंदाजा नहीं लगाया जा सका है.

### नाबालिग छात्रा के साथ दुष्कर्म, आरोपी गिरफ्तार

**बोकारो।** बोकारो जिला के जागेश्वर विहार थाना अंतर्गत एक नाबालिग छात्रा के साथ दुष्कर्म के आरोपी अताउल अंसारी को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया है. इस संबंध में थाना प्रभारी संदीप कृष्णा ने बताया कि पीड़ित छात्रा के अभिभावकों की लिखित शिकायत पर आरोपी के विरुद्ध कांड संख्या 21/23 धारा-376/ 506 भादवि 4/6 पॉक्सो एक्ट के तहत मामला दर्ज किया गया है. जानकारी के अनुसार, 16 अक्टूबर को 13 वर्षीय छात्रा स्कूल गई थी. जब वह देर से घर पहुंची, तो अभिभावकों ने उससे पूछताछ की. छात्रा ने डर- डर कर बताया कि उसके साथ अताउल अंसारी, जो उसी गांव का रहने वाला है, ने जबरदस्ती उसके साथ दुष्कर्म किया और किसी को इस घटना की जानकारी नहीं देने की धमकी दी है. घटना की जानकारी मिलते ही थाना प्रभारी ने आरोपी अताउल अंसारी उम्र 27 वर्ष पिता जैनुल अंसारी को गिरफ्तार कर लिया. आरोपी शादीशुदा है और एक बच्चे का पिता भी है.

### 800 साड़ी बांटेगा स्व. जगदीश रुंगटा फाउंडेशन

**जमशेदपुर।** दुर्गा पूजा के अवसर पर चाकुलिया का स्वर्गीय जगदीश रुंगटा फाउंडेशन जरूरतमंद महिलाओं के बीच 800 साड़ी का वितरण करेगा. वितरण का यह कार्यक्रम 19 अक्टूबर पंचमी के दिन पुराना बाजार स्थित सार्वजनिन दुर्गा पूजा कमेटी के पंडाल परिसर में होगा. यह जानकारी स्व. जगदीश रूंगटा के पुत्र परमेश्वर रूंगटा ने दी है. उन्होंने बताया कि इस मौके पर स्थानीय विधायक समीर महंती समेत प्रखंड, अंचल, थाना, नगर पंचायत के पदाधिकारी और दुर्गा पूजा कमेटी के पदाधिकारी और सदस्य उपस्थित रहेंगे. दुर्गा पूजा के अवसर पर जरूरतमंद महिलाओं के बीच साड़ी वितरण किया जाएगा, ताकि वे भी दुर्गा पूजा के अवसर पर नए वस्त्र पहन कर खुशियां मना सकें.

### हजारीबाग : मतदाता सूची में नाम जोड़ने के लिए केबीएसएस में चला विशेष अभियान

**हजारीबाग।** लोकसभा चुनाव की तैयारियां अभी से शुरू हो गई है. मतदाता सूची में त्रुटि निवारण, नए नाम जोड़ने आदि कार्य जारी हैं. इसी कड़ी में जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह डीसी हजारीबाग के निदेर्शानुसार चौपारण बीडीओ प्रेमचंद सिन्हा व चौपारण बीइओ राकेश कुमार ने विशेष अभियान चलाकर केबीएसएस प्लस दो उच्च विद्यालय चौपारण में 11वीं व 12वीं में पढ़ने वाले बच्चों का नाम जोड़ाने के लिए जागरूक किया. बीडीओ में बताया कि एक जनवरी 2024 तक 18 वर्ष पूर्ण करने वाले छात्र-छात्राओं का नाम जोड़ने की प्रक्रिया की गई. बीडीओ ने बताया कि विद्यालय में उपस्थित लगभग 30 बच्चों को फॉर्म-6 भरने के कहा गया. बच्चों को उनके माता या पिता किसी एक के वोटर आईडी के साथ विद्यालय में जमा करें. डाक की ओर से वोटर आईडी कार्ड बनकर उनके घर चला जाएगा. बीडीओ ने प्रखंड के युवकों से अपील की कि जिनकी आयु 18 वर्ष पूर्ण हो गई है या 2024 जनवरी तक पूर्ण होगी, मतदाता सूची में अपना नाम जरूर जोड़वा लें. इस दौरान विद्यालय प्राचार्य उत्तम कुमार, सहायक शिक्षक आदि उपस्थित थे.

### डीसी और एसपी ने पूजा पंडालों का लिया जायजा

**बोकारो।** जिले के विभिन्न दुर्गा पूजा पंडालों का जायजा बोकारो उपायुक्त कुलदीप चौधरी एवं पुलिस अधीक्षक प्रियदर्शी आलोक ने मंगलवार को लिया. इस दौरान दोनों अधिकारियों ने बोकारो जिले के रेलवे स्टेशन पूजा पंडाल, बालीडीह पूजा पंडाल, जैनामोड़ पूजा पंडाल, करहरिया समेत जरीडीह प्रखंड के अन्य क्षेत्रों के दुर्गा पूजा पंडालों का भ्रमण कर विधि-व्यवस्था की जानकारी ली. इस अवसर पर उपायुक्त कुलदीप चौधरी ने पत्रकारों को बताया कि पूरे जिले में प्रमुख पूजा पंडालों का भ्रमण एवं जायजा लेकर सभी पूजा समितियों को स्पष्ट निर्देश दिया गया कि सरकारी गाइडलाइंस के अनुरूप पूजा का आयोजन करें. इस दौरान बोकारो रेलवे मैदान शेरशाह ग्राउंड पूजा पंडाल एवं रावण दहन कार्यक्रम की जानकारी भी पूजा समिति से ली गई. खासकर भीड़ को नियंत्रित करने के लिए वोलेंटियर की तैनाती, मेडिकल टीम, फायर प्रोटेक्शन, सीसीटीवी व्यवस्था की भी जानकारी ली. साथ ही पूजा पंडालों एवं आसपास स्वच्छता पर विशेष ध्यान रखना है. स्वच्छता एवं हाइजीन के आधार पर जिला प्रशासन की ओर से रैंकिंग कर पूजा समितियों को सम्मानित भी किया जाएगा. एसपी प्रियदर्शी आलोक ने बताया कि भीड़ को नियंत्रित करने के लिए सभी पूजा समितियों को पर्याप्त संख्या में वोलेंटियर एवं महिला- पुरुष के लिए अलग अलग बैरिकेडिंग की व्यवस्था करने का निर्देश दिया गया है.

**परेशान**

### धनबाद में मरीज बाहर से खरीदने को मजबूर

# सदर अस्पताल में दवाओं का स्टॉक खत्म




नवीन मेल संवाददाता

**धनबाद।** सदर अस्पताल, धनबाद में दवाओं का स्टॉक खत्म हो गया है. मरीज बाहर से महंगी दवाएं खरीदने को मजबूर हैं. इससे सबसे ज्यादा परेशानी गरीब मरीजों को हो रही है. मरीजों को मेडिसिन काउंटर से खाली हाथ लौटा दिया जा रहा है. मेडिसिन काउंटर पर ड्यूटी दे रहे स्टाफ ने बताया कि स्टोर में बीते 10 दिनों से दवाओं की कमी है. एंटिबायोटिक तक नहीं है. अस्पताल के ओपीडी में प्रतिदिन 200 से अधिक मरीज इलाज कराने आते हैं. इनमें ज्यादातर मेडिसीन विभाग के होते हैं. उन्हें डॉक्टरों का परामर्श तो मिल जा रहा है, लेकिन पर्ची पर लिखे दवाएं नहीं मिलने से बाजार की दुकानों से महंगी दवा खरीदनी पड़ रही है. इससे सबसे ज्यादा परेशानी गरीब तबके के मजरीजों को हा रही है. अस्पताल में जरूरी दवाओं का स्टॉक खत्म होने का खामियाजा ओपीडी में आने वाले मरीजों के साथ इनडोर के मरीजों को भी भुगतना पड़ रहा है. भर्ती मरीज भी बाहरी दवाओं के भरोसे इलाज करवा रहे हैं. स्लाइन को छोड़कर बाकी सभी दवाएं बाहर से खरीदने के लिए पर्ची मरीज के परिजनों को थमा दी जा रही है. ओपीडी में आए मरीज रमेश कुमार ने बताया कि केवल डॉक्टर का निःशुल्क परामर्श ही मिल रहा है, दवाएं नहीं. जानकारी के अनुसार, बुखार की दवा पैरासिटामोल 650, खांसी का सिरप, पेट दर्द, उल्टी, दस्त तक की दवा नहीं है. वहीं निःशुल्क दवा केंद्र पर बच्चों के लिए सर्दी, खांसी की भी दवा नहीं है. दूसरी ओर ऑर्थो, आई, ईएनटी, गायनी आदि विभागों में आनेवाले मरीजों को भी दवा नहीं मिल रही है. सरकार के निदेर्शानुसार अस्पताल में कौन सी दवा है और कौन सी नहीं है, इसकी पूरी जानकारी मेडिसिन सेंटर के बाहर होनी चाहिए. ताकी मरीजों को इसकी जानकारी मिल सके. लेकिन अब तक यह व्यवस्था सदर अस्पताल में शुरू नहीं की जा सकी है. सदर अस्पताल के उपाधीक्षक डॉ. राजकुमार सिंह ने बताया कि अस्पताल में सभी जरूरी दवाएं हैं. मरीजों को बिना दवा के लौटा दिया जा रहा है, तो यह गलत है. पूरे मामले की जानकारी ली जाएगी.

## चापापुर की कालीमाटी खदान से उत्पादन शुरू, मजदूरों में खुशी

नवीन मेल संवाददाता

**धनबाद।** ईसीएल मुगमा क्षेत्र की चापापुर कोलियरी के अधीन कालीमाटी खदान से मंगलवार को को दोबारा कोयला उत्पादन शुरू हो गया. बीसीकेयू के नेता अमित मुखर्जी ने नारियल फोड़कर खदान को चालू कराया. पिछले दिनों हुई भारी बारिश के दौरान पानी भर जाने के कारण प्रबंधन ने खदान को पूर्णतः बंद कर दिया था. खदान को दोबारा चालू करवाने के लिए बीसीकेयू ने पर्व विधायक सह जेबीसीसीआई सदस्य अरूप चटर्जी के नेतृत्व में प्रबंधन पर लगातार दबाव बनाया. अरूप चटर्जी ने जीएम से लेकर उच्च अधिकारियों तक से वार्ता कर कोलियरी को चालू कराने का अनुरोध किया. खदान शुरू होने से मजदूरों में खुशी है. यूनियन नेता अमित मुखर्जी ने कहा कि प्रबंधन और मजदूरों के साहसिक प्रयास से कोलियरी में पुनः उत्पादन शुरू हो सका. मौके पर यूनिन के कासिम अंसारी, शिबू महतो, बोधीनाथ सोरेन, पोरेश सोरेन, धनेश्वर सिंह, संजीव मंडल, सुबल तिवारी, डी मानिक पुरी, उपेन्द्र महतो, बामापद बाउरी, नारायण मोदक, सलीम मिया, मनभूल खान, काजल गोराई, बुद्धि राम, नबीनी बाउरी, सोहन हासदा, फटिक मुदी, रवीन्द्र ठाकुर, बाकू बाउरी, बलराम दास, प्रदीप कर, स्वपन चंद्रा, सोमेन चक्रवर्ती समेत बड़ी संख्या में मजदूर उपस्थित थे.



## गागर में सागर

### दुर्घटना में घायल व्यक्ति को मुखिया ने निजी वाहन से पहुंचाया अस्पताल

**बरकट्ठा।** प्रखंड क्षेत्र के पंचायत सलैया अंतर्गत बरवां में बीते रात मोटरसाइकिल से नियंत्रण खोने की वजह से बगोदर निवासी सूरज सिंह उम्र 29 वर्ष सड़क हादसे में गंभीर रूप से घायल हो गया। घायल व्यक्ति बरकट्ठा प्रखंड अंतर्गत चेचकपी पंचायत के लारहो निवासी गणेश सिंह का दामाद है जो अपना ससुराल आया था। स्थानीय लोगों की मदद से उसे सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बरकट्ठा लाया गया जहां चेचकपी मुखिया प्रतिनिधि डेगलाल साव के सहयोग से इसका इलाज करवाने के पश्चात डॉक्टर ने इसे बेहतर इलाज के लिए हजारीबाग रेफर कर दिया। वहीं मुखिया ने निजी वाहन से हजारीबाग सदर अस्पताल में भर्ती करवाया साथ ही आर्थिक सहयोग भी दिया। इस कार्य के लिए लोगों ने मुखिया प्रतिनिधि के प्रति आभार व्यक्त किया। मौके पर राजू साहू, बीरेंद्र सिंह, जेठालाल सिंह, दुर्गा सिंह, शंकर सिंह, सुनील सिंह समेत आदि लोग मौजूद थे।

### एजेंटी को लेकर न्याय की गुहार

**बरही ।** शशि गुप्ता पिता बिनोद गुप्ता ने एजेंटी को लेकर न्याय की गुहार लगाई है. आरोप है कि झारखंड मोटर अधिनियम 101 के तहत पटना रोड में एजेंटी के लिए आधिकारिक रूप से उन्हें अधिकृत किया गया है. इस बाबत वाहन स्वामियों का अनुमति भी प्राप्त है. बावजूद कुछ दबंग लोग उन्हें एजेंटी नहीं करने दे रहे हैं. इस साउन्होंने बताया कि मामले को लेकर आरटीओ ने एसपी और एसडीओ को भी सूचित करते हुए कारवाई हेतु सूचित किया है. परंतु इस दिशा में अभी तक कोई उचित कार्रवाई नहीं की गई है. जिससे उनके हक और अधिकार का हनन हो रहा है. उन्होंने संबंधित पदाधिकारी से न्याय की मांग करते हुए उचित कार्रवाई की अपेक्षा किया है. ताकि उन्हें उनका अधिकार मिल सके. वही एजेंटी कर रहे लोगो ने बताया कि वे लोग वैध तरीके से एजेंटी कर रहे है. इसके लिए उनके पास सभी कागजात मौजूद है. मामले को लेकर एसडीओ से बात करने का प्रयास किया गया परंतु नेटवर्क समस्या के कारण उनका पक्ष नहीं लिया जा सका.

### एसडीओ और एसडीपीओ ने पूजा पंडाल का किया निरीक्षण

**बरही ।** एसडीओ पूनम कुजूर और एसडीपीओ नजीर अख्तर ने विभिन्न पूजा पंडालो का निरीक्षण किया. इस दौरान उन्होंने पूजा समिति के लोगों को पंडाल के अंदर अग्निशमन यंत्र, सीसीटीवी कैमरा, पुरुष व महिला प्रवेश द्वार, वॉलिंटियर्स इत्यादि की समुचित व्यवस्था का निर्देश दिया. साथ ही सरकार द्वारा जारी गाइडलाइन के आधार पर ही पूजा मनाने की अपील की. एसडीओ ने समिति के पदाधिकारियो को पूजा के दौरान शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए प्रशासनिक पदाधिकारी से सामंजस बनाए रखने की बात कही. वही एसडीपीओ ने अफवाह फैलाने वाले और सामाजिक तत्वों पर निगरानी रखने की बात कही. इस दौरान दोनों पदाधिकारीयों ने सार्वजनिक दुर्गा पूजा समिति धनबाद रोड, गया रोड, पटना रोड, रसोईया धमना, श्रीनगर, करियातपुर आदि पूजा पंडाल का निरीक्षण किया गया.

## डीएवी के दो छात्राओ को मिला कांस्य पदक

### 11वें राष्ट्रीय गतका प्रतियोगिता



**बरही ।** सिख गुरुद्वारा मैनेजिंग कमेटी नई दिल्ली की ओर से आयोजित 11वें राष्ट्रीय गतका प्रतियोगिता में डीएवी पब्लिक स्कूल बरही की पलक सिंह चौहान और आरोही केसरी को कांस्य पदक मिला है. दोनों छात्रों के सम्मान में विद्यालय प्रबंधन की ओर से अभिनंदन समारोह का आयोजन किया गया. जिसमें बतौर मुख्य अतिथि सीडीपीओ नजीर अख्तर और विशिष्ट अतिथि सद्भावना विकास मंच के अध्यक्ष व विजेता पलक के पिता राज सिंह चौहान उपस्थित हुए. जिला गतका संगठन के अध्यक्ष सह प्राचार्य ए के सिंह ने बताया कि विद्यालय की दोनों बच्चियों ने राष्ट्रीय स्तर पर झारखंड का प्रतिनिधित्व करते हुए विद्यालय सहित क्षेत्र का गौरव बढ़ाया है. इसके लिए टीम के कोच मिथिलेश कुमार व खेल शिक्षक राजेश कुमार की भूरी भूरी प्रशंसा भी किया. सद्भानवा विकास मंच के अध्यक्ष चौहान ने विद्यार्थियों का हौसलावर्धन करते हुए कहा कि खेल जीवन का महत्वपूर्ण हिस्सा है इसे नकारा नहीं जा सकता है. बशर्ते निष्ठा और नियमित अभ्यास आवश्यक हो. एसडीपीओ ने कहा कि राष्ट्रीय स्तर पर गतका प्रतियोगिता में सफलता पाना हम सबों के लिए शान की बात है.

### डीएमएफटी-पर्यटन विकास के तहत हो रहे कार्यों की डीसी ने की समीक्षा

# पर्यटन क्षेत्र को विकसित करने के लिए योजना तैयार करें : डीसी



**नवीन मेल संवाददाता**

**रामगढ़।** डीएमएफटी एवं पर्यटन विकास के तहत हो रहे कार्यों को लेकर मंगलवार को उपायुक्त रामगढ़ चंदन कुमार की अध्यक्षता में समाहरणालय सभाकक्ष में समीक्षा बैठक का आयोजन किया गया। बैठक के दौरान उपायुक्त ने स्वास्थ्य समृद्धि वाहन परियोजना के तहत हो रहे कार्यों की समीक्षा करते हुए जिले के और भी लोगों को स्वास्थ्य समृद्धि वाहन परियोजना का लाभ देने के उद्देश्य से डीएमएफटी टीम को एक और वाहन शुरू करने हेतु एक सप्ताह के अंदर योजना तैयार करते हुए आगे की प्रक्रिया शुरू करने का निर्देश दिया। वहीं, उपायुक्त ने वर्तमान में संचालित स्वास्थ्य समृद्धि वाहन के माध्यम से ज्यादा से ज्यादा आम जनों को लाभान्वित करने के उद्देश्य से तैयार किये गए रोस्टर व रूट चार्ट के अनुसार वाहन संचलित करने का निर्देश दिया। सदर अस्पताल रामगढ़ के समीप हेल्थ वेयरहाउस स्थापित करने के मद्देनजर उपायुक्त ने स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों को जमीन का सत्यापन कराते हुए एक सप्ताह के अंदर डीपीआर निर्माण का प्रस्ताव देने का निर्देश दिया। साथ ही उन्होंने एक समिति गठित करते हुए सदर अस्पताल के प्रत्येक प्रभागों अंतर्गत सर्जरी हेतु आवश्यक उपकरणों एवं अन्य आवश्यकताओं से संबंधित प्रतिवेदन तैयार कर उपलब्ध कराने का निर्देश दिया। बैठक के दौरान उपायुक्त ने जिले के विभिन्न प्रखंडों में संचालित स्वास्थ्य केंद्रों में चिकित्सकों एवं स्वास्थ्य कर्मियों की नियुक्ति प्रक्रिया की जानकारी लेते हुए डीएमएफटी टीम के सदस्यों को दुर्गा पूजा के पहले प्राप्त सभी आवेदनों की स्क्रूटनी समाप्त कर अग्रेतर कार्रवाई करने का निर्देश दिया। डीएमएफटी के माध्यम से संचालित गोट बैंक परियोजना की समीक्षा के क्रम में उपायुक्त ने योजना के उद्देश्यों की परिपूर्ति हेतु लाभुकों के बीच जल्द से जल्द बकरियों का वितरण करने का निर्देश दिया। जिले में विधि व्यवस्था संधारण सुदृढ़ करने के मद्देनजर बैठक के दौरान उपायुक्त ने जिला योजना पदाधिकारी को पुलिस विभाग के साथ समन्वय स्थापित करते हुए जिले में संवेदनशील क्षेत्रों को चिन्हित कर सीसीटीवी, चेक पोस्ट आदि के माध्यम से निगरानी रखने हेतु प्रस्ताव तैयार करते हुए जल्द से जल्द उपलब्ध कराने का निर्देश दिया। डीएमएफटी के तहत जिले के सभी प्रखंडों में 15- 15 एकड़ भूमि पर संचालित ऑर्गेनिक फार्मिंग परियोजना की समीक्षा के क्रम में उपायुक्त ने परियोजना निदेशक आत्मा को एक सप्ताह के अन्दर सभी एफपीओ का पंजीकरण सुनिश्चित कराने का निर्देश दिया। डीएमएफटी के तहत ग्रामीण जलापूर्ति योजनाओं की समीक्षा के क्रम में उपायुक्त ने उरलूंग एवं आरा जलापूर्ति योजना के तहत अब तक किए गए कार्यों की जानकारी सहायक अभियंता पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंडल से ली जिसके उपरांत उपायुक्त ने जनवरी 2024 तक दोनों योजनाओं को पूर्ण करने हेतु प्रत्येक माह के लिए लक्ष्य निर्धारित करने एवं संबंधित लक्ष्य की प्राप्ति से संबंधित प्रतिवेदन प्रतिमाह उपलब्ध कराने का निर्देश दिया। पर्यटन विकास संबंधित कार्यों की समीक्षा के क्रम में उपायुक्त ने जिला योजना पदाधिकारी से जिले के विभिन्न पर्यटन संभावित क्षेत्रों को विकसित करने के मद्देनजर राज्य स्तर पर भेजे गए प्रस्तावों की जानकारी लेते हुए टूरिज्म फेलो द्वारा जिले के अलग-अलग क्षेत्रों में चयनित ऐसे स्थल जिन्हें पर्यटन के क्षेत्र में विकसित किया जा सकता है उनकी विस्तार पूर्वक जानकारी ली एवं उन क्षेत्रों को विकसित करने हेतु योजना तैयार करने का निर्देश जिला योजना पदाधिकारी को दिया। बैठक में उप विकास आयुक्त, जिला परिवहन पदाधिकारी, जिला खनन पदाधिकारी, जिला जनसंपर्क पदाधिकारी, जिला योजना पदाधिकारी, जिला समाज कल्याण पदाधिकारी, सहित अन्य उपस्थित थे।

### नगर आयुक्त ने किया पूजा पंडालों का निरीक्षण

**हजारीबाग।** दुर्गा पूजा, दीपावली तथा छठ महापर्व को देखते हुए नगर निगम ने विशेष सफाई अभियान शुरू किया है. इधर डीडीसी सह नगर आयुक्त व प्रशासक प्रेरणा दीक्षित ने मंगलवार को शहर के मटवारी, कोर्रा चौक, देवांगना चौक, हुरहुरू और बस स्टैंड स्थित पूजा पंडालों का निरीक्षण किया. प्रशासक ने वहां की कमेटी को निर्देश दिया कि कूड़ा रखने के लिए उन्हें डस्टबिन खुद लगाना होगा. गंदगी फैलाने पर नगर निगम इसकी सफाई कराएगा. प्रशासक ने सफाई कराने के लिए एसबीएम के नोडल पदाधिकारी सह नगर प्रबंधक राजीव रंजन और हेड जमादार दीपक गोस्वामी, स्ट्रीट लाइट के लिए कनीय अभियंता राजकुमार रजवार तथा स्टोन डस्ट के लिए कनीय अभियंता संजय सिंह तथा रामचन्द्र प्रसाद को निर्देश दिया.

## बरही में फिर चला अतिक्रमण अभियान



**नवीन मेल संवाददाता**

**बरही ।** दुर्गा पूजा को देखते हुए बरही के चारो रोड में एक बार फिर अतिक्रमण हटाओ अभियान चलाया गया. जिसका नेतृत्व स्वय सीओ रामनारायण खलखो कर रहे थे. इस दौरान सीआई सतीश कुमार सिन्हा, कर्मचारी रीतलाल रजक, पंचायत सेवक बुलबुल सोनी, पुलिस आदि मौजूद थे. सीओ ने बताया कि दुगार्पूजा, छठ, दीपावली इत्यादि को देखते हुए यह अभियान चलाया जा रहा है, जो फिलहाल नियमित रहेगा. उन्होंने बताया कि त्योहारों में भीड़ बढ़ने से ट्रैफिक समस्या उत्पन्न हो सकता है और अप्रिय घटना घट सकते है. उन्होंने स्थानीय दुकानदारों से भी अभियान में सहयोग देते हुए अतिक्रमित स्थल को खाली करने का अपील किया है. इस दौरान धनबाद रोड के किनारे लगे ठेले, खोमचे, फुटकर दुकानदारों सहित अतिक्रमित स्थल से हटाया भी गया. साथ ही यह भी निर्देश दिया गया की फिर से कोई अतिक्रमित न करे अन्यथा प्राथमिकी दर्ज करते हुए दंड वसूले जायेंगे. परंतु टीम को जाते ही एक बार फिर सड़क किनारे दुकान सज गए और स्थिति फिर से पूर्वावस्था आ गया.

### झारखंडी भाषा खतियान संघर्ष समिति की बैठक आयोजित

## 'संगठन को मजबूत बनाएं कार्यकर्ता'



**नवीन मेल संवाददाता**

**रामगढ़।** झारखंडी भाषा खतियान संघर्ष समिति के संगठन की मजबूती एवं विस्तार को लेकर 17 अक्टूबर को आरा उतरी पंचायत के जुबली स्टेडियम में बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता दाहो महतो एवम् संचालन सुमित कुमार ने किया। बैठक में जेबीकेएसएस के सक्रिय सदस्य तुलेश्वर महतो ने कहा कि मांडू विधान सभा में जिनका भी कोर कमेटी में नाम नही है उन्हें निराश होने की जरूरत नहीं है। संगठन सभी को लेकर आगे बढ़ेगी । प्रत्येक प्रखंड में प्रभारी नियुक्त कर कार्य किया जाएगा ताकि संगठन को मजबूत बनाया जा सके। कहा गया की संगठन में महिलाओं के साथ साथ सभी समुदाय को जोड़कर इसे सशक्त बनाया जाएगा। संगठन के सक्रिय व जुझारू नेता दाहो महतो ने कहा कि जेबीकेएसएस के केंद्रीय अध्यक्ष टाईगर जयराम महतो आज के समय में एक व्यक्ति नही एक विचार हैं। शोषित, पीड़ित, वंचित, गरीब, दबे कुचले, मध्यम वर्ग के लोगों की आवाज हैं। सभी को इनके विचारधारा को जन जन तक पहुंचाने की जरूरत है। बैठक में मुख्य रूप से सत्यनारायण महतो, सुमित महतो, अनुज कुमार, कारू महतो, संदीप महतो, सुरेंद्र महतो, रवि महतो , अजीत कुमार, आकाश महतो, विशाल महतो, पूजा महतो, संकर महतो, दीपक महतो, तुलेश्वर महतो, झूमेश्वर महतो, संदीप कुमार, रामधन महतो, ह्रधान महतो, इरशाद अंसारी, अब्दुल हजीज, आशीष कुमार, लक्ष्मण महतो, मिथुन कुमार महतो, भोला कुमार सहित अन्य उपस्थित थे।

### मेरी माटी मेरा देश कार्यक्रम में शामिल हुए धनंजय कुमार पुटूस

रामगढ़ । युवा एवं खेल मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा आयोजित मेरी माटी मेरा देश अभियान के तहत नेहरू युवा केंद्र रामगढ़ प्रखंड द्वारा अमृत कलश यात्रा का आयोजन रामगढ़ कॉलेज में किया गया। कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि रामगढ़ विधानसभा के पूर्व प्रत्याशी धनंजय कुमार पुटूस व विशिष्ट अतिथि रामगढ़ महाविद्यालय की डॉ कामना राय व डॉ अनामिका उपस्थित हुए। कसर्यक्रम की शुरूआत राष्ट्रीय ध्वज फहरा कर किया गया। प्रखंड के विभिन्न पंचायत एवं घरों से लेकर आए मिट्टी एवं एनएसएस इकाई 1 एवं 2, रामगढ़ महाविद्यालय, रामगढ़ के द्वारा कॉलेज के विभिन्न जगहों से एकत्रित मिट्टी को कलश में डाला गया। एनएसएस इकाई 1 की कार्यक्रम पदाधिकारी कामना रॉय और एनएसएस इकाई 2 की कार्यक्रम पदाधिकारी अनामिका मैम ने स्वयं सेवकों एवं शिक्षकों तथा शिक्षकेतर कर्मचारियों के बीच देश की आजादी में बलिदान सभी वीरों को श्रद्धांजलि देते हुए उनके पद चिन्हों पर चलने की अपील की।

## दक्षिणेश्वर काली मंदिर की तर्ज पर सजा मां छिन्नमस्तिका का मंदिर

### नवरात्रि पर लग रही भक्तों की कतार



**नवीन मेल संवाददाता**

**रामगढ़।** शारदीय नवरात्रि को लेकर प्रसिद्ध सिद्धपीठ रजरप्पा स्थित मां छिन्नमस्तिका मंदिर विभिन्न प्रकार के खूबसूरत फूलों से काफी आकर्षक ढंग से सज-धजकर तैयार हो गया है. मंदिर की भव्य सजावट ऐमिल नामक दवा कंपनी एवं रजरप्पा मंदिर के वरिष्ठ पुजारी संतोष पंडा के यजमान केके शर्मा के सौजन्य कराई गई है. इस वर्ष दक्षिणेश्वर काली मंदिर की तर्ज पर सजा मां छिन्नमस्तिका का मंदिर श्रद्धालुओं को काफी आकर्षित कर रहा है. मंदिर की भव्य सजावट के साथ ही यहां भक्तों के आने का सिलसिला भी जोर पकड़ चुका है. लोग मंदिर की खूबसूरत सजावट के साथ सेल्फी लेते हुए नजर आ रहे हैं. कोलकाता से आये कारीगरों ने एक सप्ताह तक दिन-रात मेहनत करके मंदिर को काफी आकर्षक ढंग से सजाकर सोमवार की शाम सजावट का कार्य पूरा कर लिया. इस संबंध में रजरप्पा मंदिर के वरिष्ठ पुजारी संतोष पंडा ने बताया कि मां छिन्नमस्तिका मंदिर दिन में मनमोहक और खुशबूदार फूलों की सजावट में दिखेगी तो शाम ढलते ही रंग-बिरंगी रोशनी से माता का दरबार जगमगाता हुआ नजर आएगा. मंदिर की भव्य सजावट श्रद्धालुओं को खूब आकर्षित कर रही है.

## बरकट्ठा में 60 वर्षों से हो रही है दुर्गा मंडप में मां की पूजा



**नवीन मेल संवाददाता**

**बरकट्ठा।** प्रखंड क्षेत्र में नवरात्र के तीसरे दिन पूजा अर्चना धूमधाम से की गई। प्रखंड के गोरहर, बंडासिंगा, बेलकपी, बरकट्ठा, बरवां में बन रहे दुगार्पूजा पंडाल को देखने के लिए दूर-दूर से लोग आ रहे हैं। वहीं सुबह पूजा अर्चना एवं शाम को आरती में श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ रही है। सभी पंडालों में सीसीटीवी एवं अग्निशमन उपकरण की व्यवस्था की जा रही है। वहीं पुलिस प्रशासन भी क्षेत्र में शांति व्यवस्था कायम रखने में अहम भूमिका निभा रही है। विदित हो कि बरकट्ठा दुगार्पूजा का इतिहास 60 वर्ष से भी अधिक पुराना है। शुरूआत में यहां छोटे स्तर पर पूजा पाठ हुआ करती थी जो आए दिन यह बड़े पैमाने पर होने लगी। इस वर्ष दुर्गा पूजा के अध्यक्ष बरकट्ठा के रामखेलावन यादव और शोभा समिति के अध्यक्ष उपेंद्र यादव चुने गए हैं। इस निमित उपेंद्र यादव ने बताया कि इस वर्ष दुगार्पूजा पंडाल आकर्षक ढंग से सजाया जा रहा है। जो आकर्षण का मुख्य केंद्र होगा साथ ही आकर्षक लाइट, डीजे का सजावट आदि किया जा रहा है। पूजा पंडाल के अंदर और बाहर सीसीटीवी कैमरे का भी व्यवस्था किया गया है। साथ ही साथ महिलाओं और पुरुषों के पूजा के लिए अलग-अलग प्रवेश द्वार बनाए गए हैं। पूजा पंडाल में किसी तरह का हुड़दंग ना हो इसके लिए कई वालंटियर भी नियुक्त किए गए हैं।

## अंग्रेजी विभाग में लेखन और चित्रकारी प्रतियोगिता आयोजित



**नवीन मेल संवाददाता**

**रामगढ़।** राधा गोविंद विश्वविद्यालय के अंग्रेजी विभाग में 17 अक्टूबर को नवरात्र के उपलक्ष्य पर ह्यविक्ट्री ऑफ गुड ओवर इविलह्व (बुराई पर अच्छाई की विजय) के विषय पर लेखन एवं चित्रकारी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। विभाग के स्नातक एवं स्नातकोत्तर में अध्ययन कर रहे सभी विद्यार्थियों ने प्रतियोगिता में भाग लिया और विषय से संबंधित लेख और चित्रकारी प्रस्तुत किया। इस अवसर पर विश्वविद्यालय के कुलाधिपति बी. एन. साह ने कार्यक्रम की सराहना की। कुलपति प्रो. (डॉ.) शुक्ला महंती ने कहा कि हर किसी का यह कर्तव्य है कि अपने अंदर असत्य और बुराई का नाश करें । कुलसचिव डॉ निर्मल कुमार मंडल ने विद्यार्थियों का उत्साहवर्धन करते हुए कहा कि सभी अपने मन के अंधकार को दूर करने का संकल्प लें। अंग्रेजी विभाग के विभागाध्यक्ष रुचिका केरकेट्टा ने धन्यवाद ज्ञापन करते हुए बुराई पर अच्छाई की जीत के विषय पर अपने विचार व्यक्त किए। मौके पर राधा गोविंद शिक्षा स्वास्थ्य ट्रस्ट के सचिव प्रियंका कुमारी, वित्त एवं लेखा पदाधिकारी डॉ संजय कुमार, परीक्षा नियंत्रक डॉ अशोक कुमार, सहायक परीक्षा नियंत्रक डॉ रश्मि, समिति के सदस्य श्री अजय कुमार ,विभिन्न विभागों के विभागाध्यक्ष ,व्याख्यातागण एवम,छात्र-छात्राएं उपस्थित थे।

### जागरूक
### श्रीदस इंटरनेशनल स्कूल में शहीदों के सम्मान में वंदन कार्यक्रम आयोजित

# कलश यात्रा शहीदों के प्रति सम्मान-नमन का प्रतीक है : अकेला

## मेरी माटी मेरा देश के तहत कार्यक्रम

**नवीन मेल संवाददाता**

**बरही ।** मेरी माटी मेरा देश कार्यक्रम के तहत नेहरू युवा केंद्र युवा व खेल मंत्रालय हजारीबाग और जिला प्रशासन के तत्वाधान में श्रीदस इंटरनेशनल स्कूल देवचंदा मोड में शहीदों को नमन और वीरों को वंदन कार्यक्रम का आयोजन किया गया. कार्यक्रम की शुरूआत अमृत कलश यात्रा के साथ हुआ. जिसमे ग्रामीणों ने अमृत कलश में अपने गांव की मिट्टी देने का काम किया. यात्रा के बाद विद्यालय प्रांगण में शहीदों के सम्मान में कार्यक्रम प्रारंभ हुआ. जिसका शुभारंभ बतौर मुख्यातिथि विधायक उमाशंकर अकेला यादव और विशिष्ट अतिथि प्रमुख मनोज रजक, सांसद प्रतिनिधि गणेश यादव, भाजपा प्रदेश मीडिया प्रभारी रंजीत चंद्रवंशी, प्राचार्य रोहित सिंह आदि अतिथियों ने स्वामी विवेकानंद एवं चंद्रशेखर आजाद के फोटो पर माल्यार्पण कर किया. कार्यक्रम में हमारे देश के वीर शहीदों को नमन किया गया. साथ ही वीर शहीदों के परिवार वालों को सम्मानित किया गया. कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे नेहरू युवा केंद्र के राष्ट्रीय युवा स्वयंसेवक आकाश कुमार ने बताया कि प्रत्येक गांव की मिट्टी एवं चावल को अमृत कलश में रखकर उसे दिल्ली ले जाया जाएगा. जहां उस मिट्टी का प्रयोग अमृत वाटिका बनाने के लिए किया जाएगा. जो हमारे देश के वीरों के सम्मान के लिए होगा. मुख्य अतिथि विधायक अकेला ने कहा कि मेरी माटी मेरा देश यह कार्यक्रम आज पूरे देश में मनाया जा रहा है. जो देश में शहीद होने वाले सभी वीर सपूतों की याद दिलाता है. यह कार्यक्रम मिट्टी को नमन और वीरों का वंदन करने का अवसर दे रहा है. हमारे वीर बॉर्डर पर जाग कर हमें सुरक्षा प्रदान कर रहे है.ऐसे सभी वीरों और शहीदों को याद करने का सबसे अच्छा अवसर है. मंच संचालन अमजीत पांडेय ने किया. कार्यक्रम में उत्क्रमित उच्च विद्यालय खोडाहार के शिक्षक विक्रम कुमार, बाल विकास विभाग से सुनीता कुमारी, नेहरू युवा केंद्र हजारीबाग के स्वयंसेवक एवं विभिन्न पंचायत से आए मुखिया जनप्रतिनिधि, श्रीदस के विद्यार्थी सहित विभिन्न स्कूलों के छात्र-छात्राएं उपस्थित थे.




## नकाबपोश अपराधियों ने कर्मियों को बनाया बंधक

### एक लाख से अधिक नगद लूटकर भाग निकले

**रामगढ़ ।** हथियार के बल पर रांची रोड स्थित बीआरएल विद्युत प्रशाखा कार्यालय में सोमवार की मध्य रात्रि नकाबपोश सशस्त्र अपराधियों ने कर्मियों को बंधक बना कर करीब नगद 1 लाख 16 हजार 3 सौ 90 रुपए लूटकर फरार हो गये। इस सम्बन्ध में सहायक विद्युत अभियंता विद्युत आपूर्ति प्रमंडल कुजू वीरेंद्र उरांव ने ओपी में लिखित आवेदन दिया है। जिसमें उन्होंने कहा है कि रात करीब 1 बजे 10-12 की संख्या में पहुंचे नकाबपोश अपराधियों ने डयूटी में तैनात तकनीकी सहायक चामू मुंडा व मानव बल बाबी कुमार महतो को हथियार के बल पर कब्जे में लिया। साथ ही उनके हाथ-पैर बांध कर चेहरो को कपड़ा से ढंक दिया। बाद में अपराधियों ने प्रशाखा कार्यालय का ताला तोड़कर व एटीपी मशीन को क्षतिग्रस्त कर 1 लाख 16 हजार 3 सौ 90 रुपए लूट लिए। इसके बाद सुबह विद्युतकर्मी चंद्रमोहन महतो द्वारा घटना की सूचना मोबाइल के माध्यम से वरीय अधिकारियों को दी गई। घटना से कार्यालय में कार्यरत अन्य कर्मियों के बीच दहशत का माहौल व्याप्त है।

## गागर में सागर

### आयुष्मान भारत जिला स्तरीय समिति की बैठक, स्वास्थ्य सुविधा बढ़ाने पर जोर



**कोडरमा।** समाहरणालय सभागार में उपायुक्त मेघा भारद्वाज की अध्यक्षता में आयुष्मान भारत जिला स्तरीय समिति की बैठक हुई. बैठक में कई बिंदुओं पर विचार-विमर्श किया गया. उपायुक्त ने सदर अस्पताल समेत सभी सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में ओपीडी, आईपीडी व मुख्यमंत्री जन आरोग्य योजना, अस्पतालों में चिकित्सकों की उपलब्धता, ओपीडी रजिस्ट्रेशन का पोर्टल पर डाटा संधारण समेत कई बिंदुओं पर किये जा रहे कार्यों की अद्यतन रिपोर्ट की जानकारी ली. उपायुक्त ने मुख्यमंत्री जन आरोग्य योजना से प्राप्त राशि और उससे व्यय राशि की भी जानकारी ली. अस्पतालों में दवाओं के स्टॉक कितने हैं, ये भी जाना. उन्होंने सदर अस्पताल में जेनरल सर्जरी व ज्ञानिक हेतु चिकित्सकों की नियुक्ति के लिए विज्ञापन प्रकाशित करने का निर्देश सिविल सर्जन को दिया. साथ ही सभी प्रकार के कार्यों का बेहतर तरीके से डाटा संधारण करने को कहा. डीसी ने आयुष्मान भारत के तहत कार्यरत चिकित्सकों व कर्मियों की जानकारी लेते हुए आवश्यक दिशा-निर्देश दिये.

### बानो बीडीओ से 20 सूत्री सदस्यों ने की मुलाकात



**बानो।** नव पद स्थापित बीडीओ बानो से बीस सूत्री सदस्यों ने शिष्ठचार मुलाकात किया। बीडीओ नई मउद्दीन अंसारी को गुलदस्ता देकर स्वागत किया ।मौके पर औपचारिक परिचय के साथ साथ क्षेत्र की समस्याओं पर चर्चा की गई जिसमें प्रधानमंत्री आवास लाभुकों को अधिक मूल्य पर बालू मिलने ,प्रखण्ड में हाथियों के उत्पात ,शैक्षणिक संस्थानों में लाइट ,डिग्री कॉलेज में पेयजल समस्या आदि विषयों पर चर्चा की गई।मौके पर प्रखण्ड बीस सूत्री उपाध्यक्ष मनीर खान ,जे एम एम प्रखण्ड अध्यक्ष ललित बड़ाईक ,सदस्य जगदीश बागे ,हन्ना हेरेंज ,सुसाना तोपनो ,मार्टिन बारला आदि लोग उपस्थित थे।

### भालू के हमले में ग्रामीण गंभीर रूप से घायल, रिम्स रेफर

**कोडरमा।** सदर थाना क्षेत्र अंतर्गत पंचायत इंदरवा गांव चितरपुर में भालू के हमले से ग्रामीण घायल हो गया. करहरिया तालाब के समीप दोपहर में भालू के हमले में चितरपुर निवासी 50 वर्षीय जमुना सिंह, पिता भातु सिंह पर हमला बोला था. जमुना सिंह शौच के लिए गांव के करहरिया तालाब के पास गया हुआ था. जहां अचानक भालू ने हमला बोल दिया. व्यक्ति के शोर मचाने के बाद भालू जंगल की ओर भाग गया. वहीं भालू के हमले की सूचना पाकर इंदरवा पंचायत मुखिया उमा देवी ने ग्रामीणों के सहयोग से घायल व्यक्ति को सदर अस्पताल पहुंचाया. चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार के बाद बेहतर इलाज के लिए रांची रिम्स रेफर कर दिया.

### कोलेबिरा बीडीओ ने कस्टम हायरिंग सेंटर का किया निरीक्षण



**कोलेबिरा।** वर्ष के मानसून चढ़ते ही पहली बारिश में आई तेज आंधी तूफान से लचरागढ कस्टम हायरिंग सेंटर के छत का उड़ गया था। पूजा को लेकर क्षेत्र भ्रमण करने लचरागढ़ पहुंचे बीडीओ को ग्रामीणों के द्वारा कस्टम हायरिंग सेंटर के एस्बेस्टस उड़ जाने की जानकारी दी गई जिस पर तुरंत संज्ञान लेते हुए कस्टम हायरिंग सेंटर का निरीक्षण किया और मौके पर ही उन्होंने संवेदक को फोन लगाकर अतिशीघ्र एस्बेस्टस लगाकर कस्टम हायरिंग सेंटर को दुरुस्त करने का निर्देश दिया। गौरतलब हो कोलेबिरा बानो मुख्य पथ स्थित लचरागढ़ में ग्रामीण विकास विभाग श्यामा प्रसाद मुखर्जी रूर्बन मिशन अंतर्गत कस्टम हायरिंग सेंटर ऐडेगा का निर्माण हुआ है। पर साल के पहली बारिश और आंधी तूफान में ही कस्टम हायरिंग सेंटर के छत का एस्बेस्टस उड़ गया।ग्रामीणों का कहना है कि पहले ही बारिश में एस्बेस्टस का उड़ जाना गुणवत्ता पर भी सवाल खड़ा करता है।

# ग्रामीणों ने राशन डीलर के खिलाफ खोला मोर्चा



नवीन मेल संवाददाता

**जलडेगा।** जलडेगा के राशन डीलर रोशनी महिला मंडल के खिलाफ सैकड़ों की संख्या में पहुंचे ग्रामीणों ने राशन कटौती एवं दुर्व्यवहार का आरोप लगाते हुए करवाई की मांग की है। सैकड़ों की संख्या में महिला एवं पुरूष कार्डधारियों ने अंचल कार्यालय पहुंचकर सीओ सह खाद्य आपूर्ति पदाधिकारी समीर कच्छप को लिखित शिकायत देते हुए कहा कि कार्डधारकों को जितना राशन अंकित किया जाता है उतना राशन नही दिया जा रहा है। साथ ही अगस्त महीने का गेहूं भी नही दिया गया एवं सितंबर महीने के राशन में भी धांधली की गई है। मौके पर मौजूद महिलाओं ने कहा कि रोशनी महिला मंडल के सदस्यों द्वारा कार्डधारकों से दुर्व्यवहार किया जाता है एवं अनुचित शब्दों का उपयोग किया जाता है जिससे कार्डधारकों में काफी रोष है ।इन्ही बातों से आक्रोशित होकर जलडेगा जामटोली,डिपाटोली,चिकटोली आदि क्षेत्र के कार्डधारकों ने गोलबंद होकर सीओ को लिखित आवेदन देकर करवाई की मांग की है ।वहीं सीओ समीर कच्छप ने ग्रामीणों को जांच के उपरांत करवाई का आश्वासन दिया है। मौके पर रीता देवी, संतोषी देवी, सुनीता आईन्द, रसिका मड़की, देवनारायण नायक, गणेश नायक, कमेश्वर सिंह, सीता देवी, अलेक्जेंडर मड़की, हरि नायक, रंथू नायक, राजू अहीर, पार्वती देवी, फगनू बड़ाईक, जगबंधु नायक, मतीयस आईन्द, पौलुस आईन्द, शानिला मड़की, जिब्रीया लुगुन, चिराग लोहरा सहित अन्य ग्रामीण उपस्थित थे।

### तीन दिवसीय वार्ड सदस्यों का प्रारंभिक प्रशिक्षण का आयोजन

**कोलेबिरा।** प्रखंड कार्यालय सभागार में तीन दिवसीय वार्ड सदस्यों का प्रारंभिक प्रशिक्षण कार्यक्रम का हुआ आयोजन ।जिसमें प्रखंड विकास पदाधिकारी वीरेंद्र किंडो, मास्टर ट्रेनर दिव्या रश्मि बरला, रिसोर्स पर्सन अनूप ककेरकेट्टा, प्रखंड कल्याण पदाधिकारी हृदयनाथ पांडे, सामुदायिक पुलिसिंग पदाधिकारी एस आई अक्षय कुमार, ए एस आई इंद्रजीत समद, कोलेबिरा उप मुखिया संजीत कुमार एवं वार्ड सदस्य की उपस्थित थे। प्रशिक्षण कार्यक्रम में मास्टर ट्रेनर दिव्या रश्मि बरला ने वार्ड सदस्यों को अपने क्षेत्र में होने वाले कार्यों के बारे में विस्तृत जानकारी दिया। मौके पर सामुदायिक पुलिसिंग पदाधिकारी अक्षय कुमार ने उपस्थित लोगों को साइबर क्राइम से संबंधित जानकारियां दी एवं सभी से आग्रह किया कि अपने क्षेत्र के रहने वाले ग्रामीणों को जागरूक करें उन्हें किसी प्रकार का ठगी का शिकार होने से रोके।

# डीसी और एसपी ने पूजा पंडालों का किया निरीक्षण



नवीन मेल संवाददाता

**सिमडेगा।** उपायुक्त, सिमडेगा अजय कुमार सिंह एवं एसपी, सिमडेगा सौरभ कुमार ने शहर के विभिन्न पूजा पंडालों का निरीक्षण किया।निरीक्षण के दौरान उपायुक्त एवं एसपी ने दुर्गा पूजा पंडालों में पुख्ता सुरक्षा व्यवस्था व विधि व्यवस्था की स्थिति सामान्य रखने को लेकर आवश्यक निर्देश दिये। उपायुक्त ने विभिन्न मंदिर में समिति के लोगों से मुलाकात कर दुर्गा पूजा के विभिन्न कार्यक्रमों व विधि-व्यवस्था की स्थिति की जानकारी ली। मंदिर परिसर की स्थित का अवलोकन करते हुए साफ-सफाई की व्यवस्था, फायर इक्विप्मेंट पंडालों रखने एवं परिसर में सीसीटीवी कैमरे लगाने के निर्देश दिये ताकि हर गतिविधि पर नजर रखी जा सके। साथ ही महिलाओं एवं पुरुषों के अलग-अलग निकासी द्वार रखने का निर्देश दिया।मौके पर अनुमंडल पदाधिकारी सिमडेगा महेंद्र कुमार, समाज कल्याण पदाधिकारी सिमडेगा राजेंद्र प्रसाद सिंह, एसडीपीओ,कार्यपालक अभियंता विद्युत प्रमंडल सिमडेगा विश्वंभर मरांडी आदि उपस्थित थे।

### कोडरमा : ग्रिजली विद्यालय में फूंका गया रावण का पुतला

**कोडरमा।** ग्रिजली विद्यालय, तिलैया डैम में दशहरा पर्व को देखते हुए रावण दहन कार्यक्रम का आयोजन किया गया. इस दौरान विद्यालय के छात्रों ने रावण के 15 फीट ऊँचे पुतले का दहन किया. यह आयोजन छात्रों को भारतीय संस्कृति के महत्व के बारे में बतलाने के लिए किया गया था. छात्रों ने विद्यालय के फुटबॉल मैदान में आर्ट एंड क्राफ्ट के शिक्षक दीपक पांडेय और उनके क्लब के छात्रों के द्वारा बनाये गए 15 फीट ऊंचे रावण के पुतले को दहन किया. कार्यक्रम का छात्रों ने भरपूर आनंद उठाया. इस अवसर पर कक्षा चतुर्थ की छात्रा पीहू कुमारी ने हिंदी और कक्षा पंचम की छात्रा ऊर्जा ने अंग्रेजी में भाषण दिये. विद्यालय के सीईओ प्रकाश गुप्ता ने छात्रों को दुर्गा पूजा एवं नवरात्रि की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि हमें मयार्दा पुरषोत्तम भगवान राम के जीवन तथा रामायण से सीख मिलती है कि भगवान श्रीराम के आदर्शों पर चलकर हमें अपने परिवार को एकता के सूत्र में बांधना चाहिए.

# सफाई कर्मियों ने विधायक भूषण बाड़ा से न्यूनतम मानदेय दिलाने की मांग रखी



नवीन मेल संवाददाता

**सिमडेगा।** नगर परिषद के सफाई कर्मियों ने मंगलवार को सिमडेगा विधायक भूषण बड़ा से मुलाकात कर न्यूनतम मानदेय लागू कराने की मांग की है। सफाई कर्मियों ने इस संबंध में विधायक को एक मांग पत्र भी सौंपा है। सफाई कर्मियों ने विधायक को बताया कि नगर परिषद के सफाई कर्मियों का न्यूनतन वेतन का निर्धारण विगत कई वर्षों से राज्य सरकार के श्रम नियोजन एवं कौशल विकास विभाग द्वारा किया गया है। वहीं केन्द्र सरकार के एसडीएम प्रोजेक्ट के तहत सफाई कार्य श्री श्याम एजेंसी प्रालि. द्वारा चलाया जा रहा है। इसके माध्यम से प्राप्त न्यूनतम मजदूरी झारखंड सरकार द्वारा लागू न्यूनतम मजदूरी से भी कम है। कंपनी द्वारा सफाई कर्मियों को प्रति माह ईपीएफ काट कर मात्र 8893.45 रुपए दिया जाता है। महंगाई के इस दौर में यह मानदेय काफी कम है। उन्होंने विधायक से न्यूनतम मजदूरी भुगतान दिलाने के संबंध में पहल करने की मांग की। जिस पर विधायक ने कहा कि सफाई कर्मियों की मांगे जायज है। इन कर्मियों के कारण शहर साफ सूथरा नजर आता है। इन कर्मियों को न्यूनतम मजदूरी मिलना चाहिए। उन्होंने सफाई कर्मियों की मांगों को लेकर मुख्यमंत्री से मिलने का आश्वासन दिया। इधर विधायक ने सफाई कर्मियों के साथ नगर परिषद के प्रशासक सुमीत कुमार महतो से मुलाकात की। साथ ही सफाई कर्मियों की समस्याओं को दूर करने एवं सफाई कर्मियों को न्यूनतम मजदूरी देने का निर्देश दिया। मौके पर नगर विधायक प्रतिनिधि शकील अहमद, विधायक प्रतिनिधि शीतल एक्का, डा. अहमद हुसैन, मो अरमान सहित काफी संख्या में सफाई कर्मचारी मौजूद थे।

# ढिंगुरपानी के ग्रामीणों को दी गई सरकारी योजनाओं की जानकारी




नवीन मेल संवाददाता

**जलडेगा।** प्रखंड के ढिंगुरपानी गांव में लीड्स संस्था द्वारा कन्वर्जेंस सेमिनार कार्यक्रम आयोजित कर संस्था द्वारा जलडेगा प्रखंड के 25 गांव में किए जा रहे गतिविधियों को बताया गया। इस दौरान संस्था के प्रखंड परियोजना समन्वयक आलोक कुमार ने ग्रामीणों को मनरेगा, राशन कार्ड, श्रम विभाग, 15वें वित्त आयोग, शिक्षा विभाग, स्वास्थ्य विभाग, कृषि विभाग, आत्म, मुख्यमंत्री पशुधन योजना, प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना, प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजना, उज्जवला योजना, ई श्रम कार्ड से जुड़ी योजनाओं का लाभ लेने के लिए आवेदन भरने की प्रक्रिया, आवश्यक दस्तावेज और योजना से मिलने वाले लाभों की विस्तृत जानकारी दिया। इस दौरान ग्रामीणों को श्रम विभाग में आवश्यक रूप से निबंधन कराने के लिए प्रेरित किया गया। बताया गया की श्रम विभाग में निबंधन करने पर मजदूरों को विभाग द्वारा 20 प्रकार का लाभ दिया जाता है। मौके पर संस्था के कार्यकर्ता मनोज बिंझिया, कलिंद्र प्रधान, कुलदीप सुरीन, ग्राम सभा अध्यक्ष, सचिव, वार्ड सदस्य

# अखरा संस्कृति जीवित रखने वाले नृत्य दल को किया गया सम्मानित

## युवाओं को अखरा बचाने की दिलाई शपथ



नवीन मेल संवाददाता

**ठेठईटांगर।** प्रखंड के कोरोमिया पंचायत के महतो टोली में चक्रीय विकास संस्थान द्वारा विलुप्त हो रही पारंपरिक अखरा संस्कृति एवं अखरा के संरक्षण एवं संवर्धन हेतु कार्यक्रम का आयोजन किया गया।कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में ठेठईटांगर प्रमुख विपिन पंकज मिंज व विशिष्ट अतिथि के रूप में मंच के संयोजक सत्यव्रत ठाकुर उपस्थित थे।कार्यक्रम का उदघाटन अतिथियों ने दिया जलाकर किया।कार्यक्रम के दौरान आदिवसी संस्कृति एवं अखरा को बचाने के लिए उपस्थित ग्रामीणों को अखरा में प्रत्येक सप्ताह ढोल मांदर नगाड़ा के साथ लोकगीत एवं नृत्य का आयोजन करने,युवा युवतियों को अखरा में आने,डीजे नही बजाने के लिए शपथ दिलाई गई।इसके साथ ही तन मन धन से समर्पित होकर अखरा को हर हाल में जीवित रखने की बात कही गई।साथ ही अखरा को हर हाल में जिंदा रखने की बात कही गई.मौके पर कोरोमिया महतो टोली के नृत्य मंडली को अखरा बचाने में अहम भूमिका निभाने के लिए प्रशस्ति पत्र व प्रतीक चिन्ह भेंट कर अतिथियों द्वारा सम्मानित किया गया।मौके पर अखरा कार्यक्रम का आयोजन किया गया.जिसने मुख्य रूप से गायक खिलेश्वर सिंह,पुनित दुबे,दयाल उरांव,प्रिंस कुमार मुख्य रूप से उपस्थित थे।कार्यक्रम को सफल बनाने में मुख्य रूप से विजय तिर्की, शोभा लकड़ा, पुष्पा लकड़ा, बेनेदिक लकड़ा, अनिल लकड़ा, जोर्ज लकड़ा, सनिला कुजूर, सपना बरवा, रूफी लकड़ा, जेनिफा बाड़ा, प्रेमशिला बाड़ा, बिनोद तिर्की, सुदर्शन तिर्की, कार्यक्रम का संचालन सलमोन लकड़ा के द्वारा किया गया।

### प्रखंड स्तरीय साप्ताहिक बैठक में मनरेगा, पीएम आवास योजना की समीक्षा

**कोडरमा।** जयनगर प्रखंड सभागार में प्रखंड स्तरीय साप्ताहिक समीक्षा बैठक का आयोजन किया गया. जिसमें मनरेगा, प्रधानमंत्री आवास योजना एवं 15वीं वित्त आयोग के तहत संचालित योजनाओं की समीक्षा की गई. बीडीओ ने मनरेगा के तहत योजनाओं की पूर्णता, निबंधित परिवारों को 100 दिन का रोजगार उपलब्ध कराने, सभी पंचायत में लक्ष्य के अनुरूप बिरसा सिंचाई कूप संवर्धन योजना एवं वीर शहीद पोटो हो खेल विकास योजनाओं को स्वीकृति प्रदान करते हुए कार्य प्रारंभ करना और प्रतिदिन प्रत्येक पंचायत में 100 मानव दिवस का सृजन करने का निर्देश दिया. बैठक में परियोजना पदाधिकारी डीआरडीए एवं मनरेगा लोकपाल भी उपस्थित रहे. मनरेगा लोकपाल ने बैठक को संबोधित करते हुए कहा कि मनरेगा योजनाओं में लगने वाले सूचनापट्ट में एकरूपता एवं संपूर्ण जानकारी प्रदर्शित हो, इस पर ध्यान देने की आवश्यकता है. परियोजना पदाधिकारी बसंत कुमार ने कहा कि जिन परिवारों को 80 दिनों से अधिक का रोजगार उपलब्ध कराया गया है।

# दुर्गापूजा को लेकर खाद्य सुरक्षा विभाग ने चलाया छापेमारी



नवीन मेल संवाददाता

**सिमडेगा।** उपायुक्त सिमडेगा के आदेशानुसार एवं सिविल सर्जन सिमडेगा के निर्देशानुसार दुर्गा पूजा के निमित खाद्य सुरक्षा पदाधिकार अपूर्वा मिंज के द्वारा सिमडेगा जिला के विभिन्न होटलो एवं खाद्य प्रतिष्ठानों में औचक छापेमारी किया गया। जांच के क्रम में होटल संचालकों को रसोईघरों की साफ-सफाई कराने का निर्देश दिया गया, साथ ही विभिन्न होटलो से मिठाईयों का नमूना संग्रहित कर खाद्य जांच प्रयोगशाला भेज दिया गया। निरीक्षण के क्रम में कुछ मिठाई दुकानदारों के उपर बिना लायसेंस बिक्री करने पर जुमार्ना किया गया है साथ ही बस स्टैण्ड सिमडेगा के पास हिन्दुस्तान डेयरी के खाद्य प्रतिष्ठान में निरीक्षण के क्रम में एक्सपायरीपेय पदार्थ बिक्री करते पाया गया जिसपर कार्रवाई की जा रही है। खाद्य सुरक्षा पदाधिकारी सिमडेगा के द्वारा खाद्य कारोबारियों से अपील किया गया है कि आगामी त्योहार को देखते हुए सिमडेगा जिला के खाद्य व्यवसायवेता अपने प्रतिष्ठान में ऐसी कोई भी खाद्य सामग्री लोगो को उपभोग न कराये जिससे आमजन के स्वास्थ्य पर हानिकारक प्रभाव पड़े। साथ ही मिठाईयों के सामने पैकेट बंद खाद्य सामग्रियों पर एफएसएसएआई नम्बर अंकित करते हुए निर्माण तिथि, एक्सपायरी तिथि अंकित कर मिठाईयों की बिक्री करें।

**स्वागत** | कुडपानी हॉकी मैदान में छह दिवसीय हॉकी प्रतियोगिता शुरू

# उदघाटन मैच में नागफेनी ने फरसापानी को हराया



नवीन मेल संवाददाता

**सिमडेगा।** जिला अंतर्गत ठेठईटांगर प्रखंड के कुडपानी स्कूल मैदान में 17से 22अक्तूबर तक नव युवक संघ हॉकी एसोसिएशन कुडपानी ,आसनबेड़ा के द्वारा आयोजित नव युवक संघ हॉकी चैंपियनशिप कुडपानी ,पुरुष=2023 का आज उद्घाटन मैच खेला गया ।उद्घाटन मैच में उपस्थित हॉकी सिमडेगा के अध्यक्ष मनोज कोनबेगी,कोनमेंजरा पंचायत की मुखिया सुषमा जी,खेल मैदान के जमीन दाता स्व गौरी शंकर प्रसाद के पोते उत्कर्ष कुमार, आयोजन समिति के अध्यक्ष विजय प्रसाद एवम अन्य सदस्यों ने खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त मैच प्रारम्भ कराया। उद्घाटन मैच नागफेनी और फरसापानी के बीच खेला गया जिसमें नागफेनी की टीम 3=1गोल से विजयी रही। प्रतियोगिता का समापन 22अक्तूबर को किया जाएगा और प्रतियोगिता में प्रथम, द्वितीय और तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले टीमों को पुरुस्कार स्वरूप खस्सी दिया जाएगा। प्रतियोगिता को सफल बनाने में मुख्य रूप से अध्यक्ष विजय कुमार प्रसाद, उपाध्यक्ष समुयल समद,सचिव सुनील लुगुन, उप सचिव जितेंद्र सिंह, उपर्संक्षक समुराय बा, कोषाध्यक्ष जयमसिह समद, खड़कधर सिंह, अजीत तिर्की इत्यादि की प्रमुख भूमिका है।

# कोडरमा : पीवीएस डीएवी पब्लिक स्कूल में पुस्तक समीक्षा प्रतियोगिता

नवीन मेल संवाददाता




**कोडरमा।** पीवीएस डीएवी पब्लिक में इंग्लिश साहित्य क्लब द्वारा ह्वपुस्तक समीक्षा प्रतियोगिताह्व का आयोजन किया गया. इस प्रतियोगिता के मुख्य अतिथि सह गेस्ट स्पीकर और निर्णायक की भूमिका उदय द्विवेदी निभा रहे थे. वहीं अधिवक्ता एवं समाज सेवी टाइम्स ऑफ इंडिया के जाने माने पत्रकार मनोज कुमार सिंह भी मुख्य अतिथि के रूप में मौजूद थे. विद्यालय के प्राचार्य कृष्ण कुमार सिंह ने दोनो अतिथियों को पुष्प गुच्छ भेंट कर स्वागत किया. वहीं विद्यालय के बच्चों ने स्वागत गीत गाये. अपने स्वागत संबोधन में दोनों अतिथियों ने साहित्यिक खूबी के बारे में बच्चों को बताया. यह प्रतियोगिता कक्षा आठवीं से लेकर बारहवीं तक के बच्चों के बीच करवाई गई. कक्षा आठवीं के बच्चे द्वारा रस्किन बांड द्वारा लिखित ह्वद ब्लू अंब्रेलाह्वपुस्तक की समीक्षा की गई.वहीं कक्षा नवमी के ने सुधा मूर्ति द्वारा लिखितह्वग्रैंडमा ह्वस बैग ऑफ स्टोरिजह्व पुस्तक की समीक्षा की. कक्षा दसवीं के बच्चों ने विक्रम सेठ द्वारा लिखित ह्वफ्रॉम हेवन लेकह्वपुस्तक की समीक्षा की. कक्षा ग्यारहवीं के बच्चों ने नरेंद्र मोदी द्वारा लिखित ह्वइक्जाम वॉरियर्सह्व पुस्तक की समीक्षा की तो वहीं बारहवीं के बच्चों ने स्टीफन रिचर्ड कोवी द्वारा लिखित ह्वद सेवेन हैबिट्स ऑफ हाईली इफेक्टिव पीपलह्वपुस्तक की समीक्षा की. कक्षा आठवीं से बारहवीं के बीच हुई पुस्तक समीक्षा प्रतियोगिता में कक्षा ग्यारहवीं विज्ञान के आयुष राज ने दमदार प्रस्तुति दी और प्रथम स्थान पर रहे. द्वितीय स्थान ग्यारहवीं वाणिज्य की कोमल ने प्राप्त किया तो वहीं तृतीय स्थान पर कक्षा दसवीं की नेहा रानी रहीं. मंच का संचालन महजबी प्रवीण ने किया. धन्यवाद ज्ञापन कुमार सतीश सिंह के द्वारा किया गया. इस अवसर पर विद्यालय के प्राचार्य कृष्ण कुमार सिंह ने बच्चों के पुस्तकों के प्रति रुचि और गहराई से अध्ययन-मनन करने की क्षमता की सराहना की.

## गागर में सागर

### थाना प्रभारी ने बच्चों को किया जागरूक

**भवनाथपुर।** भवनाथपुर थाना प्रभारी रामेश्वर उपाध्याय ने मंगलवार को बालिका उच्च विद्यालय की छात्राओं को सड़क सुरक्षा यातायात नियम, साइबर क्राइम, डायन व भूत कुप्रथा से संबंधित जानकारी दी। इस मौके पर रामेश्वर उपाध्याय ने छात्राओं से कहा कि सड़क सुरक्षा के नियमों का पालन करके हम स्वयं की और सामने वाले की भी जान बचा सकते हैं। हमारा जीवन अमूल्य है इसको क्षण भरके लापरवाही से आज लोग अपनी जान गंवा दे रहे हैं। कहा कि जब भी पिता, भाई या अपने करीबी लोग बाइक चलाते हैं तो उन्हें जरूर हेलमेट पहनने को कहें। दो पहिया वाहन चलाते समय हमेशा हेलमेट का प्रयोग करना चाहिए। कभी भी शराब पीकर गाड़ी नहीं चलानी चाहिए। कार चलाते समय हमेशा सीट-बेल्ट बांधनी चाहिए। वाहन चलाते समय मोबाइल फोन पर बात नहीं करनी चाहिए। हमेशा ट्रैफिक नियमों का पालन करना चाहिए। सड़क दुर्घटना पीड़ितों की मदद करनी चाहिए। सड़क दुर्घटना पर 100 नंबर या स्थानीय पुलिस को सूचित करें, जरूरी हो तो उसे 108 एम्बुलेंस को कॉल करें व एक अस्पताल तक भेजने में मदद करें। वहीं डायन, भूत कुप्रथा के बारे में बताया कि यह सिर्फ एक अंध विश्वास है। साइबर क्राइम के बारे में घरों व आसपास के लोंगो को जागरूक करें।

### धुरकी के बीडीओ को दी गई विदाई

**धुरकी।** बीडीओ अरूण कुमार सिंह के तबादला होने पर प्रखंड कार्यालय के सभागार मंगलवार को विदाई सह सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। सिंह ने बीडीओ का प्रभार सीओ जुलफिकार अंसारी को दिया। इस मौके पर उपस्थित लोगों ने सिंह के कार्यकाल की प्रशंसा की। जनप्रतिनिधियों व अंचला अधिकारी ने माला पहनाकर व अंगवस्त्र देकर उन्हें सम्मानित किया। सिंह ने कहा कि धुरकी के सभी जनप्रतिनिधियों, अधिकारियों व ग्रामीणों का सहयोग एवं प्यार हमेशा यादगार बना रहेगा। वहीं मौके पर प्रखंड प्रमुख शंति देवी, सुनिता कुमारी, प्रभारी बीपीओ राजीव कुमार, छवि सिंह, शशी विश्वकर्मा, संतोष जायसवाल, सुदर्शन गुप्ता आदि उपस्थित थे।

### नेता प्रतिपक्ष बाउरी को दी गई बधाई

**भवनाथपुर।** अनुसूचित जाति मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष चंदन कियारी (बोकारो) के विधायक अमर कुमार बाउरी को भाजपा केंद्रीय व राज्य नेतृत्व द्वारा विधानमडल नेता प्रतिपक्ष मनोनीत किए जाने पर भवनाथपुर के विधायक भानू प्रताप शाही के आवास पर कार्यकर्ताओं की बैठक कर दूसरे को मिठाई खिलाकर उन्हें बधाई दी गई। मौके पर भाजपा अनुसूचित जाति मोर्चा के जिला अध्यक्ष लक्ष्मण राम, जिला उपाध्यक्ष राजीव रंजन तिवारी, जिला मंत्री बबलु पटवा भगत, दयानंद यादव, अनुसूचित जाति मोर्चा के जिला महामंत्री उपेंद्र दास, मनोज पहाड़िया, अनिल कुमार चौबे, संजय यादव, राजा सिंह, धनंजय सिंह, रामकृपाल द्विवेदी, विक्रांत सिंह, रामकेवल पासवान, ओमप्रकाश गुप्ता, पुष्प रंजन, दिनेश राम, राजेश बैठा, विनोद सिंह, अधिवक्ता मृतुंजय तिवारी, मंडल अध्यक्ष जयप्रकाश यादव, संध्याकर बिस्वकर्मा, दिलीप यादव, बिभूती भूषण चौबे, सुनिल सिंह, सुनिल रवि, धनंजय कुमार, मनोज सिंह खरवार, मंगल यादव, बलजीत सोनी, अशोक सेठ आदि मौजूद थे।

### बाइकों की टक्कर में युवक हुआ घायल

**गढ़वा।** गांधी थाना क्षेत्र के डूमर सोता गांव निवासी सागर चौहान का पुत्र चंद्रदीप चौहान मोटरसाइकिल के टक्कर में घायल हो गया। उसे सदर अस्पताल में भर्ती किया गया है। घटना के संबंध में परिजनों ने बताया कि चंद्रदीप चौहान अपने घर से कंडी बाजार करने गया हुआ था। वापस घर लौटने के दौरान कांडी थाना के पास विपरीत दिशा से आ रही मोटरसाइकिल ने इसकी मोटरसाइकिल में टक्कर मार दी। घटना के बाद आसपास के लोगों ने उसे घायल अवस्था में उठाकर कंडी स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया, जहां से उसे प्राथमिक उपचार के बाद उसकी गंभीर स्थिति में मझिआव स्वास्थ्य केंद्र रेफर कर दिया। वहां से भी गढ़वा सदर अस्पताल रेफर कर दिया।

### मोटरसाइकिल दुर्घटना में युवक जख्मी

**गढ़वा।** थाना क्षेत्र के टाटी दिरी गांव निवासी मुख्तार अंसारी का पुत्र सद्दाम अंसारी मोटरसाइकिल दुर्घटना में घायल हो गया। उसे गढ़वा सदर अस्पताल में भर्ती किया गया है। घटना के संबंध में परिजनों ने बताया कि सद्दाम अंसारी अपने घर से मेराल थाना क्षेत्र के पर सही गांव अपने ससुराल गया हुआ था। लौटने के क्रम में सही गांव में ही एक कुत्ता अचानक उसकी बाइक के सामने आ गया, जिसे बचाने के दौरान अनियंत्रित होकर दुर्घटनाग्रस्त हो गई। परिजनों ने उसे सदर अस्पताल में भर्ती करवाया।

### ग्राइंडर मशीन से हाथ काटने से जख्मी

**गढ़वा।** मेराल थाना क्षेत्र के पेशका गांव निवासी नंदू विश्वकर्मा का पुत्र अजय कुमार विश्वकर्मा ग्राइंडर मशीन से हाथ काटने से जख्मी हो गया। उसे गढ़वा सदर अस्पताल में लाया गया। घटना के संबंध में बताया गया कि अजय गढ़वा शहर के चिनिया रोड स्थित नहर चौक पर एक घर में वेल्डिंग का काम कर रहा था। इसी दौरान ग्राइंडर मशीन चलाने के क्रम में ग्राइंडर छींटक कर उसके हाथ में लग गई। इससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। साथ में काम कर रहे लोगों ने उसे सदर अस्पताल लाया।

### सीढ़ी से गिरकर महिला घायल, गंभीर

**गढ़वा।** मेराल थाना क्षेत्र के छापरवार कला गांव निवासी पंचम चंद्रवंशी की पत्नी चंद्रमणि देवी सीढ़ी से गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गई। उसे गढ़वा सदर अस्पताल में भर्ती किया गया है। परिजनों ने बताया कि चंद्रमणि देवी अपने घर की सीढ़ी पर चढ़कर छत पर गई थी। वापस उतारने के दौरान अचानक उसका पैर फिसल गया। इससे चंद्रमणि देवी गिरकर घायल हो गई। घटना के बाद परिजनों ने उसे सदर अस्पताल में भर्ती करवाया।

## मंत्री ने पूजा पंडालों का किया भ्रमण, मां दुर्गा का आशीर्वाद लेकर कहा

# केंद्र के भरोसे नहीं रहेगा झारखंड गरीबों को मिलेगा अबुआ आवास

**नवीन मेल संवाददाता। गढ़वा**

शारदीय नवरात्र प्रारंभ होते ही विधायक सह झारखंड सरकार के पेयजल एवं स्वच्छता मंत्री मिथिलेश कुमार ठाकुर ने गढ़वा विधानसभा क्षेत्र के प्रत्येक गांव व टोला में स्थापित पूजा पंडालों का भ्रमण किया। इस दौरान मंत्री ने पूजा अर्चना कर मां दुर्गा से गढ़वा की सुख-समृद्धि, अमन-चैन एवं बेहतर विकास की कामना की। उन्होंने गढ़वा वासियों सहित संपूर्ण प्रदेश वासियों को नवरात्रि की शुभकामनाएं दी। इस दौरान मंत्री ने सभी पूजा पंडालों में सहयोग राशि भी प्रदान की। विभिन्न स्थानों पर आयोजित रामलीला कार्यक्रम का मंत्री ने फीता काटकर उद्घाटन किया। इस दौरान रामलीला के कलाकारों को मंत्री ने सम्मानित भी किया। वहीं चिनिया मंत्री ठाकुर ने चिनिया मुख्यालय सहित प्रखंड के विभिन्न पूजा पंडालों का भ्रमण कर देवी दुर्गा मां का दर्शन करते हुए आशीर्वाद ग्रहण किया। बाजार में स्थित जय भवानी संघ दुर्गा पूजा कमेटी के सदस्यों से मुलाकात कर सहयोग राशि दी। ततपश्चात बस स्टैंड स्थित हनुमान मंदिर दुर्गा पूजा मंडप परिसर में माता रानी का दर्शन किया।



मौके पर मंत्री ने कहा कि मां दुर्गा ने महिषासुर का वध कर असुरी शक्तियों का विनाश किया। कहा जाता है कि जब मां दुर्गा ने महिषासुर का वध किया, तब वह समय आश्विन माह का था, इसलिए हर साल आश्विन माह की प्रतिपदा से लेकर पूरे नौ दिनों तक नवरात्रि का त्योहार मनाया जाता है, जिसे शारदीय नवरात्रि कहते हैं। शारदीय नवरात्रि सांसारिक इच्छाओं को पूरा करने वाली मानी जाती है। मंत्री ने कहा कि राज्य में पहली बार जनता की चुनी हुई झारखंडी जनमानस की सरकार बनी है। राज्य की जनता ने झारखंड में देश का एकमात्र आदिवासी मुख्यमंत्री बनाया है। सत्ता के लोभियों को यह बात हजम नहीं हो रही है। केंद्र सरकार झारखंड के विकास को अवरुद्ध करना चाहती है। यही कारण है कि राज्य से आठ लाख गरीबों के आवास स्वीकृत कर के केंद्र को भेजा गया है, परंतु केंद्र सरकार पैसा नहीं दे रही है। मंत्री ने कहा कि झारखंड अब आवास के लिए केंद्र के भरोसे नहीं रहेगा। झारखंड में अब अबुआ आवास राज्यवासियों को दिया जाएगा। वह भी पूरे तीन कमरा, शौचालय, बाथरूम एवं रसोई के साथ दिया जाएगा। उम्मीद है कि कल के कैबिनेट में यह पास भी हो जाएगा। इसके लिए राज्य सरकार ने 15 हजार करोड़ रुपये का प्रावधान किया है। राज्य के सभी गरीब जनता को पक्का मकान मिलेगा। दो साल के अंदर राज्य का कोई भी गरीब पक्का मकान विहीन नहीं रहेगा। इसे ही जनता के प्रति जिम्मेवारी एवं संवेदनशीलता कहते हैं। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री की ऐसी सोच है कि आने वाले समय में हम राज्य एवं राज्यवासियों को इतना समृद्ध बना देंगे कि राज्य की जनता खुद ही राशन कार्ड फाड़कर फेंक देगी व बाजार से खरीदकर अनाज खायेगी। मंत्री ने कहा कि वे जितनी तत्परता से क्षेत्र के विकास के लिए लगे रहते हैं आज तक किसी भी जनप्रतिनिधि ने सोचा भी नहीं है। यही कारण है कि गढ़वा में आज चारों तरफ विकास की किरण दिखाई पड़ रही है। मौके पर मुख्य रूप से चंद्रचूड़ सिंह, बीस सूत्री जिला उपाध्यक्ष नितेश सिंह, जिलाध्यक्ष तनवीर आलम, सचिव मनोज ठाकुर, महिला मोर्चा जिलाध्यक्ष रेखा चौबे, फरीद खान, दिलीप गुप्ता, अरविंद यादव, संजय सिंह छोटू, शरीफ अंसारी, दीपमाला, फुजैल अहमद, अशर्फी राम, चंदा देवी, अराधना सिंह आदि लोग उपस्थित थे।

# कटौती कर राशन देने पर लाभुकों का हंगामा

## जरही व डंडई के डीलरों पर मनमानी का आरोप

**नवीन मेल संवाददाता। डंडई**



प्रखंड क्षेत्र स्थित जरही गांव के जन वितरण दुकानदार नेहा महिला स्वयं सहायता समूह की ओर से कटौती कर लाभुकों के बीच खाद्यान्न वितरण करने का मामला प्रकाश में आया है। बताया जाता है कि दुकानदार प्रति व्यक्ति खाद्यान्न में एक किलो की कटौती कर लाभुकों को खाद्दान्न देने का काम कर रहा है। इससे आक्रोशित लाभुकों ने मंगलवार को दुकान पर जमकर बवाल काटा। इस दौरान दुकानदार के खिलाफ खूब नारेबाजी भी की। लाभुक इतने आक्रोश में थे कि वे दुकान को रद्द करने की बात पर अड़े हुए थे।

दुकान पर राशन लेने पहुंचे लाभुक पुनीत कुमार, मंज चौधरी, रमेश प्रजापति, सामरिया देवी, कुंती देवी, पनवा देवी, फुलमतिया देवी इत्यादि लोगों ने बताया कि उक्त दुकानदार द्वारा पहले 100 ग्राम प्रति किलो की कटौती कर हम लोगों को राशन दिया जा रहा था। लेकिन अक्टूबर माह में उनके द्वारा प्रति व्यक्ति 1 किलो की कटौती कर खाद्यान दिया जाने लगा। हमने इसका विरोध किया तो धमकी दी जाने लगी कि जहां जाना है जाइए। लाभुकों ने बताया कि घर पर खाने के लिए किसी भी तरह का अन्न नहीं होने के कारण उनके कहे अनुसार हम सभी प्रति व्यक्ति 1 किलो की कटौती कर खाद्यान्न लेने को मजबूर हो गए। इस बीच गांव के समाजसेवी संजय चौधरी ने बताया कि नेहा महिला समूह पूरी तरह से भ्रष्ट व्यवस्था के तहत अपनी दुकान को चलाने का काम कर रहा है। उनके द्वारा बेरोक टोक लाभुकों के खाद्यान्न की कटौती की जाती है। इससे पहले भी प्रखंड के विभागीय पदाधिकारी के पास कई बार उनकी शिकायत पहुंची है। लेकिन किसी भी तरह की कार्रवाई नहीं हुई। उधर प्रखंड मुख्यालय स्थित डंडई गांव के जन वितरण दुकानदार विंध्याचल महिला समूह द्वारा भी खाद्यान्न कटौती कर लाभकों के बीच वितरण करने का मामला प्रकाश में आया है। उनके द्वारा भी प्रति किलो 50 ग्राम की कटौती की जा रही है। लाभुक देवराज सिंह ने बताया कि मुझे भी कटौती कर राशन दिया गया। सोमवार को सभी लाभुकों इसी तरह राशन दिया गया। वहीं लाभुक ओम प्रकाश मेहता ने बताया कि उक्त दुकानदार द्वारा निजी तराजू पर तौलकर खाद्यान्न दिया गया।

# शादी के तीन दिन बाद महुआ के पेड़ से लटका मिला युवक का शव

## पिता ने थाने में आवेदन देकर पुलिस से निष्पक्ष जांच की मांग की, एफआईआर दर्ज

**नवीन मेल संवाददाता। बारियातु**

थाना क्षेत्र के हिसरी ग्राम निवासी बिपिन कुमार सिंह (23) पिता अजय सिंह ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। बिपिन की तीन दिन पूर्व डाढ़ा गांव में शादी करवाई गई थी। शादी के महज तीन दिन के अंदर मुक्की स्थित महुआ के पेंड़ पर फंदा लगाकर जान दे दी। घटना की सुचना मिलते ही थाना के एएसआई बिंदेशवर महतो सदलबल घटना स्थल पहुंच कर शव को पोस्टमार्टम के लिए लातेहार भेज दिया।



मृतक के पिता ने थाना में आवेदन देकर बताया कि बिपिन सोमवार रात्रि अपने कमरे में सोया हुआ था। मंगलवार के अहले सुबह पांच बजे मैं किसी काम को लेकर उठाने गया तो उसकी की पत्नी शिम्पी कुमारी ने बताया कि तीन बजे के आसपास पानी पीने की बात कहकर रूम से बाहर गए तब से वापस नहीं लौटे। काफी खोजबीन बाद ग्रामीण से जानकारी मिली की मुकी आहरा के समीप महुआ के पेड़ में फांसी पर लटका एक शव है। तब हम सभी परिवार ग्रामीणों के साथ उक्त स्थल पर पहुंचे तो देखा कि शव उसके पुत्र का ही है। आगे बताया कि 14 अक्टूबर को डाढा के ग्रामीणों ने मेरे पुत्र को बारियातु हाई स्कूल के पास बुलाकर बंधक बनाकर डाढ़ा गांव ले गए। कुछ ही देर बाद डाढ़ा निवासी द्वारा हिसरी निवासी सुनील सिंह के मोबाइल पर फोन कर कहा गया कि बिपिन की शादी करानी है। आप लोग डाढ़ा गांव आईए। हम कुछ ग्रामीणों के साथ डाढ़ा गांव पहुंचे। डाढ़ा के ग्रामीणों से शादी के लिए एक माह का समय मांगा, पर मेरी बात नहीं सुनी गई। 15 अक्टूबर को मेरे पुत्र की शादी शिम्पी कुमारी के साथ कराकर मेरे घर हिसरी पहुंचा दी गई। तब से मेरा पुत्र मानसिक रूप से काफी तनाव में रह रहा था। पिता ने डाढा, बालूमाथ, झाबर चतरा जिले के बगरा (चतरा) गांव के कुछ लोगों का नाम देकर पुलिस से निष्पक्ष जांच करने की मांग की है। वहीं घटना के संबंध में थाना प्रभारी मुकेश कुमार चौधरी ने बताया कि मृतक के पिता द्वारा आवेदन प्राप्त हुआ है। एफआईआर दर्ज कर त्वरित कार्रवाई की जा रही है। अचानक उक्त घटना होने से परिजन सहित आसपास में मातम पसर गया है।

# ट्रैक्टर पलटने से 3 मजदूर घायल, 2 की हालत गंभीर



**नवीन मेल संवाददाता। बरवाडीह**

थाना क्षेत्र के मंगरा पंचायत में अमडीहा कचनपर मार्ग में मंगलवार सुबह एक ट्रैक्टर के पलटने से तीन मजदूर घायल हो गए, जिनमें दो की हालत गंभीर बताई गई है। जानकारी के अनुसार ईंट भट्ठा व्यवसायी देवराज अग्रवाल का खाली ट्रैक्टर उस मार्ग से गुजर रहा था। इसी बीच संतुलन बिगड़ जाने के कारण ट्रैक्टर दुर्घटनाग्रस्त हो गया, जिसमें ट्रॉली में बैठे तीन मजदूर घायल हो गए। इनमें बनारसी राम, ललन कुमार मंगरा निवासी एवं सुनील सिंह रंका (गढ़वा) का निवासी बताया गया है। दुर्घटना के उपरांत ग्रामीण ने इसकी सूचना 108 के माध्यम से बरवाडीह अस्पताल को दी, जिससे ग्रामीणों की मदद से तीनों घायलों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाया गया। चिकित्सा प्रभारी डॉक्टर आशीष रंजन, स्वास्थ कर्मी राजेश चंद्र सिन्हा, दानिश कुमार ने तीनों का इलाज किया। वहीं घटना की सूचना पाकर जिप सदस्य संतोषी शेखर ने तत्काल अस्पताल पहुंच कर घायलों का इलाज करवाया। गंभीर रूप से घायल बनारसी राम एवं सुनील सिंह को मेदिनीनगर रेफर किया गया है। मजदूर ललन सिंह की हालत ठीक बताई गई है। घटना की सूचना मिलने पर बरवाडी थाना प्रभारी श्रीनिवास कुमार सिंह घटना स्थल पहुंचकर मामले की जांच पड़ताल शुरू कर दी है।

## खरौंधी में मेरी माटी, मेरा देश के तहत कलश लेकर निकाली गई प्रभातफेरी

**नवीन मेल संवाददाता। खरौंधी**

प्रखंड क्षेत्र के अरंगी स्थित किसान इंटर कॉलेज के प्रांगण में मंगलवार को नेहरू युवा केंद्र गढ़वा की ओर से प्रखंड स्तरीय मेरी माटी, मेरा देश कार्यक्रम आयोजित किया गया। इसका शुभारंभ मुख्य अतिथि जिला प्रवक्ता आजसू सह पूर्व उपप्रमुख गोरखनाथ चौधरी, कालेज के प्रचार्य अवधेश सिंह कुशवाहा, समाजसेवी डॉ. रामनाथ मेहता ने संयुक्त रूप से किया। इससे पूर्व मिट्टी संग्रह कलश को लेकर प्रभातफेरी निकाली गई। मौके पर लोगों को संबोधित करते हुए चौधरी ने कहा कि आजादी के अमृत महोत्सव को हमलोगों ने धूमधाम से मनाया है। अमृत महोत्सव के अंतिम कार्यक्रम के रूप में हमारे देश को आजाद कराने में शहीद हुए वीर, वीरांगनाओं के बलिदान को सम्मान देने के लिए मेरी माटी, मेरा देश




अभियान की शुरुआत की गई है। वहीं बच्चों ने सांस्कृतिक कार्यक्रम भी प्रस्तुत किया। मौके पर खरौंधी थाना के एसआई सुनील दास, जेएसलपीएस जीआरपी सिमा कुमारी, मनीषा कुमारी, सतवंती देवी, जितेंद्र मेहता, रेखा देवी, बबलू राम आदि मौजूद थे।

### मेरी माटी, मेरा देश कार्यक्रम आयोजित

**भवनाथपुर।** प्रखंड स्तरीय मेरी माटी, मेरा देश का कार्यक्रम के अंतर्गत उत्क्रमित मध्य विद्यालय घाघरा सिंदुरिया में कलश यात्रा एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिला परिषद सदस्य रंजनी कुमारी उर्फ रंजनी शर्मा, बीडीओ नंदजी राम ने संयुक्त रूप से इसका शुभारंभ किया। मौके पर मुखिया नंदलाल पाठक, बीडीसी प्रतिनिधि प्रदीप गुप्ता, विद्यालय के एचएम उर्मिला देवी, सहायक शिक्षक रामनंदन बैठा, राकेश चौबे, उदय गुप्ता तथा युवा क्लब सिंदुरिया के अध्यक्ष विकास वियार, सदस्य उपेंद्र, जितेंद्र, अरविंद, पप्पू, रौशन, धर्मेंद्र, ओमप्रकाश आदि मौजूद थे।

## चिनिया में हुआ मेरी माटी, मेरा देश कार्यक्रम, निकाली गई कलश यात्रा

**नवीन मेल संवाददाता। चिनिया**

प्रखंड मुख्यालय स्थित आवासीय उच्च विद्यालय परिसर में नेहरू युवा केंद्र के तत्वाधान में मेरी माटी, मेरा देश कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस दौरान स्वयंसेवक धनंजय यादव के नेतृत्व में सैकड़ों महिलाओं ने गणमान्य व्यक्तियों के घर जाकर मिट्टी एवं चावल एकत्रित कर आवासीय विद्यालय परिसर से थाना मोड़ अंबेडकर चौक तक कलश यात्रा निकाली। जनसमूह ने पांच प्राण की शपथ ली। वहीं स्वयंसेवक सुनीता कुमारी ने बताया कि युवाओं के साथ मिलकर अमृत कलश यात्रा प्रत्येक गांव में निकाली गई है। वहीं मुख्यालय के आवासीय उच्च विद्यालय परिसर में एक नुक्कड़ नाटक पेश किया गया। मौके पर मुख्य अतिथि के रूप



में आवासीय विद्यालय प्रधानाध्यापक लालेश्वर सिंह, पंचायत समिति सदस्य प्रतिनिधि राजेश प्रसाद, मुखिया पति चरकू परहीया, दुर्गा यादव, मुकेश सोनी, जयप्रकाश गुप्ता, मनोज प्रसाद, सतवंत कुमार यादव, विनोद यादव आदि थे।

**पहल** | कई नये चेहरों को मिली जिम्मेदारी, मंत्री ने नव चयनित पदाधिकारियों का किया स्वागत

# झामुमो युवा मोर्चा प्रखंड कमेटियों का किया गया विस्तार

**नवीन मेल संवाददाता। गढ़वा**

झामुमो युवा मोर्चा रंका अनुमंडल कमेटी सहित रंका, रमकंडा एवं चिनिया प्रखंड कमेटी का विस्तार किया गया है। युवा मोर्चा जिलाध्यक्ष संजय सिंह छोटू ने पदाधिकारियों का मनोनयन कर सूची जिला कमेटी को सौंप दी है।

गढ़वा विधायक सह झारखंड सरकार के पेयजल एवं स्वच्छता मंत्री मिथिलेश कुमार ठाकुर ने मंगलवार को अपने आवास पर सभी नवचयनित पदाधिकारियों का स्वागत किया। उन्होंने कहा कि सभी पदाधिकारी युवा एवं उजार्वान हैं। ये



सभी संगठन को काफी मजबूती प्रदान करेंगे। युवा मोर्चा जिलाध्यक्ष ने बताया कि रंका अनुमंडल कमेटी में पप्पू यादव को अध्यक्ष, बनारसी सिंह को सचिव, मनोज भुइंहर को संगठन सचिव, लालमोहन पासवान को कोषाध्यक्ष, एजाज अंसारी को मीडिया प्रभारी तथा विकेंद्र कोरवा, सुरेश कोरवा, राजकिशोर रवि, संतोष यादव, चंद्रशेखर सिंह को उपाध्यक्ष बनाया गया है, जबकि रंका प्रखंड कमेटी में दीपक सोनी को युवा मोर्चा का अध्यक्ष, अलीम अंसारी को सचिव, मुन्ना सिंह, नारद सिंह खरवार को संगठन सचिव, रामबाबू ठाकुर को कोषाध्यक्ष, रिंकु अग्रवाल को मीडिया प्रभारी, मुख्तार अंसारी, अभिजीत गुप्ता, संतोष रवि, मुकेश तिवारी, दिलीप सिंह खरवार को उपाध्यक्ष, रमकंडा प्रखंड कमेटी में इमित्याज अंसारी को अध्यक्ष, सुरेंद्र राम को सचिव, नागेंद्र यादव को संगठन सचिव, राजनाथ यादव को कोषाध्यक्ष, मुनील कुमार पासवान को मीडिया प्रभारी, देवनाथ राम, रामचंद्र पांडेय, रामसेवक सिंह, सत्यनारायण सिंह खरवार व कलामुद्दीन अंसारी को उपाध्यक्ष तथा चिनिया प्रखंड कमेटी रामवृक्ष सिंह खरवार को अध्यक्ष, बेलाल अंसारी को सचिव, नसरूल्लाह अंसारी, मंदीप यादव को संगठन सचिव, भरत कुमार सिंह को कोषाध्यक्ष, अनूप कुमार कोरवा को मीडिया प्रभारी, शंभु पासवान, गोपाल यादव तथा संतोष प्रसाद यादव को उपाध्यक्ष बनाया गया है।

मौके पर मुख्य रूप से जिला बीस सूत्री उपाध्यक्ष नितेश सिंह, जिलाध्यक्ष तनवीर आलम, सचिव मनोज ठाकुर, अरविंद यादव, राजकिशोर यादव उपस्थित थे।

# विधायक प्रतिनिधि बनीं रेखा, मंत्री ने सौंपा पत्र

**नवीन मेल संवाददाता। गढ़वा**

झामुमो महिला मोर्चा जिला अध्यक्ष रेखा चौबे को महिला, बाल विकास एवं सामाजिक सुरक्षा का विधायक प्रतिनिधि मनोनीत किया गया है। गढ़वा विधायक झारखंड सरकार के पेयजल एवं स्वच्छता मंत्री मिथिलेश कुमार ठाकुर ने चौबे को मंगलवार को अपने आवास पर मनोनयन पत्र सौंपा। मौके पर मंत्री ने कहा कि रेखा चौबे काफी कर्मठ एवं कर्तव्यनिष्ठ नेत्री हैं। इनके कुशल नेतृत्व में महिला एवं बच्चों का अधिकार बेहतर तरीके से प्राप्त हो सके इसके लिए इन्हें इस विभाग का विधायक प्रतिनिधि बनाया गया है। मंत्री ने



कहा कि वे संबंधित विभाग के पदाधिकारी से समन्वय स्थापित कर विभाग के कार्य से आमजनों को लाभान्वित करेंगी। मौके पर मुख्य रूप से बीस सूत्री जिला उपाध्यक्ष नितेश सिंह, झामुमो जिलाध्यक्ष तनवीर आलम, सचिव मनोज ठाकुर, चंदा देवी, दीपमाला, आराधना सिंह आदि उपस्थित थे।

# जागृत शक्तिपीठ है रजरप्पा

***शक्ति*** पीठ उन स्थानों पर हैं जहां सती माता के अंग गिरे हैं। सिद्धपीठ किसी भी भगवान की किसी भी स्थान पर हो सकती है। झारखंड के रजरप्पा का मंदिर जागृत शक्तिपीठ के रूप में पूरी दुनिया में जाना जाता है। जंगलों, पहाड़ियों और नदियों से घिरा क्षेत्र, जगह-जगह साधना करते लोग, मंत्रोच्चार से गूंजता वातावरण, हवन कुंडों से उठती ज्वाला। यह रजरप्पा है। यहां है करीब छह हजार साल पुराना बताया जाने वाला मां छिन्नमस्तिका का मंदिर पौराणिक आख्यानों के साथ-साथ साधकों-तपस्वियों की मान्यता है कि छिन्नमस्तिका का यह धाम असम के कामरूप कामाख्या के बाद दूसरे सबसे जागृत शक्तिपीठ है। हर साल की तरह इस बार भी शारदीय नवरात्र पर तप-साधना के लिए देश के विभिन्न हिस्सों से भक्तों, तंत्र साधकों और अघोरियों का जुटान हुआ है। रांची से करीब 85 किलोमीटर दूर रजरप्पा में हर नवरात्रि और अमावस्या की तिथि में यहां पूरे देश भर से शक्ति यानी देवी के उपासक जुटते हैं। इनमें सबसे ज्यादा तादाद झारखंड, बिहार, उत्तर प्रदेश, पश्चिम बंगाल, छत्तीसगढ़ और उड़ीसा के साधकों की होती है। इस बार भी यहां भारी भीड़ उमड़ी है। मान्यता है कि सच्चे मन से आज भी मांगी गई मुराद मां पूरा करती हैं। मंदिर के पुजारी की मानें तो राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू की रजरप्पा मंदिर में गहरी आस्था रही है। वह झारखंड की राज्यपाल रहते हुए कई बार यहां आ चुकी हैं।उसी समय यह ऐलान हो चुका था कि वह भारत की राष्ट्रपति बनेगीं। आज सबके सामने है कि वह देश की राष्ट्रपति हैं। कहने का अभिप्राय यह कि पूजा व पाठ कभी बेकार नहीं जाते हैं। ईश्वर भी कहते हैं कि तुम जितना भी अहंकार कर लो,होगा वही जो मैं चाहूंगा। लेकिन मनुष्य थोड़ी सी सफलता पर अहंकार से भर जाता है। वैसे व्यक्ति को आईना दिखाते हैं मंदिर। खास कर जागृत मंदिरों में नवरात्र के मौके पर हर व्यक्ति को अवश्य जाना चाहिए। लेकिन ऐसा नहीं होता है। दूसरी तरफ ऐसे मंदिरों की तरफ सरकार के द्वारा व्यापक सुरक्षा के प्रबंध होने चाहिए। बहरहाल इस मंदिर के पुजारी अजय पांडा ने कहा कि उनका और रामगढ़ के अन्य लोगों का मानना है कि राष्ट्रपति मुर्मू पहली आदिवासी राष्ट्रपति बनने के बाद एक बार अवश्य अपनी जीत के बाद देवता का आशीर्वाद लेने के लिए मंदिर का दौरा करेंगी, जिसमें उनकी गहरी आस्था है। व्यस्तता और बड़ी जवाबदेही की वजह से शायद उनका ध्यान इस ओर नहीं गया है,लेकिन धर्म में आस्था रखने वाले लोगों की मानें तो राष्ट्रपति मुर्मू अवश्य यहां आयेगीं। इसके बाद मंदिर का और विकास होगा। छिन्नमस्तिके मंदिर प्रक्षेत्र में नेपाल और भूटान के अलावा जर्मनी सहित चेक गणराज्य से हर साल कई पर्यटक पहुंचते हैं। कारण प्राचीन मान्यताओं के अनुसार यह स्थान मेधा ऋषि की तपस्थली के रूप में जाना जाता रहा है। हालांकि उनसे जुड़ा कोई भौतिक अवशेष यहां नजर नहीं आता। यह मंदिर दामोदर नद और भैरवी नदी के संगम के किनारे त्रिकोण मंडल के योनि यंत्र पर स्थापित है, जबकि पूरा मंदिर श्रीयंत्र के आकार में है। मां छिन्नमस्तिके को पौराणिक ग्रंथों में बताये गये 10 महाविद्या में से एक माना जाता है। यह देवी का रौद्र स्वरूप है। मंदिर में उत्तरी दीवार के साथ रखे शिलाखंड पर दक्षिण की ओर मुख किये छिन्नमस्तिका की प्रतिमा स्थित है। कुछ साल पहले मूर्ति चोरों ने यहां मां की असली प्रतिमा को खंडित कर आभूषण चुरा लिए थे। इसके बाद यह प्रतिमा स्थापित की गई है।

**रांची से करीब 85 किलोमीटर दूर रजरप्पा में हर नवरात्रि और अमावस्या की तिथि में यहां पूरे देश भर से शक्ति यानी देवी के उपासक जुटते हैं। इनमें सबसे ज्यादा तादाद झारखंड, बिहार, उत्तर प्रदेश, पश्चिम बंगाल, छत्तीसगढ़ और उड़ीसा के साधकों की होती है। इस बार भी यहां भारी भीड़ उमड़ी है।**

# नारी शक्ति के नये युग का स्वागत





अर्जुन राम मेघवाल

***लोकतांत्रिक*** व्यवस्था में किसी भी उल्लेखनीय बदलाव के लिए सर्वसम्मति से लिया गया निर्णय विशेष महत्व रखता है। यह समावेशी बदलाव लाने की सामूहिक भावना को दर्शाता है। हाल ही में भारत ऐसे ऐतिहासिक निर्णयों का साक्षी बना है जिनकी गूंज विश्व भर में सुनाई दे रही है, इनमें से एक है भारत की अध्यक्षता में आयोजित किये गये जी 20 शिखर सम्मेलन में सभी सदस्य देशों द्वारा दिल्ली घोषणा पत्र को सर्वसम्मति से स्वीकार करना तथा दूसरा है नारी शक्ति वंदन अधिनियम का पारित होना। एक बार फिर, जबकि वैश्विक भू-राजनीतिक परिदृश्य अनेक संदर्भों में भारी उथल-पुथल का सामना कर रहा है, उसी दौर में लोकतंत्र की गौरवमयी जननी भारत के मुकुट में एक और रत्न जुड़ गया है। नये संसद भवन के पहले विधायी एजेंडे ने यह माहौल बना दिया है कि महिलाओं के नेतृत्व में राष्ट्र की विकास यात्रा को और अधिक तेज गति प्रदान की जा सकती है। महिलाओं द्वारा राष्ट्र के विकास में अपनी भागीदारी सुनिश्चित करने के लिए लंबे समय से की जा रही मांग को पूरा करते हुए मोदी सरकार ने संकल्प को सिद्धि में बदलने के लिए प्रतिबद्ध होकर नारी शक्ति वंदन विधेयक को संसद में पारित कराया है। ऐसा कहा जाता है, सरलता में ही सुंदरता है, और यही स्थिति इस बात में दिखाई देती है कि केंद्र और राज्य स्तर पर प्रतिनिधि संस्थानों में महिलाओं की उचित भागीदारी निर्धारित करने वाले महिला आरक्षण विधेयक को नारी शक्ति वंदन अधिनियम के रूप में लागू होते हुए देखने में इस देश की महिलाओं ने 27 वर्षों तक इंतजार किया है। बहुत ही सरल रूप में हम यह कह सकते हैं कि नारी शक्ति जो आधी आबादी का गठन करती है, की लोकतांत्रिक प्रतिनिधि संस्थानों में हिस्सेदारी न्यूनतम थी और यह स्थिति प्राकृतिक नियम के विरुद्ध थी। बाध्यकारी सामाजिक मान्यताओं ने निर्णय की प्रक्रिया में महिलाओं की भागीदारी को सीमित कर दिया तथा समाज द्वारा लिए गये निर्णयों का अनुपालन करने के लिए वह काफी हद तक बाध्य कर दी गईं। इन चुनौतियों के बीच, इस दृष्टिकोण के विरोध में अनेक अपवाद सामने आये, महिलाएं अपने पर थोपी गईं बाध्यकारी वर्जनाओं से बाहर निकलीं तथा आज के समय में महिलाओं ने हर क्षेत्र में देश को गौरवान्वित किया है। अब मोदी सरकार ने इस नैतिक कर्तव्य को सम्मानपूर्वक प्राथमिकता दी है तथा शीर्ष निर्णय कर्ता के रूप में महिलाओं की भूमिका को मान्यता देकर एक ऐतिहासिक गलती को दुरुस्त करने की दृढ़ इच्छाशक्ति दिखाई है। विधायी क्षेत्र में नारी शक्ति वंदन अधिनियम द्वारा प्रस्तावित लैंगिक न्याय महिलाओं के सम्मान को समग्र रूप में बल प्रदान करेगा तथा संतुलित नीति निर्माण के लिए समुचित परिस्थिति सृजित होगी। यह एक विडंबना परंतु सत्य है कि संयुक्त राज्य अमेरिका को स्वतंत्रता प्राप्ति के बाद महिलाओं को समान मतदान का अधिकार देने में 144 साल लग गये। ब्रिटेन में महिलाओं को मताधिकार उनके द्वारा दृढ़ निश्चय पूर्वक दशकों तक मताधिकार की एक बड़ी लड़ाई लड़ने तथा एक विश्व युद्ध की समाप्ति के बाद उत्पन्न हुई परिस्थितियों में दिया गया। हमारे पूर्वज दूरदर्शी थे और उन्होंने आजादी के तुरंत बाद महिलाओं के लिए मतदान का अधिकार सुनिश्चित किया। अब देश की

**महिलाओं द्वारा राष्ट्र के विकास में अपनी भागीदारी सुनिश्चित करने के लिए लंबे समय से की जा रही मांग को पूरा करते हुए मोदी सरकार ने संकल्प को सिद्धि में बदलने के लिए प्रतिबद्ध होकर नारी शक्ति वंदन विधेयक को संसद में पारित कराया है।**

**इन दिनों**

स्वतंत्रता प्राप्ति के 75 वर्ष पूरे होने पर मनाये जा रहे अमृत महोत्सव के युग को चिह्नित करते हुए भारत ने महिलाओं के लिए मताधिकार सुनिश्चित करने से आगे बढ़ते हुए उनके लिए संसद और विधान सभाओं में प्रतिनिधित्व का अधिकार भी सुनिश्चित किया है। पूज्य बाबा साहेब डॉक्टर भीमराव अंबेडकर ने संविधान सभा में 25 नवंबर 1949 को दिये गये अपने ऐतिहासिक भाषण में बोलते हुए विशेष रूप से यह पूछा था कि कब तक हम विरोधाभासों का यह जीवन जीते रहेंगे। इस अवसर पर उन्होंने देश को सामाजिक तथा आर्थिक असमानताओं के प्रति आगाह किया था। पिछले 9 वर्षों के दौरान मोदी सरकार द्वारा देश के निर्धन वर्ग के लोगों तथा आम जनता के कल्याण को ध्यान में रखकर लागू की जा रही नीतियों से उन विरोधाभासों को समाप्त किया जा रहा है। इस बात का यह प्रमाण है कि इस अवधि के दौरान देश के 13.5 करोड़ से ज्यादा लोग गरीबी से बाहर आ गये हैं। ऐतिहासिक नारी शक्ति वंदन अधिनियम एक व्यक्ति, एक वोट तथा एक मूल्य की भावना को साकार करने की दिशा में उठाया गया एक और कदम है। एक अन्य दृष्टिकोण के आधार पर भारतीय दार्शनिक मूल्यों से हमें यह ज्ञात होता है कि स्त्री और पुरुष गुणों का सही संतुलन आंतरिक शांति, सद्भाव एवं व्यक्तिगत संतुष्टि प्रदान करके आत्म-साक्षात्कार की स्थिति उत्पन्न करता है। भौतिक दुनिया में, यही स्थिति सामाजिक ताने-बाने को मजबूत कर सकती है तथा इस धरती को मानव जाति के रहने के लिए एक सुंदर स्थान बनाने की दिशा में हमारे शेष लक्ष्यों को प्राप्त कर सकती है। यह हम पर निर्भर करता है कि हम सामूहिक लक्ष्यों की प्राप्ति तथा मानवता के कल्याण के लिए महिलाओं में मौजूद उनकी ईश्वर प्रदत्त क्षमता का कितना उपयोग कर सकते हैं। महिलाओं में मौजूद दृढ़ता, रचनात्मकता, त्याग, ममता, करूणा, दया, समर्पण तथा विश्वास जैसे सहज गुण उन्हें नेतृत्व करने की विशिष्ट क्षमता प्रदान करते हैं तथा इसके लिए उन्हें शीर्ष प्रबंधन स्कूलों एवं विश्वविद्यालयों से नेतृत्व पाठ्यक्रम प्रमाणपत्र लेने की आवश्यकता नहीं है। बस आवश्यकता इस बात की है कि उन्हें उनका उचित स्थान दिया जाये तथा ऐसा करने मात्र से ही उनके क्षमता निर्माण को व्यापक बल मिलेगा तथा वे दूसरों द्वारा अनुकरण के लिए एक आदर्श मॉडल भी बनेंगी। संविधान (128वां संशोधन) अधिनियम मोदी सरकार के लिए कोई राजनीतिक कदम नहीं है, बल्कि यह विश्वास का प्रतीक है। जुलाई 2003 में, भाजपा ने रायपुर में आयोजित की गई राष्ट्रीय कार्यकारिणी समिति की बैठक में संसद तथा राज्यों की विधानसभाओं में महिलाओं के लिए आरक्षण का एक प्रस्ताव पारित किया था। बाद में पार्टी द्वारा संगठन स्तर पर इस प्रयास को अमल में लाया गया तथा इसे अपने घोषणा पत्र में भी शामिल किया गया। अब यह पूरे देश के लिए बदलाव का एक माध्यम बन गया है। संसद का विशेष सत्र बुलाना तथा सर्वसम्मति-आधारित निर्णय के लिए सभी राजनीतिक दलों को राजी करना एक कठिन कार्य था, जिसे सरकार ने इस विषय की पवित्रता को ध्यान में रखते हुए काफी सावधानीपूर्वक किया है। पहले इस नेक काम का विरोध करने वाले कुछ राजनीतिक दलों का इस विधेयक के लिए सहमत होना उनकी इच्छा से नहीं हुआ है बल्कि ऐसा करना उनकी राजनीतिक मजबूरी है।

**केंद्रीय विधि एवं न्याय राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) संस्कृति एवं संसदीय कार्य राज्य मंत्री तथा बीकानेर से लोकसभा सांसद**

## बोधि वृक्ष

***आइये सुनें धर्मराज व चित्रगुप्त की वास्तविक कहानी***

***कहा*** है कि उस समय सतलोक आदि अमर लोकों की रचना परमेश्वर कबीर जी ने कर रखी थी। उन दिनों मैं परमेश्वर के तख्त (सिहांसन) के निकट अर्थात उनके पास खवासा (नौकर) था मैं उसी समय से अमर शरीर धारण किये था। मैं शरीर का पाजी ( धारण करने वाल पाजी का अर्थ अज्ञानी भी होता है ) तथा परमात्मा का (दास) गुलाम सेव ( सेवादार ) था। ऋग्वेद मंडल संख्या 9 सूक्त संख्या 86 श्लोक 26, ऋग्वेद मंडल संख्या 9 सूक्त संख्या 54 श्लोक 3, ऋग्वेद मंडल संख्या 9 सूक्त 86 मंत्र संख्या 26-27, ऋग्वेद मंडल संख्या 9 सूक्त 54 मंत्र न. 3, यजुर्वेद अध्याय 29 मंत्र न. 25) और भगवद गीता अध्याय 8 श्लोक 3 और 8,9,10, अध्याय 15 श्लोक 17, अध्याय 13 श्लोक 15-17 और 33) आदि भी इस बात का प्रमाण देते हैं कि कबीर परमेश्वर ही पूज्य हैं। और केवल कबीर परमात्मा ही मुक्ति के प्रदाता है। इसी तरह के सबूत पवित्र गुरु ग्रंथ साहिब, पवित्र कुरान शरीफ (सूरत अल फुरकान 25: 52-59, सूरह अल अंबिया 21:104, सूरह-अल-इखलास श्लोक 1-4) और साथ ही पवित्र बाइबिल 36.5 रूढ़िवादी यहूदी बाइबिल - में भी स्पष्ट रूप से लिखे हुए हैं। अतः सिद्ध होता है कि केवल कविदेव ही पूज्य हैं। **निष्कर्ष :** उपरोक्त प्रमाण सिद्ध करते हैं कि धर्मराज (यम) जी काल ब्रह्म के एक ब्रह्मांड में मुख्य न्यायाधीश के पद पर नियुक्त हैं, जो सभी प्राणियों का लेखा-जोखा करते हैं, वह स्वयं कसाई काल के जाल में फंसे हैं। वह स्वयं भी जन्म और मृत्यु के दुष्चक्र में है। गरुड़ प्रकरण धर्मराज की लाचारी साबित करता है कि : वह आत्माओं की उम्र नहीं बढ़ा सकते जबकि सर्वोच्च परमात्मा /सतपुरुष समर्थ परमात्मा है। वह कुछ भी कर सकते हैं। वह सच्चे उपासकों की उम्र भी बढ़ा सकते हैं।

*(क्रमशः)*

# अजन्मे बच्चे के अधिकारों की रक्षा का बड़ा मानवीय फैसला



ललित गर्ग

***सुप्रीम*** कोर्ट की चौखट पर कभी-कभी नैतिक एवं मानवीय मूल्यों से जुड़े मुद्दे भी विचाराधीन आते हैं, भारतीय न्यायालय की विशेषता रही है कि वह ऐसे मामलों को गंभीरता से लेते हुए अनूठे फैसले लेकर मानवीय एवं नैतिक मूल्यों को मजबूती दी है। ऐसे ही एक मामले में अजन्मे बच्चे की नैतिकता के आधार पर पैरवी खुद सुप्रीम कोर्ट ने करते हुए एक मिसाल कायम की है। सुप्रीम कोर्ट ने छब्बीस सप्ताह का गर्भ गिराने की मांग करने वाली याचिका यह कहते हुए खारिज कर दी है कि चूंकि भ्रूण का विकास सामान्य है इसलिए उसे जन्म लेना चाहिए। अदालत ने यह भी कहा कि बच्चे की स्थिति एक दम सही है और उसे जन्म मिलना ही चाहिए। अदालत कह चुकी है कि महिला यदि चाहे तो पैदा होने वाले बच्चे को जन्म के बाद सरकार को सौंप सकती है। इसी मामले की सुनवाई के दौरान कुछ दिन पहले सीजेआइ डीवाई चंद्रचूड ने कहा था कि बेशक मां की स्वायत्तता बड़ी है, पर यहां अजन्मे बच्चे के लिए कोई भी पैरवी नहीं कर रहा है जो उसके अधिकारों की बात कर सके। निश्चित ही भारतीय न्यायालय के सम्मुख यह अपने आप में एक अनूठा मामला है जिसमें एक अजन्मे शिशु के अधिकारों के लिए सर्वोच्च न्यायालय नैतिक आधार पर पक्षकार बना है। शादीशुदा महिला को 26 हफ्ते का गर्भ गिराने की मंजूरी देने का फैसला वापस लेने की केंद्र की गुहार पर सुप्रीम कोर्ट की दो जजों की बेंच ने पिछले बुधवार को खंडित फैसला सुनाया था। बेंच में जस्टिस हिमा कोहली ने कहा था कि कौन-सी अदालत कहेगी कि एक भ्रूण के दिल की धड़कनों को रोका जाय। मैं गर्भपात की मंजूरी नहीं दे सकती। वहीं, जस्टिस बी.वी. नागरत्ना ने कहा कि कोर्ट को महिला के फैसले का सम्मान करना चाहिए, जो गर्भ को गिराना चाहती है। अलग-अलग राय होने पर पर मामला बड़ी बेंच को भेजा गया था। अब कोर्ट के सम्मुख जहां महिला के सुरक्षित एवं स्वस्थ रहने के अधिकार का मामला था वहीं एक अजन्मे बच्चे के अधिकार का भी मामला था। कोर्ट ने दोनों के बीच संतुलन स्थापित करते हुए जो फैसला लिया, वह कानून से ज्यादा मानवीय दृष्टि से लिया गया फैसला है। अदालत का यह फैसला निश्चित ही मानवीय पहलुओं को ध्यान में रखकर आया है। एक तथ्य यह भी है कि दुनिया भर में गर्भपात के उदार कानून की मांग को लेकर आंदोलन का दौर भी जारी है। खास तौर से यह आंदोलन उन महिलाओं का पक्षधर है जो अवांछित गर्भ ठहर जाने के कारण गैर-कानूनी गर्भपात का सहारा लेकर अपनी जान तक खतरे में डाल देती हैं। मोटे तौर पर सवाल सिर्फ महिलाओं का उनके शरीर पर अधिकार का ही नहीं है बल्कि गर्भ में पल रहे शिशु के जिंदा रहने के अधिकार का भी है। इस तथ्य को भी ध्यान में रखना आवश्यक होगा कि हमारे देश में कानूनी प्रतिबंध के बावजूद कन्या भ्रूण हत्या के मामले सामने आते ही रहते हैं। जरूरत इस बात की है कि अजन्मे बच्चों के हकों की भी चिंता की जाए और गर्भ में ही ऐसे अजन्मे बच्चों को मार देने के प्रचलन पर नियंत्रण की भी पुख्ता व्यवस्था हो। ताजा मामले में कई सवाल खड़े हुए हैं कि क्या एक अजन्मे बच्चे को भी एक आम के बराबर कुछ अधिकार मिलते हैं। सबसे पहला सवाल तो यही उठता है कि क्या भ्रूण एक कानूनी व्यक्ति है या नहीं? इस सवाल का जवाब इस आधार पर दिया जा सकता है कि भ्रूण में जीवन है या नहीं? भारतीय कानूनों में जीवन और मृत्यु से जुड़े कई प्रावधान हैं। भारत के आपराधिक कानून के अनुसार, गर्भावस्था की अवधि के लिए बच्चा मां के पास होता है और भ्रूण के रूप में बच्चे का जीवन होता है। अगर कोर्ट और कानून भ्रूण के रूप में बच्चे का जीवन स्वीकार करते हैं तो उसके कुछ संविधानिक अधिकार भी होते हैं।


**शादीशुदा महिला को 26 हफ्ते का गर्भ गिराने की मंजूरी देने का फैसला वापस लेने की केंद्र की गुहार पर सुप्रीम कोर्ट की दो जजों की बेंच ने पिछले बुधवार को खंडित फैसला सुनाया था।**

**अधिकार**

## फोटो की दुनिया



फेसबुक वॉल से




# भारतीय कृषि व्यवस्था का कायाकल्प



डॉ. विपिन कुमार

***कृषि*** भारतीय अर्थव्यवस्था की रीढ़ है। इसने हमारे आर्थिक, सामाजिक, सांस्कृति और आध्यात्मिक प्रगति में एक महान भूमिका निभायी है। हम कृषि को एक उत्सव के रूप में मनाते हैं। हमारे किसान बंधुओं ने अपनी संस्कृति में वनों, पहाड़ों, नदियों, पशुधन, जीव-जंतुओं को एक दैवीय स्थान दिया है। क्या प्रकृति और पर्यावरण की रक्षा का ऐसा अनुपम उदाहरण आपने कहीं देखा है? केंद्रीय कृषि मंत्रालय के अंतर्गत भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद और सीजीआईएआर द्वारा हाल ही में 'अनुसंधान से प्रभाव तक : न्याय संगत और लचीली कृषि-खाद्य प्रणालियां' विषय में एक चार दिवसीय अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन का आयोजन किया गया। इस सम्मेलन का उद्घाटन राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने किया और इस दौरान केंद्रीय कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री नरेंद्र सिंह तोमर ने भी मंच साझा किया। इस सम्मेलन में वैश्विक स्तर पर कोरोना महामारी के कृषि-खाद्य प्रणालियों पर प्रभाव और इसमें लैंगिक असमानता से संबंधित चुनौतियों को उजागर करने का प्रयास किया गया। आज जलवायु परिवर्तन के कारण पूरे मानव जाति का अस्तित्व संकट में है। इस वजह से हमारा खाद्य उत्पादन भी बुरी तरह से बाधित हो रहा है। ऐसे में हमें कृषि-खाद्य प्रणालियों से संबंधित खतरों से निपटने के लिए इसके दुष्चक्र को तोड़ना ही होगा। इसमें कोई संदेह नहीं है कि आज के समय में कृषि संबंधित गतिविधियों में महिलाओं की बेहद सक्रिय भागीदारी है। लेकिन हमने एक लंबे समय तक उन्हें निर्णय लेने वालों की भूमिका निभाने से वंचित रखा है। लेकिन, प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के शासनकाल में अन्य क्षेत्रों की तरह कृषि के क्षेत्र में भी नारी सशक्तिकरण को एक नया बल मिला है। प्रधानमंत्री मोदी यह भली-भांति समझते हैं कि यदि हमें कृषि के क्षेत्र में समावेशी विकास के लक्ष्य को हासिल करना है, तो हमें नारी सशक्तिकरण पर ध्यान देना ही होगा। इसके लिए भारत सरकार द्वारा महिला किसान सशक्तिकरण परियोजना, राष्ट्रीय सतत कृषि मिशन जैसे कई पहलों की शुरूआत की गई और इसका हमें बेहद सकारात्मक परिणाम देखने के लिए मिल रहा है। परंतु, स्वतंत्रता प्राप्ति के दशकों बाद भी किसानों को हमारे अर्थनीति में कोई विशेष महत्व नहीं दिया गया। उन्हें कृषि संबंधित संकटों से उबारने का कोई प्रयास नहीं किया गया। यह वास्तव में अत्यंत पीड़ादायक है। प्रधानमंत्री मोदी ने किसानों की इस पीड़ा को समझते हुए, कृषि को बढ़ावा देने के लिए कई अतिरिक्त प्रयास किये, जिसका प्रतिफल आज पूरे देश में देखने के लिए मिल रहा है। चाहे प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि हो या प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना का सुरक्षा कवच हो, चाहे 10 हजार नये एफपीओ बनाने का मामला हो या एक लाख करोड़ रुपये का एग्री इंफ्रा फंड स्थापित करने का मुद्दा हो, चाहे किसान क्रेडिट कार्ड के माध्यम से किसानों को 20 लाख करोड़ रुपये का ऋण बेहद आसानी से उपलब्ध कराने का विषय हो, चाहे पशु पालकों- मस्त्य पालकों को केसीसी से जोड़ने का प्रश्न हो, प्रधानमंत्री मोदी ने भारतीय कृषि व्यवस्था की कायापलट करने के लिए कई ऐतिहासिक प्रयास किये हैं। प्रधानमंत्री मोदी ने हमारे किसान बंधुओं के समग्र विकास के लिए 'बीज से बाजार तक' के दृष्टिकोण के साथ अपने कदम बढ़ाये हैं और उनके इस संकल्प को धरातल पर क्रियान्वित करने में केंद्रीय कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री नरेंद्र सिंह तोमर ने कोई कसर नहीं छोड़ी। इसके लिए दोनों ही प्रशंसा के पात्र हैं। केंद्रीय सत्ता में आने के बाद, भारतीय जनता पार्टी की सरकार ने हमेशा किसानों की आमदनी को बढ़ावा देने, खेती के आदान को कम करने और किसानों को अधिकतम सुविधाएं प्रदान करने के लिए सर्वोच्च प्राथमिकता के साथ कार्य किया है। तथ्य बताते हैं कि वर्ष 2013-14 की तुलना में हमारा वर्तमान कृषि बजट 5.6 गुणा अधिक है।

**आज जलवायु परिवर्तन के कारण मानव जाति का अस्तित्व संकट में है। इस वजह से हमारा खाद्य उत्पादन भी बाधित हो रहा है। ऐसे में हमें कृषि-खाद्य प्रणालियों से संबंधित खतरों से निपटने के लिए इसके दुष्चक्र को तोड़ना ही होगा।**

**कृषि व्यवस्था**

स्वामी, पारिजात माइनिंग इण्डस्ट्रीज (इण्डिया) प्रा.लि. की ओर से 502, मंगलमूर्ति हाईट्स, रानी बगान, हरमू रोड, रांची से हर्षवर्द्धन बजाज द्वारा प्रकाशित एवं पारिजात माइनिंग इण्डस्ट्रीज (इण्डिया) प्रा.लि. C/O शिवासाईं पब्लिकेशन प्राइवेट लिमिटेड, नियर टेंडर बागीचा पेट्रोल पम्प, रातू, रांची-835222, झारखंड द्वारा मुद्रित। रजिस्ट्रेशन नं: BIHHIN/1999/155, प्रधान संपादक : सुरेश बजाज, संपादक : हर्षवर्द्धन बजाज, प्रेस कार्यालय : रांची रोड, रेड़मा, मेदिनीनगर (डालटनगंज) पलामू-822102, फोन नंबर : 222539, फैक्स नंबर : 06562-241176/ 231257, रांची कार्यालय : 502बी, पांचवी मंजिल, मंगलमूर्ति हाईट्स, रानी बगान हरमू रोड, रांची-834001, फोन नंबर : 0651-2283384, फैक्स नंबर : 0651-2283386, दिल्ली कार्यालय : 25, निचली मंजिल, तानसेन मार्ग, (बंगाली बाजार), नई दिल्ली-1, ई-मेल : rnm_hb@yahoo.co.in, rnm.hvb@gmail.com।

## गागर में सागर

### बिहार के दरभंगा में शराब पीने से तीन की मौत

**दरभंगा।** बिहार में दरभंगा जिले के हायाघाट थाना अन्तर्गत मकसूदपुर गांव में जहरीली शराब पीने से बीते 24 घंटे के दौरान तीन लोगों की मौत हो गई है। स्थानीय लोगों के मुताबिक मकसूदपुर निवासी संतोष कुमार दास (26), दशरथ सहनी उर्फ भुखला सहनी (56), लालटुन सहनी (55), अर्जुन दास (55) और एक अन्य युवक ने रविवार को दिनेश दास से शराब खरीदकर एक साथ बैठकर पी। इसके बाद सभी अपने घर चले गए। घर पहुंचकर भोजन करने के बाद सभी की तबीयत बिगड़ने लगी। पेट दर्द और दस्त होने लगा। शुरू में घर के लोगों ने गंभीरता से नहीं लिया।दशरथ सहनी को खून की उल्टी होने लगी। आंख की रोशनी गायब हो गई। पीएचसी पहुंचने से पहले उसकी मौत हो गई। जबकि पेट दर्द की शिकायत के बाद संतोष दास को स्वजन ने हायाघाट पीएचसी में भर्ती कराया।प्राथमिक उपचार के बाद दरभंगा मेडिकल कॉलेज एंड हॉस्पिटल (डीएमसीएच) ले जाने के दौरान उसकी मौत हो गई। स्वजन ने दोनों के शव को बगैर पोस्टमार्टम कराए हायाघाट थाना के सामने स्थित श्मशान में जला दिया।अल सुबह आज तीसरे की मौत के बाद डीएमसीएच में पोस्टमार्टम की प्रक्रिया शुरू की गई है। वरीय पुलिस अधीक्षक (एसएसपी) अवकाश कुमार के मुताबिक, शराब बेचने के आरोपित दिनेश दास से पूछताछ की जा रही है। उससे जब्त शराब को जांच के लिए भेजा गया है उसके घर से दो लीटर देसी शराब जब्त की गई है। इनके साथ शराब पीने वाले दो अन्य की खोज की जा रही है। एसएसपी ने बताया कि इस सूचना पर पुलिस ने पीड़ित परिवार के लोगो से भी पूछताछ की है। बीमार लोगों के परिजनों से भी घटना की जानकारी ली गई है। एसएसपी अवकाश कुमार ने कहा कि जांच कर रहे हैं, शराब पीने से मौत हुई है इस बात की न तो मैं पुष्टि कर रहा हूं और न ही खंडन कर रहा हूं।

### मेरठ में फैक्ट्री में जोरदार विस्फोट, चार की मौत, कई घायल

**मेरठ।** लोहिया नगर थाना क्षेत्र में सत्यकाम इंटरनेशनल स्कूल के पास एक मकान में चल रही एक फैक्ट्री में मंगलवार सुबह बड़ा विस्फोट हो गया। इससे फैक्ट्री की छत गिर गई। मलबा हटाते समय फिर से विस्फोट हुआ। इससे चार लोगों की मौत हो गई। कई लोग घायल हैं। पुलिस और प्रशासनिक अधिकारी मौके पर पहुंच कर राहत और बचाव कार्य चला रहे हैं। एनडीआरएफ की टीम भी मौके पर पहुंच कर बचाव कार्य में जुटी है। उधर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने अधिकारियों को राहत एवं बचाव कार्य के निर्देश दिए हैं।

लोहिया नगर में सत्यकाम इंटरनेशनल स्कूल के पास संजय गुप्ता के मकान को आलोक गुप्ता और गौरव गुप्ता नामक व्यक्ति ने किराए पर लिया हुआ है। इस मकान में फैक्ट्री चल रही थी। मंगलवार सुबह इस फैक्ट्री में जोरदार विस्फोट हुआ। इस विस्फोट से फैक्ट्री की छत नीचे गिर गई। जबकि धमाका इतना जबरदस्त था कि आसपास के दो-तीन मकान धराशायी हो गए। स्कूल की इमारत के शीशे भी टूट गए। सूचना पर जिलाधिकारी दीपक मीणा और एसएसपी रोहित सिंह सजवाण समेत तमाम अधिकारी मौके पर पहुंचे और राहत व बचाव कार्य शुरू कराया।

मलबा हटाते समय वहां पर फिर से विस्फोट हो गया। इस दुर्घटना में चार लोगों की मौत हो गई। जबकि दस से अधिक लोग घायल हो गए। मलबे में अभी भी कई लोगों के दबे होने की आशंका है। इस तेज धमाके से वहां से गुजर रही 33 केवी की विद्युत लाइन के खंभे भी टूट गए। गंभीर रूप से घायल लोगों को अस्पताल में भर्ती कराया गया है। राहत कार्य के लिए एनडीआरएफ की टीम भी मौके पर पहुंच गई और बचाव कार्य में लगी है।

### पूर्व विधायक अनिल सिंह सहित सात पर हत्या के प्रयास की प्राथमिकी

**नवादा।** नवादा जिले के हिसुआ विधानसभा क्षेत्र के पूर्व विधायक अनिल सिंह सहित सात लोगों पर हिसुआ थाने में हत्या का प्रयास के साथही सोने का चैन तथा 6 लाख रुपये मूल्य का बास उठा कर ले जाने जैसे मामले में प्राथमिक की दर्ज कराई गई है। हिसुआ नगर पंचायत के पूर्व अध्यक्ष जदयू नेत्री वार्ड पार्षद शोभा देवी के भतीजे शशि शेखर कुमार के हिसुआ थाने में लिखित बयान पर पप्राथमिकी दर्ज कराई गई है।

प्राथमिकी में कहा गया है कि हिसुआ के राजगीर रोड में 1962 के केवाला से शोभा देवी के पति चीना पटेल तथा शशि शेखर के पिता के नाम से जमीन की खरीदारी की गई थी । लेकिन पूर्व विधायक अनिल सिंह ने इस जमीन को लिखवा लेने का दावा करते हुए जेसीबी मशीन लाकर कुछ बनी हुई दुकानों को ध्वस्त कर दिया । यह भी आरोप लगाया गया है कि जब अनिल सिंह को जाकर मना किया तो जान मारने की नियत से गला दबाया । पूर्व अध्यक्ष शोभा देवी ने हिसुआ में बताया कि पूर्व विधायक अनिल सिंह जबरन उनके जमीन पर कब्जा जमा रहे हैं । जिसमें नवादा के अनुमंडल पदाधिकारी तथा हिसुआ के अंचलाधिकारी की भी मिली भगत है।

### मुख्यमंत्री योगी ने करोड़ों की योजनाओं का किया शिलान्यास, बोले

# राज्य में तेजी से बढ़ेगा निवेश

**एजेंसी। बुलंदशहर**

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने उत्तर प्रदेश के जनपद बुलंदशहर में मंगलवार को 632 करोड़ की 256 विकास परियोजनाओं का लोकार्पण एवं शिलान्यास किया। इस मौके पर उन्होंने प्रदेश की सुरक्षा व्यवस्था को लेकर पूर्व की सरकारों पर भी हमला बोला।

मुख्यमंत्री योगी ने कहा कि सुरक्षा में सेंध लगाने की छूट हमारी सरकार नहीं देती। बहन-बेटियों की सुरक्षा में जो सेंध लगाएगा उसको सरकार पाताल से भी खोज कर लाएगी। इसका कार्य हो रहा है। सुरक्षा होगी तो निवेश रोजगार रामराज्य आएगा। जहां पहले गुंडा टैक्स लगता था, आज वहां निवेश के प्रोजेक्ट लग रहे हैं। उन्होंने कहा कि प्रदेश में रोजगार के नए अवसर आ रहे हैं। युवाओं को हर क्षेत्र में रोजगार मिले इसके लिए लगातार प्रयास किए जा रहे हैं। सरकार इसके लिए अनुकूल माहौल तैयार कर रही है।



योगी ने कहा कि शारदीय नवरात्र में मैं आपके अभिनंदन के लिए स्वयं आया हूं। नारी शक्ति वंदन अधिनियम के लिए प्रधानमंत्री को उत्तर प्रदेश की मातृ शक्ति की ओर से अभिनंदन, धन्यवाद।

उन्होंने कहा कि हम सब जानते हैं कि पिछले साढ़े नौ वर्षों में प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में नए भारत को देखा, शक्तिशाली और वैभवशाली भारत देखा। यही भारत 2014 से पहले असुरक्षा का भारत था, घुसपैठिये घुसपैठ करते थे।

इस नए भारत में जाति मत मजहब के आधार पर कार्य नहीं, बल्कि समान अधिकार से लाभ मिला। नारी शक्ति के लिए बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ से जो अभियान शुरू हुआ उसका परिणाम है कि पश्चिमी उत्तर प्रदेश की बेटियां पारुल चौधरी, अन्नू रानी देश के लिए मेडल लाती हैं। सरकार ने इन्हें तीन करोड़ रुपये और डिप्टी एसपी की नौकरी देने का वादा किया है। जल्द ही हम एक आयोजन में सभी खिलाड़ियों का सम्मान करेंगे। आज हर परिवार को प्रधानमंत्री मोदी ने उज्ज्वला योजना दिया। हमने भी कहा है कि इन्हें इस दिवाली एक मुफ्त सिलेंडर दिये जाएंगे। देश में लगभग दस करोड़ लोगों को रसोई गैस सिलेंडर दिये गये। उत्तर प्रदेश में ही सिर्फ एक करोड़ 75 लाख सिलेंडर दिये गये। देश के अंदर 04 करोड़ गरीब परिवारों को उनके सिर पर छत दी। उत्तर प्रदेश में अब तक 55 लाख आवास दिये गये। आजादी के बाद से ये वंचित रहे। साथ ही देश में 12 करोड़ शौचालय और उत्तर प्रदेश में पौने तीन करोड़ शौचालय के माध्यम से नारी गरिमा की सुरक्षा की गयी।

## मंत्रियों, विधायकों की सैलरी बढ़ाने के बिल को मिली मंजूरी

**एजेंसी। कोलकाता**



राज्यपाल सी.वी. आनंद बोस ने मंत्रियों और विधायकों के वेतन में बढ़ोतरी से जुड़े दोनों विधेयकों पर अपनी सहमति दे दी। कयास लगाए जा रहे थे कि मंत्रियों और विधायकों की सैलरी बढ़ाने वाले बिल पर चर्चा हो सकती है। सोमवार को भी बिल पेश किया गया। लेकिन कोई चर्चा नहीं हुई। शुभेंदु अधिकारी ने दावा किया कि विधानसभा में किसी भी वित्तीय विधेयक को पारित करने के लिए राज्यपाल की मंजूरी अनिवार्य है। इस संबंध में राज्य सरकार जिन दो विधेयकों को पारित कराना चाहती थी उनमें से किसी को भी राज्यपाल ने मंजूरी नहीं दी थी। इसलिए जब शोक प्रस्ताव के बाद सत्र स्थगित किया गया तो भाजपा विधायकों ने विधानसभा हॉल के अंदर और बाहर विरोध प्रदर्शन किया। उनका आरोप है कि राज्य सरकार ने अनैतिक तरीके से बिल विधानसभा में पेश किया है लेकिन स्पीकर बिमान बनर्जी ने उस मांग को स्वीकार नहीं किया। अध्यक्ष ने दावा किया कि विधेयक पारित होने से पहले केवल राज्यपाल द्वारा अनुमोदित किया जाएगा। ऐसे में बिल पेश करने और उस पर चर्चा करने में कोई बाधा नहीं है। लेकिन पूर्व विधायक के निधन पर शोक व्यक्त करने के लिए सत्र स्थगित कर दिया गया है। सोमवार को पूरे दिन इस मुद्दे पर बहस के बावजूद मंगलवार सुबह राज्यपाल ने इन दोनों बिलों पर रियायत दे दी। हालांकि, माना जा रहा है कि एक दिन की देरी के कारण मंत्रियों और विधायकों की सैलरी बढ़ाने की प्रक्रिया में कई दिन की देरी होगी।

# नास्तिक और बहरी है नीतीश सरकार : गिरिराज

**एजेंसी। बेगूसराय**

केन्द्रीय ग्रामीण विकास एवं पंचायती राज मंत्री गिरिराज सिंह ने राज्य शिक्षा शोध एवं प्रशिक्षण परिषद द्वारा नवरात्रि के दौरान चल रहे सभी स्तर के प्रशिक्षण को तत्काल प्रभाव से स्थगित करने का स्वागत किया है।गिरिराज सिंह ने कहा है कि बिहार की नीतीश सरकार बहरी और नास्तिक है। जनता के आक्रोश के बिना उन्हें बातें समझ में नहीं आती है। दुर्गा पूजा के दौरान प्रशिक्षण स्थगित करना अच्छी बात है।

उल्लेखनीय है कि 14 अक्टूबर को गिरिराज सिंह ने राज्यपाल से मिलकर हिंदुओं के त्योहार पर अघोषित पाबंदी पर संज्ञान लेने का अनुरोध किया था।इसके बाद आज राज्य शिक्षा शोध एवं प्रशिक्षण परिषद पटना ने पत्र जारी कर प्रशिक्षण स्थगित कर दिया है। कहा गया है कि राज्य के सभी स्तर के जो प्रशिक्षण 16 से 21 अक्टूबर तक प्रशिक्षण संस्थानों में संचालित है, उसे 17 अक्टूबर से अपरिहार्य कारणों से स्थगित किया जाता है।श प्रशिक्षण अधूरा माना जाएगा तथा पूरा करने के लिए बाद में आदेश दिया जाएगा।



उल्लेखनीय है कि गिरिराज सिंह ने बिहार के राज्यपाल से मिलकर उन्हें बेगूसराय एवं बिहार की स्थिति के बारे में अवगत कराया था। गिरिराज सिंह ने कहा था कि बिहार सरकार द्वारा अपने राजनीतिक लाभ के लिए हिंदू समुदाय विशेष कर दलित और पिछड़े वर्ग पर अत्याचार किया जा रहा है। इसके अलावा कई अन्य मुद्दों को लेकर भी ध्यान आकृष्ट कराया गया था।उन्होंने नवरात्रि में शिक्षकों का प्रशिक्षण कराए जाने के संबंध में विस्तार से जानकारी दी थी। बताया गया था कि नवरात्र से प्रारंभ दुगा 'पूजा और त्योहारों के महीने में अघोषित पाबंदी पूजा समितियों पर अघोषित पाबंदी हिंदुओं पर सीधा प्रहार है।

# मध्यप्रदेश विस चुनावः कांग्रेस ने जारी किया घोषणापत्र, प्रदेशवासियों को दी 101 गारंटियां

**एजेंसी। भोपाल**

मध्य प्रदेश विधानसभा चुनाव के लिए कांग्रेस ने अपना घोषणापत्र (वचन पत्र) जारी कर दिया है। कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष कमलनाथ ने मंगलवार दोपहर आयोजित पत्रकार वार्ता में पार्टी के घोषणापत्र जारी किया। इस मौके पर पार्टी के राष्ट्रीय महासचिव रणदीप सिंह सुरजेवाला और वचन पत्र समिति के अध्यक्ष राजेंद्र कुमार सिंह, दिग्विजय सिंह, कांतिलाल भूरिया, विवेक तन्खा समेत अनेक नेता मौजूद रहे।

कांग्रेस ने अपने वचन पत्र में युवा, महिला और किसानों पर फोकस करते हुए प्रदेशवासियों को 101 गारंटियां दी है। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष कमल नाथ ने इस अवसर पर कहा कि कांग्रेस का चुनाव में नारा रहेगा 'कांग्रेस आएगी खुशहाली लाएगी।' कांग्रेस सरकार ढाई हजार रुपये प्रति क्विंटल धान



और गेहूं 2600 रुपये क्विंटल की दर पर खरीदेगी। दो रुपये किलो की दर से गोबर खरीदा जाएगा। नंदिनी योजना प्रारंभ होगी। दो लाख पदों पर भर्ती की जाएगी। युवा स्वाभिमान योजना प्रारंभ होगी 25 लाख रुपए का स्वास्थ्य बीमा और 10 लाख रुपये का दुर्घटना बीमा देंगे। स्वास्थ्य का अधिकार कानून बनाया जाएगा। सामाजिक सुरक्षा पेंशन योजना 1200 रुपये प्रतिमाह की जाएगी। मेरी बेटी योजना में 251000 रुपये दिए जाएंगे।

इससे पहले प्रदेश कांग्रेस के उपाध्यक्ष राजीव सिंह ने बताया कि वचन पत्र में महिलाओं के लिए जो प्रावधान किए गए हैं, उन्हें अलग से प्रियदर्शिनी नाम से प्रदर्शित किया गया है। पार्टी ने महिलाओं को डेढ़ हजार रुपये प्रतिमाह और पांच सौ रुपये में रसोई गैस सिलेंडर देने की घोषणा की है। एक करोड़ से अधिक बिजली उपभोक्ताओं को 100 यूनिट बिजली निश्शुल्क और 200 यूनिट आधी दर पर देने, कर्मचारियों की पुरानी पेंशन योजना फिर से लागू करने, किसानों को कर्ज माफी देने, पांच हार्सपावर तक के कृषि पंप के लिए निशुल्क बिजली, पुराने बिजली बिल की माफी, सिंचाई के लिए 12 घंटे बिजली देने, पुराने प्रकरणों की वापसी, स्कूली बच्चों को प्रतिमाह 500 से 1,500 रुपये देने के लिए पढ़ो पढ़ाओ योजना, आदिवासियों के ऊपर दर्ज प्रकरणों की वापसी, 50 प्रतिशत से अधिक जनसंख्या वाली आदिवासी बहुल क्षेत्रों को छठवीं अनुसूची में शामिल करने, ओबीसी को 27 प्रतिशत आरक्षण का लाभ दिलवाने और सरकार में आने पर जाति आधारित गणना कराने की गारंटी भी दी गई है।

कांग्रेस वचन पत्र के विमोचन कार्यक्रम में दिग्विजय सिंह ने कहा कि मैं कमलनाथ के लिए विष पीने के लिये तैयार हूं।

# एसटी, एससी व ओबीसी महिलाओं के लिए आरक्षण का प्रावधान करे केंद्र सरकारः नीतीश

**एजेंसी। पटना**

मुख्यमंत्री नीतीश कुमार मंगलवार को पांव पैदल ही अपने आवास से सचिवालय पहुंचे। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने इस दौरान मीडिया से बातचीत में केंद्र सरकार के महिला आरक्षण बिल पर फिर से प्रतिक्रिया दी। उन्होंने कहा कि वे महिला आरक्षण के शुरू से ही समर्थक रहे हैं। उन्होंने केंद्र से अनुरोध किया कि इसमें एससी-एसटी, पिछड़ा-अति पिछड़ा वर्ग की महिलाओं का विशेष प्रावधान होना चाहिए। सीएम ने अपनी उपलब्धि गिनाते हुए कहा कि बिहार पहले ही पंचायतों और शिक्षक नियुक्ति में महिलाओं को 50 फीसदी आरक्षण दे चुका है। उन्होंने कहा कि महिला आरक्षण पर केंद्र को तुरंत काम करना चाहिए ताकि लोकसभा और विधानसभा चुनाव में उन्हें चुनाव लड़ने का मौका मिले। जातीय जनगणना का मकसद भी यही है कि जो लोग हाशिए पर हैं उन्हें चिन्हित कर उनके कल्याण



के लिए कुछ किया जाय। ऐसी योजनाओं से जोड़ा जाए ताकि वे विकास की मुख्य धारा से जुड़ सकें। विकास सबों का होगा तभी देश आगे बढ़ेगा।

इससे पहले जब सीएम अपने आवास से पैदल ही निकले तो सुरक्षा में लगे लोगों के बीच कोतुहल का माहौल बन गया। राजधानी पटना में बीती रात तेज आंधी-तूफान के साथ झमाझम बारिश हुई है। ऐसे में कई जगहों पर पेड़ गिर गए हैं। इसी आंधी- तूफान में मुख्यमंत्री आवास से निकल सचिवालय जाने वाले रास्ते में भी बहुत से जगहों पर पेड़ गिर गए हैं। सुबह होने के बाबजूद वन विभाग के तरफ से इन पेड़ को रास्ते से नहीं हटाया गया। इस बीच सुबह-सुबह बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार जब सचिवलाय जाने लगे तो उन्हें काफी परेशानी उठानी पड़ी। सचिवालय जाने के दौरान बीच सड़क पर ही विशाल सा पेड़ गिर जाने के वजह से उन्हें पैदल जाना पड़ा।

हालांकि, मुख्यमंत्री के आदेश के बाद वन विभाग की टीम पहुंची और रास्ते को फिर से सुचारू रूप से चालू किया।मुख्यमंत्री नीतीश कुमार इन दिनों बिहार सचिवालय पहुंच रहे हैं। उन्होंने सभी विभागों के दफ्तरों में जाकर निरीक्षण भी कर रहे हैं। अफसरों की हाजिरी का जायजा लिया।

सीएम नीतीश करीब 9.30 बजे सचिवालय पहुंचे। इस दौरान कई अफसर अपने दफ्तर में नहीं पहुंचे। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने इस पर नाराजगी जाहिर की। ड्यूटी से गायब होने पर पदाधिकारियों की उन्होंने क्लास लगा ली। सीएम ने अफसरों के साथ मंत्रियों को भी समय पर दफ्तर आने के निर्देश दिए।

## कांग्रेस के लिए मध्यप्रदेश में चुनाव प्रचार करेंगी ममता

**एजेंसी। कोलकाता**

पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी के खिलाफ बंगाल में भले ही कांग्रेस अध्यक्ष अधीर रंजन चौधरी सबसे अधिक हमलावर रहते हैं। लेकिन नवंबर के मध्य में होने वाले विधानसभा चुनाव में ममता कांग्रेस के लिए प्रचार करने जा रही हैं। पार्टी ने उन्हें मध्य प्रदेश में चुनाव प्रचार के लिए आमंत्रित किया है। तृणमूल कांग्रेस के सूत्रों ने इसकी पुष्टि करते हुए बताया है कि इंदौर एक नंबर विधानसभा सीट पर कांग्रेस उम्मीदवार के समर्थन में प्रचार करने के लिए ममता बनर्जी को आमंत्रित किया गया है। यहां से कांग्रेस के उम्मीदवार संजय शुक्ला हैं जिनके विपरीत भारतीय जनता पार्टी ने कैलाश विजयवर्गीय को उम्मीदवार बनाया है। विजयवर्गीय लंबे समय तक बंगाल के प्रभारी रहे हैं और यहां रहने के दौरान उन



पर कई गंभीर आरोप लगे हैं। दुष्कर्म की कोशिश समेत अन्य गंभीर धाराओं में कोलकाता में उनके खिलाफ कई प्राथमिक की दर्ज है। इसलिए उनके खिलाफ ममता बनर्जी का चुनाव प्रचार बेहद खास होने जा रहा है। कांग्रेस के एक वरिष्ठ नेता ने नाम उजागर नहीं करने की शर्त पर बताया है कि कैलाश विजयवर्गीय बंगाल क्यों नहीं आ रहे हैं, उन्होंने यहां क्या-क्या किया है इसका पूरा चिट्ठा ममता बनर्जी मध्य प्रदेश में जाकर खोलेंगी। इससे निश्चित तौर पर पार्टी को लाभ होगा।

## राजनीति

### विधानसभा चुनाव में इंडिया गठबंधन की गांठें हुई ढीली, सीट शेयरिंग पर नहीं बनी बात

# मध्यप्रदेश में सपा और कांग्रेस आमने-सामने

**एजेंसी। लखनऊ**

लोकसभा चुनाव के लिए बने इंडिया गठबंधन की गांठे विधानसभा चुनाव में ही ढीली होने लगी हैं। मध्यप्रदेश विधानसभा चुनाव के लिए कांग्रेस और सपा में कोई समझौता नहीं हो पाया है। इसलिए दोनों दलों ने एक-दूसरे के खिलाफ उम्मीदवारों को मैदान में उतार दिया है।

यहां तक कि जिस सीट पर सपा अपना प्रत्याशी उतारने की तैयारी में थी, उस पर कांग्रेस ने अपना उम्मीदवार उतार दिया है। इसके बाद सपा ने नौ सीटों पर अपने उम्मीदवारों का ऐलान कर दिया है। सपा कुछ और सीटों पर अपने प्रत्याशियों को लड़ाने की तैयारी में है।राजनीतिक जानकर बताते हैं कि इंडिया गठबंधन बनने के बाद समाजवादी पार्टी अभी पांच राज्यों में होने जा रहे विधानसभा चुनाव में अपने आधार का आकलन करना चाहती है।

उसी हिसाब से आगे बढ़ रही है। वह मध्यप्रदेश, छत्तीसगढ़ और राजस्थान में अपनी पार्टी के उम्मीदवार उतारना चाह रही है। लेकिन कांग्रेस के साथ गठबंधन को लेकर कोई बात नहीं बन सकी है। इसलिए यहां अब दोनों दल अपने अपने हिसाब से मैदान में हैं। कई सीटों पर कांग्रेस और सपा आमने सामने आ गए हैं।

सपा के एक वरिष्ठ नेता ने बताया कि हमारी पार्टी भी राष्ट्रीय दर्जा पाना चाहती है। पांच राज्यों के विधानसभा चुनाव हमारे लिए अवसर है। लेकिन कांग्रेस का दिल बहुत छोटा है। कांग्रेस ने रविवार



को उन सीटों पर भी प्रत्याशी घोषित किए हैं, जो सपा गठबंधन के तहत मांग रही थी। इसीलिए हमारी पार्टी ने भी नौ उम्मीदवार की एक सूची जारी कर दी है। जब गठबंधन को लेकर बात चल रही थी तो अचानक से उम्मीदवार उतारना ठीक नहीं है। जब उन्हें सहयोग नहीं करना था तो गठबंधन की बात क्यों कर रहे थे। अब हम लोग अपने वोट बैंक के आधार पर अपने उम्मीदवार उतारेंगे। मध्य प्रदेश में होने वाले विधानसभा चुनाव में सीटों के बंटवारे को लेकर सपा-कांग्रेस के बीच रार उनके नेताओं में दूरियां भी बढ़ा रही है। इस मामले को लेकर दोनों पार्टियों की ओर से बयान बाजी भी शुरू हो गई है। इस मामले में मध्यप्रदेश सपा के अध्यक्ष रामायण पटेल का कहना है कि कांग्रेस से हमारा दल समझौता करना चाह रहा था। लेकिन बात नहीं बनी। कांग्रेस ने 144 सीट घोषित कर दी है। उसमें कुछ सीटें सपा मांग रही थी। उन्होंने कहा कि हमने भी नौ सीटों पर अपने उम्मीदवार उतार दिए हैं। उन्होंने कहा कि हम लोग अकेले दम पर चुनाव लड़ने जा रहे हैं। हम लोगों ने कांग्रेस के सामने भी उम्मीदवार उतारा है। शेष सीटों के लिए राष्ट्रीय अध्यक्ष ही निर्णय लेंगे। कांग्रेस के प्रदेश प्रवक्ता अंशू अवस्थी कहते हैं कि सपा यूपी में कांग्रेस के लिए बड़े दिल दिखाने की बात करती है। लेकिन मध्यप्रदेश में अपने उम्मीदवार उतार देती है। यह आश्चर्यजनक है। इंडिया गठबंधन में होने के नाते इन्हें गठबंधन धर्म निभाना चाहिए। हम वहां भाजपा को हराना जा रहे हैं। इस काम में उन्हे बाधक न बनकर हमारा सहयोग करना चाहिए। उन्होंने कहा कि 2009 में हमारे पास 22 सांसद रहे हैं। करीब 40 साल तक यूपी में सरकार चलाई है। यह बात उन लोगों को सोच समझकर बोलनी चाहिए। जिनका जन्म अभी दस पंद्रह साल पहले हुआ है। सपा अपने नेताओं की बयानबाजी पर रोक लगाए। इसके जवाब में सपा के प्रवक्ता सुनील साजन का कहना है कि इंडिया गठबंधन में राष्ट्रीय नेतृत्व की बातें हो रही है। कांग्रेस को अपने छुटभैये नेताओं के बयान पर रोक लगानी चाहिए। इनकी कोई हैसियत नहीं है, वे बयान दे रहे हैं। कांग्रेस की गठबंधन में बड़ी भूमिका है। मुख्य विपक्षी पार्टी है। इनका यूपी में कुछ नहीं है। एक सांसद और दो विधायक भी सपा की कृपा पर हैं। सपा और अखिलेश को लेकर कोई बयानबाजी छोटे नेताओं को नहीं करनी चहिए। राष्ट्रीय नेतृत्व से आपस में बात हो रही है। अभी हम लोग मध्यप्रदेश में अकेले चुनाव लड़ रहे है। जहां हम भाजपा को हरा सकते हैं, वहां चुनाव लडेंगे। वरिष्ठ राजनीतिक विश्लेषक प्रसून पांडेय कहते हैं कि इंडिया गठबंधन के लोगों को आगे तक चलने के लिए आपस में हर राज्य में गठबंधन करना पड़ेगा।

### चोरी की 12 बाइक जब्त,चार अंतर्राज्यीय चोर गिरफ्तार

**झांसी।** स्वाट टीम व बबीना पुलिस को मंगलवार को बड़ी सफलता हाथ लगी है।पुलिस ने 4 अंतर्राज्यीय शातिर चोरों को चोरी की 12 बाइक सहित गिरफ्तार किया है। ये शातिर बदमाश मप्र से बाइक चोरी कर उत्तर प्रदेश में सस्ते में बेचते थे।

एसपी सिटी ज्ञानेंद्र कुमार सिंह ने बताया कि पकड़े गये चोर विनोद, नीतेश, सनी व बृजेश झांसी जिले के रहने वाले हैं। चोरी की गयी बाइक सीमा से सटे हुए मप्र के जिलों की हैं। मप्र से बाइक चोरी करने के बाद ये सभी बाइक को महज 5 से 10 हजार रुपये में बेच देते थे। उन्होंने बताया यह लोग मास्टर चाबी से बाइक का ताला खोल लेते थे। गिरोह का मास्टर माइंड विनोद है। सबसे पहले उसी को गिरफ्तार किया गया था। उसके बाद उसके गिरोह के अन्य सदस्यों को गिरफ्तार किया गया। सभी को जेल भेजा जा रहा है।

KASHYAP'S DENTAL CLINIC
Dr. Vaibhav Kashyap
Oral & Dental Surgeon, C.c. Endodontist & Implantologist Certified Orthodontist, MIDA
" Smiles & More"
छात्र-छात्राओं के लिए 50% की छूट

Facilities
❖ आरसीटी
❖ पायरिया का ईलाज
❖ टेढ़े-मेढ़े दाँतों का ईलाज
❖ स्माईल डिजाइन
❖ इनविजिवल क्लिप
❖ दंत रोपण
❖ फिक्स दाँत लगाना
❖ अत्याधुनिक मशीन और तकनीक के द्वारा ईलाज



CHAMBER
SKYLINE - 4006, 4th Floor, Kadru, Opp. Dr. Lal's Hospital, Ranchi
Contact No. : 9199533383, 7903835453
Time : 9 am to 2 pm & 4 pm to 8 pm
Sunday : 9 am to 2 pm
E-mail : vaibhav.kashyap2011@gmail.com


## गागर में सागर

### छग के बीजापुर में मुठभेड़, सुरक्षाबलों ने कुख्यात नक्सली को किया ढेर

**बीजापुर/रायपुर।** छत्तीसगढ़ के बीजापुर जिले के मद्देड़ इलाके में सुरक्षाबलों ने मंगलवार सुबह मुठभेड़ में एक कुख्यात नक्सली को ढेर कर दिया। यह मुठभेड़ बंदेपारा के जंगल में हुई। तीन-चार नक्सलियों और कोबरा बटालियन के दो जवानों के जख्मी होने की भी सूचना है। बीजापुर के पुलिस अधीक्षक आंजनेय वार्ष्णेय ने मुठभेड़ की पुष्टि की है। पुलिस अधीक्षक का कहना है कि मुठभेड़स्थल से एक नक्सली का शव बरामद किया गया है। संभवतः यह नक्सली नेता डीवायसीएम नागेश का शव है। मगर इसकी पुष्टि होनी बाकी है। मुठभेड़स्थल से एके-47 भी बरामद हुई है। सुरक्षा बलों को जंगल में एरिया कमेटी प्रभारी डीवायसीएम नागेश, सचिव एसीएम बुचन्ना, एसीएम विश्वनाथ के अलावा 15-20 सशस्त्र नक्सलियों की मौजूदगी की सूचना मिली थी। उन्होंने बताया कि इसके बाद बीजापुर से डीआरजी, बस्तर फाइटर, एसटीएफ एवं सीआरपीएफ 170 की संयुक्त टीम नक्सल विरोधी अभियान पर निकली। मंगलवार सुबह बंदेपारा के जंगल में जवानों को देखकर नक्सलियों ने गोलीबारी शुरू कर दी। इसके बाद जवानों ने मोर्चा संभाला। दोनों ओर से करीब एक घंटे तक फायरिंग हुई। इस दौरान एक नक्सली ढेर हो गया। इसके बाद सर्चिंग ऑपरेशन तेज कर दिया गया।

### पुणे में कंटेनर में आग लगी, चार लोगों की मौत, दो झुलसे

**मुंबई।** पुणे जिले में मुंबई-बेंगलुरु हाइवे पर नवले ब्रिज और स्वामीनारायण मंदिर के पास बीती रात दो कंटेनरों की टक्कर के बाद एक में आग लग गई। इस हादसे में कंटेनर के केबिन में बैठे चार लोगों की मौत हो गई, जबकि दो लोग झुलस गए। दोनों का इलाज नजदीकी अस्पताल में हो रहा है। मृतकों में एक बच्चा भी शामिल है। पुलिस के अनुसार सोमवार देररात एक कंटेनर मुंबई की ओर आ रहा था। स्वामीनारायण मंदिर के पास पीछे से तेज रफ्तार आ रहे कंटेनर से इसकी टक्कर हो गई। इससे आगे वाला कंटेनर पलट गया और पीछे वाले कंटेनर में आग लग गई थी। कंटेनर के केबिन में छह लोग सफर कर रहे थे। मामले की छानबीन की जा रही है।

### महाराष्ट्र में 3.3 तीव्रता का भूकंप

**सतारा।** महाराष्ट्र के सतारा जिले में भूकंप के झटके महसूस किए गए हैं। हालांकि इसमें अभी तक किसी भी तरह के नुकसान की कोई सूचना नहीं है। नेशनल सेंटर फॉर सीस्मोलॉजी के मुताबिक सोमवार की रात 11:36 बजे महाराष्ट्र के सतारा में भूकंप के झटके महसूस किए गए हैं जिसकी रिक्टर स्केल पर तीव्रता 3.3 मापी गई है। इसका केंद्र जमीन के अंदर पांच किलोमीटर गहराई में था। समाचार लिखने तक कहीं से किसी भी प्रकार के नुकसान की सूचना नहीं मिली है।

### मनीष सिसोदिया की जमानत याचिका पर फैसला सुरक्षित

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट के जस्टिस संजीव खन्ना की अध्यक्षता वाली बेंच ने मंगलवार को मनीष सिसोदिया की जमानत याचिका पर दोनों पक्षों की दलीलें सुनने के बाद फैसला सुरक्षित रख लिया। कोर्ट ने 16 अक्टूबर को ईडी से पूछा था कि मनीष सिसोदिया के खिलाफ आरोप तय करने पर अब तक बहस शुरू क्यों नहीं हुई। किसी को इस तरह आप जेल में नहीं रख सकते। ईडी ने सुप्रीम कोर्ट को बताया था कि हम आम आदमी पार्टी को भी इस मामले में आरोपित बनाने पर विचार कर रहे हैं। पहले की सुनवाई के दौरान कोर्ट ने ईडी पर बड़े सवाल उठाते हुए पूछा था कि सरकारी गवाह के बयान पर कैसे भरोसा करेंगे। क्या ये बयान कानून में स्वीकार्य होगा। क्या ये कही सुनी बात नहीं है। कोर्ट ने कहा था कि सब सबूतों के आधार पर होना चाहिए वरना जिरह में ये केस दो मिनट में गिर जाएगा। सुनवाई के दौरान 5 अक्टूबर को मनीष सिसोदिया के वकील अभिषेक मनु सिंघवी ने कहा था कि सिसोदिया को पैसे मिलने का कोई सबूत नहीं है। विजय नायर से सिसोदिया का कोई संबंध नहीं था। नायर पार्टी का कार्यकर्ता था और वह आतिशी और सौरभ भारद्वाज को रिपोर्ट करता था। उन्होंने कहा कि सिसोदिया 26 फरवरी से जेल में हैं।

# एक दशक में प्रमुख बंदरगाहों की क्षमता हुई दोगुनी : मोदी

**एजेंसी। नई दिल्ली**

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने भारत की समुद्री क्षमता को सरकार की प्राथमिकता बताते हुए कहा है कि इस क्षेत्र को मजबूत करने के लिए हम नीतिबद्ध तरीके से काम कर रहे हैं। इसी के फलस्वरूप पिछले एक दशक में प्रमुख बंदरगाहों की क्षमता दोगुनी हो गई है। बंदरगाहों पर कंटेनरों के टर्न-अराउंड समय में तेजी से कमी आई है। प्रधानमंत्री मंगलवार को वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से ग्लोबल मैरीटाइम इंडिया समिट (जीएमआईएस) 2023 के तीसरे संस्करण के उद्घाटन समारोह को संबोधित कर रहे थे। मुंबई में आयोजित यह शिखर सम्मेलन देश के समुद्री क्षेत्र में निवेश आकर्षित करने के लिए एक



उत्कृष्ट मंच प्रदान करता है। प्रधानमंत्री ने ग्लोबल मैरीटाइम इंडिया समिट के तीसरे संस्करण में सभी का स्वागत किया। उन्होंने याद किया कि जब 2021 में शिखर सम्मेलन हुआ था तो कैसे पूरी दुनिया कोविड महामारी की अनिश्चितताओं से जूझ रही थी। उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि एक नई दुनिया आज आकार ले रही है। बदलती विश्व व्यवस्था में प्रधानमंत्री ने रेखांकित किया कि दुनिया नई आकांक्षाओं के साथ भारत की ओर देख रही है। उन्होंने कहा कि आर्थिक संकट से जूझ रही दुनिया में भारत की अर्थव्यवस्था लगातार मजबूत हो रही है और वह दिन दूर नहीं जब भारत दुनिया की शीर्ष तीन अर्थव्यवस्थाओं में से एक बन जाएगा। वैश्विक व्यापार में समुद्री मार्गों की भूमिका को रेखांकित करते हुए प्रधानमंत्री ने कोरोना के बाद की दुनिया में एक विश्वसनीय वैश्विक आपूर्ति श्रृंखला की आवश्यकता पर जोर दिया। प्रधानमंत्री ने कहा कि इतिहास गवाह है कि भारत की समुद्री क्षमताओं से हमेशा दुनिया को फायदा हुआ है। मोदी ने पिछले कुछ वर्षों में इस क्षेत्र को मजबूत करने के लिए उठाए गए कदमों का जिक्र किया। उन्होंने प्रस्तावित भारत-मध्य पूर्व यूरोप आर्थिक गलियारे पर ऐतिहासिक जी-20 के देशों की सर्वसम्मति के परिवर्तनकारी प्रभाव को रेखांकित किया। उन्होंने कहा कि जैसे अतीत के सिल्क रूट ने कई देशों की अर्थव्यवस्था बदल दी, वैसे ही यह गलियारा भी वैश्विक व्यापार की तस्वीर बदल देगा। मोदी ने कहा कि इसके तहत नेक्स्ट जेनरेशन मेगा पोर्ट, इंटरनेशनल कंटेनर ट्रांस-शिपमेंट पोर्ट, द्वीप विकास, अंतर्देशीय जलमार्ग और मल्टी-मॉडल हब जैसे कार्य किए जाएंगे, जिससे व्यावसायिक लागत में कमी आएगी और पर्यावरणीय गिरावट से लॉजिस्टिक दक्षता में सुधार होगा और नौकरियां पैदा होंगी।

## भाजपा में शामिल हुए महाराणा प्रताप के वंशज और करनी सेना के दिवंगत अध्यक्ष के बेटे

**एजेंसी। नई दिल्ली**

राजस्थान विधानसभा चुनाव में बढ़त बनाने के लिए भाजपा लगातार प्रदेश के प्रभावी नेताओं को पार्टी में शामिल कर रही है। मंगलवार को महाराणा प्रताप के वंशज विश्वराज सिंह और करनी सेना के पूर्व अध्यक्ष स्वर्गीय लोकेंद्र सिंह कालवी के बेटे भवानी सिंह कालवी ने भाजपा का दामन थाम लिया। केंद्रीय मंत्री अर्जुन राम मेघवाल, राजस्थान भाजपा प्रदेश अध्यक्ष सीपी जोशी, राजस्थान प्रभारी अरुण सिंह और लोक सभा सांसद दिया कुमारी ने मंगलवार को पार्टी मुख्यालय में इन दोनों नेताओं को भाजपा में शामिल कराया। दोनों नेताओं का भाजपा में स्वागत करते हुए केंद्रीय मंत्री अर्जुन राम मेघवाल ने कहा कि राजस्थान में बदलाव



तय है। चुनाव की तारीख की घोषणा के बाद यह जॉइनिंग हो रही है और इसलिए यह बहुत महत्वपूर्ण है। उन्होंने आगे कहा कि राजस्थान में इनका बड़ा योगदान रहने वाला है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 2047 तक भारत को एक विकसित देश बनाने का जो संकल्प लिया है, उसमें राजस्थान की भूमिका बहुत महत्वपूर्ण होने वाली है और राजस्थान को विकसित राजस्थान बनाने में आज की इस जॉइनिंग की भूमिका काफी महत्वपूर्ण होगी।

## फेसलेस कर निर्धारण के लिए गांधी परिवार व आप की याचिकाएं स्थगित

**एजेंसी। नई दिल्ली**

सुप्रीम कोर्ट ने मंगलवार को कांग्रेस नेताओं राहुल गांधी, सोनिया गांधी, प्रियंका गांधी वाड्रा, आम आदमी पार्टी (आप) और कई धर्मार्थ ट्रस्टों द्वारा उनके कर निर्धारण को फेसलेस मूल्यांकन से केंद्रीय वृत्त की ओर स्थानांतरित करने के खिलाफ दायर याचिकाओं को स्थगित कर दिया। न्यायमूर्ति खन्ना और न्यायमूर्ति एस.एन.वी.भट्टी की पीठ ने सुनवाई 7 नवंबर तक के लिए स्थगित कर दी। इससे पहले 3 अक्टूबर को, तबादलों के खिलाफ कांग्रेस नेताओं राहुल गांधी, सोनिया गांधी और प्रियंका गांधी वाड्रा द्वारा दायर याचिकाओं का जिक्र करते हुए शीर्ष अदालत ने कहा था कि यदि व्यक्तियों के बीच क्रॉस-लेनदेन होता है तो केंद्रीय मूल्यांकन की आवश्यकता हो सकती है। गांधी परिवार और उनसे जुड़े ट्रस्टों की ओर से पेश वरिष्ठ वकील अरविंद दातार ने कहा कि भगोड़े हथियार डीलर संजय भंडारी के मामले में तलाशी के कारण, आयकर अधिकारियों ने इन सभी को प्रियंका गांधी के पति रॉबर्ट वाड्रा के कारण पूरक मामलों के रूप में टैग किया है। गांधी परिवार ने कहा है कि भंडारी समूह के मामलों से उनका कोई लेना-देना नहीं है और उनके मामलों में तलाशी या जब्ती की कोई घटना नहीं हुई है।

## समलैंगिक शादियों को मान्यता देने से सुप्रीम कोर्ट का इनकार

**एजेंसी। नई दिल्ली**

सुप्रीम कोर्ट ने समलैंगिक विवाह को मान्यता देने से इनकार कर दिया है। समलैंगिक विवाह पर चार जजों सीजेआई, जस्टिस संजय किशन कौल, जस्टिस एस रवींद्र भट्ट और जस्टिस पीएस नरसिम्हा, जस्टिस हिमा कोहली की बेंच ने बंटा हुआ फैसला सुनाया। सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि समलैंगिक साथ रह सकते हैं, लेकिन विवाह को मान्यता नहीं दी जा सकती। सुप्रीम कोर्ट ने कहा है कि स्पेशल मैरिज एक्ट में बदलाव करने का अधिकार केवल संसद के पास है, इसलिए केंद्र सरकार को एलजीबीटीक्यू समुदाय के साथ भेदभाव रोकने के लिए जरूरी कदम उठाने का निर्देश दिया।

इस मामले पर फैसला सुनाते हुए चीफ जस्टिस डीवाई चंद्रचूड़ ने कहा कि समलैंगिक जोड़े को भी सामान्य लोगों की तरह उनको उनका अधिकार मिलना चाहिए। चीफ जस्टिस ने कहा कि यह तर्क सही नहीं है कि समलैंगिक कपल्स बेहतर पैरेंट नहीं हो सकते। इसी कोई स्टडी नहीं है कि सामान्य कपल बेहतर पैरेंट होते हैं। चीफ जस्टिस ने कहा कि समलैंगिक कपल्स को विवाह करने का अधिकार है। समलैंगिक कपल को भी बच्चा गोद लेने का अधिकार है। चीफ जस्टिस ने कहा कि समलैंगिकता सिर्फ शहरों तक सीमित नहीं है, बल्कि गांव में कृषि कार्य में काम करने वाली एक महिला भी समलैंगिक हो सकती है। चीफ जस्टिस ने कहा कि ये कहना कि विवाह की संस्था स्थिर और अपरिवर्तनीय है, सही नहीं है। विवाह की व्यवस्था में कानून के द्वारा बदलाव किया गया है। चीफ जस्टिस ने कहा कि स्पेशल मैरिज



एक्ट में बदलाव करने का अधिकार केवल संसद के पास है। कोर्ट को संसद के अधिकार क्षेत्र में दखल देने में सावधानी बरतनी चाहिए। संविधान बेंच के सदस्य जस्टिस संजय किशन कौल ने चीफ जस्टिस के फैसले पर अपनी सहमति जताई। जस्टिस एस रविंद्र भट्ट ने चीफ जस्टिस के फैसले से असहमति जताते हुए कहा कि समलैंगिक जोड़े को बच्चा गोद लेने का अधिकार नहीं दिया जा सकता। जस्टिस हीमा कोहली ने जस्टिस एस रविंद्र भट्ट के फैसले से सहमति जताई। सुप्रीम कोर्ट ने इस मामले पर दस दिनों तक सुनवाई करने के बाद 11 मई को फैसला सुरक्षित रख लिया था। सुनवाई के दौरान राष्ट्रीय बाल अधिकार संरक्षण आयोग ने कहा था कि जेंडर की अवधारणा परिवर्तनशील हो सकती है, लेकिन मां और मातृत्व नहीं। कोर्ट ने कहा था कि एक बच्चे का कल्याण सर्वोपरि होता है। देश का कानून विभिन्न कारणों से गोद लेने की अनुमति प्रदान करता है। यहां तक कि एक अकेला व्यक्ति भी बच्चा गोद ले सकता है। ऐसे पुरुष या महिला, एकल यौन संबंध में हो सकते हैं। कोर्ट ने कहा कि अगर आप संतानोत्पत्ति में सक्षम हैं तब भी आप बच्चा गोद ले सकते हैं। जैविक संतानोत्पत्ति की कोई अनिवार्यता नहीं है।

## तृणमूल सांसद महुआ मोइत्रा ने भाजपा सांसद निशिकांत के विरुद्ध किया मुकदमा


**कृष्णमोहन सिंह। नई दिल्ली**

उद्योगपति रुइया के लिए कई तरह से उपयोगी के तौर पर चर्चित रहे भाजपा सांसद निशिकांत दुबे के विरूद्ध तृणमूल कांग्रेस सांसद महुआ मोइत्रा ने मंगलवार को दिल्ली उच्च न्यायालय में याचिका दायर की। उन्होंने उसमें भाजपा सांसद निशिकांत दुबे, एक वकील व कई सोशल मीडिया प्लेटफार्मों तथा मीडिया हाउस को अपने (मोइत्रा) विरूद्ध अपमानजनक सामग्री पोस्ट करने से रोकने की अपील की। याचिका में महुआ मोइत्रा ने अपील की है कि उनके खिलाफ किसी भी कथित फर्जी पोस्ट करने, प्रसारित या प्रकाशित करने से रोका जाए। दिल्ली हाईकोर्ट में इस मामले की सुनवाई सप्ताह के अंत तक हो सकती है। मालूम हो कि भाजपा सांसद निशिकांत दुबे ने टीएमसी सांसद महुआ मोइत्रा के विरूद्ध एक जांच समिति गठित करने और उन्हें सदन से 'तत्काल निलंबित' करने की मांग की है। उन्होंने लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला को पत्र लिखा है। निशिकांत का आरोप है कि महुआ ने उद्योगपति हीरानंदानी को लाभ पहुंचाने वाले सवाल संसद में पूछती हैं, और उसके बदले में पैसे या उपहार लेती हैं। जबकि तृणमूल सांसद महुआ मोइत्रा का कहना है कि उद्योगपति गौतम अडानी पर विदेश से कम दाम पर कोयला लाकर देश में कई गुना महंगे दाम पर बेचने का मामला प्रमुख विदेशी वित्तीय अखबारों में प्रमाण सहित छपा है। चीन व गल्फ कंट्री के दो धंधेबाजों ने भी अडानी कंपनी में मारीशस व अन्य कई जगह से हजारों करोड़ रुपये लगाया है। वह रकम किसका है, कैसे आया, इसकी जांच कहां तक पहुंची, इस सबके बारे में संसद में लगातार सवाल उठाकर सरकार व संबंधित मंत्रालयों को पत्र लिख जवाब मांगती रही हैं। उसका जवाब नहीं देकर, उनके विरूद्ध कार्रवाई नहीं करके, उल्टे मेरा मुंह बंद कराने व डराने के लिए इस तरह का हथकंडा अपनाया जा रहा है। क्योंकि अडानी इस तरह के मामले में केंद्र का वरदहस्त होने की बात कही जा रही है। और केन्द्र सरकार को कोई लपेटे तो उसको छोड़ा नहीं जा रहा है। किसी न किसी तरह से लपेट कर सबक सिखाने की कोशिश हो रही है।

## FILMY हलचल

### बहुचर्चित फिल्म 'गडकरी' का ट्रेलर रिलीज

**'हाईवे मैन ऑफ इंडिया'** के नाम से मशहूर नितिन जयराम गडकरी के जीवन पर आधारित फिल्म 'गडकरी' जल्द रिलीज होगी। इस फिल्म का ट्रेलर लॉन्च समारोह हाल ही में आयोजित किया गया था। इस अवसर पर महाराष्ट्र के उपमुख्यमंत्री देवेन्द्र फड़णवीस, भारतीय क्रिकेटर उमेश यादव और अन्य गणमान्य व्यक्ति उपस्थित थे। इस कार्यक्रम में नितिन गडकरी का किरदार निभाने वाले राहुल चोपड़ा ने 'गडकरी' अंदाज में आकर दर्शकों का दिल जीत लिया। ट्रेलर की शुरूआत 'गडकरी' से 'रोडकारी' तक के सफर से होती है। फिल्म के ट्रेलर में उनके बचपन, राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के सेवक, चुनाव में हार, जानलेवा हमला, सामाजिक सरोकार सभी पहलुओं को दिखाया गया है। इसमें नितिन गडकरी की निजी जिंदगी के सफर की भी झलक मिलती है। इसके बाद भारत के पहले एक्सप्रेस-वे का सफर, सबसे कम लागत में इसे बनाने का फैसला और इसके लिए जो संघर्ष करना पड़ा वह भी इस ट्रेलर में नजर आता है। दिलचस्प बात यह है कि इस ट्रेलर में नितिन गडकरी के साथ-साथ शिवसेना प्रमुख बालासाहेब ठाकरे भी नजर आ रहे हैं।





### रश्मि देसाई ने गरबा के प्रति अपना निस्वार्थ प्रेम साझा किया



**अभिनेत्री** रश्मि देसाई के लिए नवरात्रि का मतलब सिर्फ फैंसी कपड़े पहनना नहीं बल्कि गरबा करना भी है। अभिनेत्री नृत्य प्रेमी हैं, और उन्हें इस समय का हमेशा इंतजार रहता है। अभिनेत्री रश्मि देसाई ने कहा, "नवरात्रि आ गई है और मैं वास्तव में शांत नहीं रह सकती। जब मैं यह कहती हूं तो विश्वास करें, पिछले कुछ वर्षों में, मैंने गरबा के हर चरण में महारत हासिल कर ली है। मेरे अंदर का नृत्य प्रेमी हमेशा साल के इस समय का इंतजार करता है और मैं मुझे यह पसंद है।" अभिनेत्री ने कहा, मेरे लिए, नवरात्रि का मतलब अपने परिवार और दोस्तों के साथ गुणवत्तापूर्ण समय बिताना है। ठीक यही मैं इस साल भी करने जा रही हूं। भगवान की कृपा और आशीर्वाद से यह व्यक्तिगत रूप से मेरे लिए एक अच्छा साल रहा है।

### मद्रास हाईकोर्ट ने सुबह 4 बजे विजय-स्टार 'लियो' मूवी शो रखने की याचिका पर आदेश पारित करने से किया इनकार

**मद्रास** हाईकोर्ट ने मंगलवार को तमिल सुपर स्टार 'थलपति' विजय की ब्लॉकबस्टर फिल्म 'लियो' की 19 अक्टूबर को सुबह 4 बजे स्क्रीनिंग के लिए मेकर्स की अपील पर फैसला देने से इनकार किया। महाधिवक्ता आर. शनमुगसुंदरम और राज्य लोक अभियोजक मोहम्मद अली जिन्ना के कड़े विरोध के बाद जज अनिता सुमंत ने मामले में आदेश पारित करने से परहेज किया। हालांकि, कोर्ट ने मेकर्स को 19-24 अक्टूबर तक सुबह 7 बजे के शो के संबंध में अपने अनुरोध के साथ राज्य सरकार से संपर्क करने का निर्देश दिया। न्यायमूर्ति अनिता सुमंत ने आदेश में कहा कि सुबह 9 बजे से 1.30 बजे के बीच पांच शो चलाने में आने वाली कठिनाइयों पर विचार करने के बाद तमिलनाडु राज्य गृह (सिनेमा) विभाग को फिल्म के निमार्ताओं और तमिलनाडु थिएटर मालिकों के संघ के साथ चर्चा करने का निर्देश दिया गया। फिल्म के निमार्ता सेवन स्क्रीन स्टूडियोज के अधिकृत हस्ताक्षरकर्ता के. रामचंद्रन ने अपनी अपील में कहा कि विजय की बहुत बड़ी फैन




फॉलोइंग है और फिल्म 'लियो' के ट्रेलर को रिलीज के सात दिनों में 51 मिलियन से अधिक लोगों ने देखा। उन्होंने शाहरुख खान की फिल्मों 'पठान' और 'जेलर' का उदाहरण भी दिया, जो मुंबई में छह से सात शो और दिल्ली में छह शो में रिलीज हुई थीं। मद्रास उच्च न्यायालय की न्यायाधीश, न्यायमूर्ति अनिता सुमंत ने सोमवार को सुनवाई मंगलवार तक के लिए स्थगित कर दी थी क्योंकि तमिलनाडु के महाधिवक्ता ने यह सत्यापित करने के लिए समय मांगा था कि फिल्म शो को विनियमित करने के लिए मद्रास उच्च न्यायालय की मदुरै पीठ में एक जनहित याचिका (पीआईएल) दायर की गई है या नहीं।

## रणनीति

### भारतीय सेना खरीदेगी आठ लैंडिंग अटैक क्राफ्ट

# पाक-चीन सीमा पर निगरानी में होगी आसानी

**सर क्रीक एरिया व ब्रह्मपुत्र नदी बेसिन जैसे महत्वपूर्ण क्षेत्रों को सुरक्षित रखने में मिलेगी मदद**

**एजेंसी। नई दिल्ली**

भारतीय सेना चुनौतीपूर्ण समुद्री वातावरण में तेजी से प्रतिक्रिया देने के लिए लैंडिंग क्राफ्ट और तेज गश्ती नौकाओं के साथ सर क्रीक क्षेत्र में रणनीतिक क्षमताओं को बढ़ाएगी। सेना ने आठ लैंडिंग अटैक क्राफ्ट और 'मेक इन इंडिया इन डिफेंस' कार्यक्रम के तहत छह तेज गश्ती नौकाएं हासिल करने की प्रक्रिया शुरू की है। इससे भारतीय सेना को पाकिस्तान और चीन सीमाओं पर उन्नत नौकाओं के साथ तटीय अभियानों में बढ़त हासिल होगी। भारतीय सेना ने 06 फास्ट पेट्रोल बोट और 08 लैंड क्राफ्ट की खरीद के लिए एक आरएफआई जारी किया है। सेना



ने मंगलवार को एक बयान में कहा कि लैंड क्राफ्ट को सर क्रीक क्षेत्र और ब्रह्मपुत्र नदी बेसिन में वाहन, सामग्री के परिवहन, नाव गश्ती और सीमित खोज और बचाव के लिए तैनात किया जाना है। इसी तरह सर क्रीक क्षेत्र सहित समुद्र और जल निकायों पर निगरानी, गश्त और अवरोधन के लिए तेज गश्ती नौकाओं को तैनात किया जाना है।

भारतीय सेना के एक अधिकारी ने बताया कि देश के विभिन्न हिस्सों में क्रीक क्षेत्रों और नदी घाटियों में खोज और बचाव अभियान चलाने के लिए सेना समुद्री या नदी तट का उपयोग किए बिना जल निकायों के अंदर और बाहर आने में सक्षम होना चाहती है। इनके खरीदने का मकसद सर क्रीक क्षेत्र, ब्रह्मपुत्र नदी बेसिन और सुंदरबन डेल्टा क्षेत्रों में अपने अभियानों को रणनीतिक बढ़त दिलाना है। भारत और पाकिस्तान की सीमा पर स्थित सर क्रीक क्षेत्र लंबे समय से भू-राजनीतिक तनाव का केंद्र बिंदु, सीमा पार घुसपैठ और तस्करी गतिविधियों का केंद्र रहा है।

पाकिस्तान की समुद्री सीमा अरब सागर से मिलती है, जहां इसके जलमार्गों के जटिल नेटवर्क की चुनौतियों का मुकाबला करने के लिए विशेष समुद्री बल की आवश्यकता होती है, ताकि चुस्त और तीव्र प्रतिक्रिया दी जा सके। सेना की लैंडिंग क्राफ्ट और तेज गश्ती नौकाओं से समुद्री परिवहन को सक्षम करने के साथ ही विभिन्न इलाकों में तेजी से तैनाती करके प्रतिक्रिया दी जा सकेगी। इसके अतिरिक्त ये क्राफ्ट सैनिकों और सामग्रियों की आवाजाही को आसान बनाएंगी, जिससे महत्वपूर्ण परिदृश्यों में समय पर सुदृढ़ीकरण और रसद सहायता सुनिश्चित की जा सकेगी।

इसके अलावा ये क्राफ्ट गश्त करने और तटीय क्षेत्रों में निगरानी और सुरक्षा बढ़ाने में भी माहिर होंगी। यह रणनीतिक खरीद सर क्रीक एरिया और ब्रह्मपुत्र नदी बेसिन जैसे महत्वपूर्ण क्षेत्रों को सुरक्षित करने में भारतीय सेना के रुख के अनुरूप है, जिससे घुसपैठ और तस्करी जैसी अवांछित गतिविधियों की संभावना कम होगी। एकीकृत नेविगेशन सूट से लैस सेना की लैंडिंग क्राफ्ट को सभी गतिशील और स्थिर संपर्कों, समुद्र तट सुविधाओं, नेविगेशनल सहायता और बंदरगाह प्रतिष्ठानों के लिए डिजाइन किया गया है, जो ऑपरेटरों के लिए व्यापक स्थितिजन्य जागरुकता सुनिश्चित करता है। इसमें लगा रडार स्वचालित पहचान प्रणाली, ग्लोबल पोजिशनिंग सिस्टम (जीपीएस) और हेडिंग सेंसर सहित विभिन्न सेंसर से डेटा को एकीकृत करता है।

## गागर में सागर

### डॉमिनोज ने मटन और चिंगरी पिज्जा की शुरूआत की

**रांची।** पूजा सीजन में पिज्जा चेन, डॉमिनोज ने पहली बार भारत में मटन और चिंगरी पिज्जा की शुरूआत की है। डोमिनोज ने ऑथेंटिक बांग्ला और पूर्वी क्षेत्रीय व्यंजनों से प्रेरित 3 नए पिज्जा के साथ 6 स्वादिष्ट पिज्जा का अपना कलेक्शन प्रदर्शित किया है। स्थानीय लोग अब पिज्जा में कोशा मांगशो, चंपारण मटन और मलाई चिंगरी के स्वादिष्ट क्षेत्रीय स्वाद का आनंद ले सकते हैं। शाकाहारी भी क्षेत्रीय मेनू के हिस्से के रूप में कोशा वेज, चंपारण वेज और मलाई पनीर के पारंपरिक स्वाद का आनंद ले सकते हैं। पिज्जा की यह श्रृंखला पारंपरिक पाक व्यंजनों का सहज मिश्रण है, जो एक स्वादिष्ट और यादगार भोजन अनुभव का वादा करती है। नॉन-वेजिटेरियन पिज्जा रेंज - कोशा मांगशो, चंपारण मटन और मलाई चिंगरी 399 रुपये से शुरू होती है और हमारे शाकाहारी ग्राहकों के लिए, वेजिटेरियन पिज्जा रेंज-कोशा वेज, चंपारण वेज और पनीर मलाई 299 रुपये से शुरू होती है। ग्राहक अब 17 अक्टूबर से भारत के पूर्वी हिस्से जैसे पश्चिम बंगाल, बिहार, झारखंड, असम, ओडिशा, नागालैंड, सिक्किम, त्रिपुरा, मिजोरम, मणिपुर, मेघालय और अरुणाचल प्रदेश में हमारे किसी भी डॉमिनोज स्टोर में जाकर स्वाद ले सकते हैं।

### भारत में 2023 में इस्पात की मांग में 8.6% की वृद्धि देखने को मिलेगी



**नई दिल्ली।** भारत में इस्पात की मांग के 2023 में 1.8 प्रतिशत की समग्र वैश्विक वृद्धि के मुकाबले 8.6 प्रतिशत की स्वस्थ वृद्धि" दर्ज करने की उम्मीद है। वर्ल्डस्टील ने मंगलवार को यह बात कही। वर्ल्ड स्टील एसोसिएशन (वर्ल्डस्टील) ने अनुमान लगाया गया है कि वैश्विक इस्पात मांग 2023 में 1.8 प्रतिशत बढ़ेगी। 2022 में इसमें 3.3 प्रतिशत की गिरावट आई थी। 2024 में मांग के 1.9 प्रतिशत बढ़कर 184.91 करोड़ टन तक पहुंचने की उम्मीद है। भारतीय अर्थव्यवस्था उच्च ब्याज दर के दबाव के बावजूद स्थिर बनी हुई है और इस्पात की मांग के कारण इसकी उच्च वृद्धि गति जारी रहने की उम्मीद है। वर्ल्डस्टील इकोनॉमिक्स कमेटी के चेयरमैन मैक्सिमो वेदोया ने कहा कि स्टील की मांग पर उच्च मुद्रास्फीति और ब्याज दर का असर दिख रहा है। उन्होंने कहा कि सख्त मौद्रिक नीति के विलंबित प्रभाव को ध्यान में रखते हुए, निकाय को 2024 में उन्नत अर्थव्यवस्थाओं में इस्पात की मांग में सुधार धीमा रहने की उम्मीद है। उभरती अर्थव्यवस्थाओं के विकसित देशों की तुलना में तेजी से बढ़ने की उम्मीद है।

### ट्राइडेंट पर इनकम टैक्स का छापा, कंपनी के कई ऑफिसों में चल रही छानबीन

**नई दिल्ली।** देश की बड़ी टेक्सटाइल कंपनी ट्राइडेंट ग्रुप पर इनकम टैक्स विभाग ने छापेमारी की है। कंपनी के कई ऑफिस लोकेशनों पर आईटी डिपार्टमेंट के अधिकारी पहुंचे हैं। सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार, आयकर विभाग ने ग्रुप के देशभर में स्थित कई ऑफिसों पर रेड की है। बता दें, ट्राइडेंट ग्रुप ऊन, होम टेक्सटाइल, पेपर-स्टेशनरी, केमिकल्स वगैरह की एक बड़ी मैन्युफैक्चरिंग कंपनी है। इसके मध्य प्रदेश, बुधनी, बरनाला और धौला और पंजाब में कई मैन्युफैक्चरिंग यूनिट हैं। इस खबर के बीच कंपनी के शेयरों में गिरावट देखी जा रही है। ळ१ील्ल३ छ३. मंगलवार की सुबह 10:45 के आसपास 36.30 रुपए प्रति शेयर के आसपास ट्रेड कर रहा था। इनमें 0.85 अंक या 2.29% की गिरावट आई थी। बता दें, करीब एक साल पहले ट्राइडेंट ग्रुप करोड़ो के हेरफेर के मामले में चर्चा में आया था।

### मारुति के निदेशक मंडल ने जापान की कंपनी से शेयर खरीद पर समझौते को दी मंजूरी

**नई दिल्ली।** मारुति सुजुकी इंडिया के निदेशक मंडल ने सुजुकी मोटर कॉरपोरेशन से सुजुकी मोटर गुजरात (एसएमजी) का पूर्ण अधिग्रहण करने के लिए शेयर खरीद समझौते पर आगे बढ़ने के प्रस्ताव को मंजूरी दे दी है। मारुति सुजुकी इंडिया (एमएसआई) ने शेयर बाजार को दी जानकारी में बताया कि कंपनी ने 10 रुपए प्रति शेयर के भाव पर 12,84,11,07,500 शेयर हासिल करने के लिए एसएमसी और एसएमजी के साथ शेयर खरीद तथा सदस्यता समझौता (एसपीएसए) निष्पादित किया है, जो 12,841.1 करोड़ रुपए की कुल खरीद पर एसएमसी के स्वामित्व वाली एसएमजी की 100 प्रतिशत हिस्सेदारी का प्रतिनिधित्व करता है। शेयरधारकों की मंजूरी के लिए मतदान बुधवार से शुरू होगा और एक महीने तक चलेगा। इस अधिग्रहण के बाद सुजुकी मोटर गुजरात (एसएमजी) उसकी (एमएसआई) पूर्ण स्वामित्व वाली अनुषंगी कंपनी बन जाएगी।

### पीएम मोदी ने गूगल के सीईओ सुंदर पिचाई से की चर्चा

# दिल्ली में होने वाली एआई समिट के लिए किया आमंत्रित

**एजेंसी। नई दिल्ली**



प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने गूगल और अल्फाबेट के चीफ एग्जीक्यूटिव ऑफिसर (सीईओ) सुंदर पिचाई से डिजिटल माध्यम से बातचीत की है। पीएम मोदी ने टेक्नोलॉजी सेक्टर की दिग्गज कंपनी गूगल की भारत में इलेक्ट्रॉनिक मैन्यूफैक्चरिंग इकोसिस्टम के विस्तार में भाग लेने की योजना पर चर्चा की। नई दिल्ली में दिसंबर 2023 में भारत द्वारा आयोजित होने वाले एआई शिखर सम्मेलन को लेकर भी पीएम मोदी और गूगल के सीईओ सुंदर पिचाई के बीच चर्चा हुई। पीएम मोदी ने गूगल को आने वाले एआई समिट में ग्लोबल पार्टनरशिप में योगदान देने के लिए भी आमंत्रित किया। प्रधानमंत्री कार्यालय (पीएमओ) ने कहा कि पीएम मोदी ने भारत में क्रोमबुक्स की मैन्यूफैक्चरिंग के लिए 'एचपी' के साथ गूगल की साझेदारी की तारीफ की। पीएमओ ने कहा, प्रधानमंत्री ने गूगल की 100 भाषा पहल की तारीफ की और आर्टिफीशियल इंटेलीजेंस से जुड़े सॉल्यूशंस को भारतीय भाषाओं में उपलब्ध कराने की कोशिशों को प्रोत्साहित किया। उन्होंने गूगल को गुड गवर्नेंस के लिए एआई सॉल्यूशंस पर काम करने के लिए भी प्रेरित किया। पीएम मोदी ने गांधीनगर में गुजरात इंटरनेशनल फाइनेंस टेक-सिटी (गिफ्ट) में ग्लोबल फिनटेक संचालन केंद्र खोलने की गूगल की स्कीम का स्वागत किया। पीएमओ ने बताया कि सुंदर पिचाई ने पीएम मोदी को 'गूगल पे' और यूपीआई की पहुंच बढ़ाकर भारत में फाइनेंशियल इंक्लूजन में सुधार लाने की गूगल की योजनाओं के बारे में जानकारी दी। गूगल के सीईओ सुंदर पिचाई ने कहा कि हमें गिफ्ट सिटी, गुजरात में ग्लोबल फिनटेक ऑपरेशन सेंटर खोलने की जानकारी देते हुए खुशी हो रही है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का डिजिटल इंडिया के लिए विजन हमेशा से समय से आगे रहा। मुझे लगता है कि ये एक ऐसा ब्लूप्रिंट है जिसे अन्य देश भी फॉलो करने के लिए देखेंगे।

## सोना 59,000 रुपए प्रति 10 ग्राम भाव रहा, चांद में भी आई गिरावट



**एजेंसी। नई दिल्ली**

सोने-चांदी की वायदा कीमतों में गिरावट देखने को मिल रही है। चांदी के वायदा भाव आज गिरावट के साथ खुले, जबकि सोने के वायदा भाव पिछले क्लोजिंग भाव पर ही खुले। चांदी के वायदा भाव 70,800 रुपए के करीब और सोने के वायदा भाव 59,000 रुपए के करीब कारोबार कर रहे हैं। अंतरराष्ट्रीय बाजार में भी सोने-चांदी की कीमतों में नरमी देखी जा रही है। सोने के वायदा भाव में आज नरमी देखी जा रही है। मल्टी कमोडिटी एक्सचेंज पर सोने का दिसंबर कॉन्ट्रैक्ट आज पिछले क्लोजिंग भाव 59,166 रुपए पर ही खुला। खबर लिखे जाने के समय यह 59,093 रुपए के भाव पर कारोबार कर रहा था। इस समय इसने 59,166 रुपए के भाव पर दिन का उच्च स्तर और 59,000 रुपए के भाव पर निचला स्तर छू लिया। मई महीने में सोने के वायदा भाव ने 61,845 रुपए प्रति 10 ग्राम के भाव पर सर्वोच्च स्तर छू लिया था। एमसीएक्स पर चांदी का बेंचमार्क दिसंबर कॉन्ट्रैक्ट आज 437 रुपए की गिरावट के साथ 70,600 रुपए के भाव पर खुला। खबर लिखे जाने के समय यह कॉन्ट्रैक्ट 183 रुपए की तेजी के साथ 70,854 रुपए के भाव पर कारोबार कर रहा था।

### बिकने जा रहा दिल्ली एनसीआर का बड़ा ग्रेट इंडिया प्लेस मॉल

## पान मसाला बनाने वाली कंपनी कर रही खरीदने की तैयारी

**एजेंसी। नई दिल्ली**




सिर्फ नोएडा ही नहीं बल्कि पूरे दिल्ली एनसीआर में सबसे बड़े मॉल में से एक ग्रेट इंडिया प्लेस (जीआईपी) अब बिकने जा रहा है। इस मॉल को रजनीगंधा पान मसाला बनाने वाली कंपनी डीएस ग्रुप खरीदने की तैयारी कर रहा है। जानकारी के मुताबिक यह डीज 2000 करोड़ रुपए में होने की संभावना है। अगर ये डील होती है तो ये नोएडा की अब तक की सबसे बड़ी रियल एस्टेट डील होगी। वास्तव में डीएस ग्रुप रिटेल और होस्पिटैलिटी सेक्टर में अपने आपको एक्सपैंड कर रही है। जीआईपी के पूरे कैंपस में 147 एकड़ का विकसित क्षेत्र है, जिसमें कई मॉल और खाली जगह शामिल है, जिसका उपयोग कमर्शियल या रेजिडेंशियल बिल्डिंग के निर्माण में किया जा सकता है। मौजूदा समय में डेवलपमेंट के लिए लगभग 1.7 मिलियन वर्ग फुट जगह उपलब्ध है। ग्रेट इंडिया प्लेस को अप्पू घर ग्रुप और यूनिटेक ग्रुप की ओर से ज्वाइंटली डेवलप किया गया था। अब, यूनिटेक के पास मॉल में 42 फीसदी हिस्सेदारी है, जबकि बाकी हिस्से का मालिकाना हक दूसरे निवेशकों के पास है। जानकारी के अनुसार कॉम्प्लेक्स पर 1000 करोड़ रुपए का कर्ज है, वहीं प्रमोटर यूनिटेक ग्रुप की हालत भी ठीक नहीं है, जिसकी वजह से इसे सेल पर लगा दिया गया है। यह डील रिटेल सेक्टर में विस्तार करने वाली किसी भी कंपनी को काफी आगे की ओर लेकर जा सकती है। ग्रेट इंडिया प्लेस मॉल महामारी के प्रकोप और इसके आसपास आने वाले नए मॉल से प्रभावित हुआ। अनुमान है कि भारत में मॉल्स को महामारी और लॉकडाउन के कारण लगभग 3,000 करोड़ रुपए का नुकसान हुआ।


### रुपया पांच पैसे की बढ़त के साथ 83.22 प्रति डॉलर पर पहुंचा

**मुंबई।** अंतरबैंक विदेशी मुद्रा विनिमय बाजार में मंगलवार को रुपया शुरूआती कारोबार में अमेरिकी डॉलर के मुकाबले पांच पैसे की बढ़त के साथ 83.22 पर रहा। विदेशी मुद्रा कारोबारियों ने बताया कि विदेशी कोष की सतत निकासी के कारण रुपया एक सीमित दायरे में कारोबार कर रहा है। वैश्विक बाजार में अमेरिकी मुद्रा की मजबूती ने निवेशकों की भावनाओं को प्रभावित किया है। अंतरबैंक विदेशी मुद्रा विनिमय बाजार में रुपया 83.24 प्रति डॉलर के भाव पर खुला और फिर 83.22 पर पहुंच गया, जो पिछले बंद स्तर से पांच पैसे की बढ़त है। सोमवार को रुपया 83.27 प्रति डॉलर पर बंद हुआ था। इस बीच दुनिया की छह प्रमुख मुद्राओं के मुकाबले अमेरिकी डॉलर की स्थिति को दशार्ने वाला डॉलर सूचकांक 0.06 प्रतिशत की बढ़त के साथ 106.30 पर रहा। वैश्विक तेल मानक ब्रेंट क्रूड 0.02 प्रतिशत की बढ़ोतरी के साथ 89.67 डॉलर प्रति बैरल पर पहुंच गया।

## विदेश

# हिंसा और संघर्ष से घिरी दुनिया में महात्मा गांधी की प्रासंगिकता और बढ़ी : जयशंकर

**एजेंसी। हनोई**



विदेश मंत्री एस जयशंकर ने मंगलवार को कहा कि आज हिंसा और संघर्ष से घिरी दुनिया में महात्मा गांधी की प्रासंगिकता बहुत बढ़ गयी है क्योंकि वह न केवल राजनीतिक प्रेरणा हैं, बल्कि कूटनीति को भी प्रोत्साहन देते हैं। वियतनाम के ह्यहो ची मिन्ह सिटी' में महात्मा गांधी की आवक्ष प्रतिमा के अनावरण समारोह में जयशंकर ने सत्य, अहिंसा, स्वतंत्रता और लोगों की आजादी में योगदान को लेकर भारत के अग्रणी स्वतंत्रता सेनानी की सराहना की। उन्होंने कहा, ह्यह्यमहात्मा गांधी निस्संदेह हमारे समकालीन विश्व की सबसे प्रतिष्ठित शख्सियतों में से एक हैं। सत्य, अहिंसा, स्वतंत्रता और लोगों की आजादी में उनके योगदान को संयुक्त राष्ट्र ने उनके जन्मदिन को अंतरराष्ट्रीय अहिंसा दिवस के रूप में घोषित करके मान्यता दी है। चार दिवसीय आधिकारिक यात्रा पर रविवार को वियतनाम पहुंचे जयशंकर ने कहा कि गांधी ने न केवल भारत को एकजुट किया बल्कि इस तरह की चाहत रखने वाले अन्य देशों, महाद्वीपों और लोगों को भी प्रेरित किया। उन्होंने कहा, ह्यह्यमहात्मा गांधी का योगदान इससे भी परे है। आज उनके विचार मानवीय गरिमा, सामाजिक मूल्यों, आध्यात्मिकता, पर्यावरण, स्थिरता, स्वच्छता और कई अन्य क्षेत्रों के लिए एक बहुत शक्तिशाली प्रेरणा हैं।" विदेश मंत्री ने कहा कि आज संघर्ष और हिंसा से घिरे विश्व में महात्मा गांधी की प्रासंगिकता बहुत अधिक है। उन्होंने कहा कि ऐसे में जब कि विश्व विरोधाभासों में तालमेल बैठाने, विभाजन की खाइयों को पाटने के लिए प्रयासरत है, महात्मा गांधी ना केवल राजनीतिक प्रेरणा देते हैं, बल्कि कूटनीति को भी प्रोत्साहित करते हैं। जयशंकर ने कहा कि प्रतिमा का अनावरण एक प्रतीकात्मक क्षण है जो दोनों देशों के बीच दोस्ती को दशार्ता है। उन्होंने कहा कि भारत-वियनाम की दोस्ती आपसी सम्मान और बेहतर दुनिया से जुड़ी साझा आकांक्षा पर आधारित है। एक्स' पर अपने पोस्ट में उन्होंने कहा, हो ची मिन्ह सिटी के ताओ डान पार्क में महात्मा गांधी की प्रतिमा का अनावरण का बड़ा महत्व है।

## पेज एक के शेष

### डैम में डूबने से...

गांधी मैदान कॉलोनी का शिवसागर शामिल हैं। वहीं, एक छात्र शानू कुमार को मेडिकल कॉलेज हजारीबाग में भर्ती कराया गया है।

सीएम हेमंत सोरेन ने सोशल मीडिया एक्स पर लिखा, लोटवा डैम में हादसे की दुखद खबर से मन व्यथित है। जिला प्रशासन द्वारा राहत और बचाव कार्य किया जा रहा है। परमात्मा, हादसे में मरने वाले बच्चों की आत्मा को शांति प्रदान कर शोकाकुल परिवारजनों को दुःख की यह विकट घड़ी सहन करने की शक्ति दें। वहीं, राज्यपाल सीपी राधाकृष्णन ने डैम में छह छात्रों के डूबने की घटना पर दुख जताया है। राज्यपाल ने इस घटना को अत्यंत दुखद और पीड़ादायक बताया है।

### प्रधानमंत्री ने ...

उड़ान 21 अक्टूबर को निर्धारित की गई है। बैठक में 2025 में मिशन के लॉन्च की पुष्टि करते हुए इसकी तैयारी का मूल्यांकन किया गया। हाल के चंद्रयान-3 और आदित्य एल1 मिशन सहित भारत की अंतरिक्ष संबंधी पहलों की सफलता के आधार पर प्रधानमंत्री ने निर्देश दिया कि भारत को अब 2035 तक "भारतीय अंतरिक्ष स्टेशन" की स्थापना और 2040 तक चंद्रमा पर पहला भारतीय भेजने सहित नए और महत्वाकांक्षी लक्ष्य निर्धारित करने चाहिए। इस विजन को साकार करने के लिए अंतरिक्ष विभाग चंद्रमा के अन्वेषण की योजना तैयार करेगा। इसमें चंद्रयान मिशनों की श्रृंखला, अगली पीढ़ी के प्रक्षेपण वाहन (एनजीएलवी) का विकास, एक नए लॉन्च पैड का निर्माण, मानव-केंद्रित प्रयोगशालाओं और संबंधित प्रौद्योगिकियों की स्थापना किया जाना शामिल होगा। प्रधानमंत्री ने भारतीय वैज्ञानिकों से वीनस ऑर्बिटर मिशन और मार्स लैंडर सहित अंतर-ग्रहीय मिशनों की दिशा में काम करने का भी आह्वान किया। प्रधानमंत्री मोदी ने भारत की क्षमताओं पर विश्वास व्यक्त करते हुए अंतरिक्ष अन्वेषण में नई ऊंचाइयां छूने की देश की प्रतिबद्धता की पुष्टि की।

### सुविधाओं में ...

मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि मोरहाबादी स्थित मरांग गोमके जयपाल सिंह मुंडा एस्ट्रोटर्फ स्टेडियम के अंदर एवं बाहर जितनी एलइडी स्क्रीन्स लगी हैं उनकी गुणवत्ता में सुधार करें। मुख्यमंत्री ने कहा कि वैसे वृक्ष जो स्टेडियम की सुंदरता पर प्रतिकूल प्रभाव डाल रहे हैं उनकी ट्रीमिंग भी की जाए। स्टेडियम के अंदर और बाहर साफ-सफाई का पूरा ध्यान रखें। मुख्यमंत्री ने कहा कि हॉकी स्टेडियम के आसपास क्षेत्र में जितनी एलइडी लाइट्स खराब हैं उन्हें जल्द बदलें। चैंपियनशिप के दौरान शहर में 24X7 बिजली व्यवस्था बहाल रहे। खिलाड़ियों एवं अतिथियों के आवागमन के लिए वाहन की पर्याप्त व्यवस्था करें। बैठक में मुख्यमंत्री ने स्टेडियम की तैयारी, विभिन्न कनेक्टिविटी, अतिथियों की सुविधा, सुरक्षा, यातायात और भीड़ प्रबंधन, चिकित्सा व्यवस्था सहित अन्य तैयारियों की समीक्षा करते हुए कई महत्त्वपूर्ण दिशा-निर्देश अधिकारियों को दिए। मुख्यमंत्री ने कहा कि मेडिकल टीम के साथ-साथ एंबुलेंस का पुख्ता व्यवस्था रखें।

इस मौके पर राज्य के मुख्य सचिव सुखदेव सिंह, विकास आयुक्त-सह-अपर मुख्य सचिव अरुण कुमार सिंह, अपर मुख्य सचिव गृह विभाग अविनाश कुमार, डीजीपी अजय कुमार सिंह, मुख्यमंत्री की प्रधान सचिव वंदना दादेल, प्रधान सचिव वित्त अजय कुमार सिंह, मुख्यमंत्री के सचिव विनय कुमार चौबे, भवन निर्माण विभाग के सचिव सुनील कुमार, खेल विभाग के सचिव मनोज कुमार, नगर आयुक्त अमित कुमार, डीआईजी रांची अनूप बिरथरे, आईपीआरडी निदेशक राजीव लोचन बक्शी, खेल निदेशक सुशांत गौरव, उपयुक्त रांची राहुल कुमार सिन्हा, वरीय पुलिस अधीक्षक रांची चंदन सिन्हा, हॉकी इंडिया के सेक्रेटरी जनरल भोलानाथ सिंह सहित राज्य सरकार एवं हॉकी इंडिया के अन्य अधिकारी उपस्थित थे।

### 108 एंबुलेंस सेवा ....

चिकित्सा व्यवस्था को दुरुस्त करें। एंबुलेंस सेवा सुचारु रूप से जनता को समय से उपलब्ध होनी चाहिए। संवेदनहीनता किसी भी स्थिति में क्षमा योग्य नहीं होगा। बैठक में पंजीकृत श्रमिक वर्ग के स्वास्थ्य बीमा को लेकर विस्तृत चर्चा की गई। पंजीकृत श्रमिकों को 5 लाख रुपए तक का स्वास्थ्य बीमा लाभ दिए जाने को लेकर विचार-विमर्श किया गया। बैठक में मुख्यमंत्री के समकक्ष अधिकारियों द्वारा कर्मचारी राज्य बीमा निगम के द्वारा संचालित नामकुम (रांची), आदित्यपुर (सरायकेला-खरसावां) एवं मैथन (धनबाद) स्थित अस्पतालों के अद्यतन कार्य प्रगति की रखी गई। आने वाले समय में बोकारो एवं देवघर में कर्मचारी राज्य बीमा निगम के नए अस्पताल की स्थापना को लेकर भी चर्चा की गई।

इस अवसर पर राज्य के स्वास्थ्य, चिकित्सा सेवा एवं परिवार कल्याण मंत्री बन्ना गुप्ता, मुख्य सचिव सुखदेव सिंह, अपर मुख्य सचिव स्वास्थ्य विभाग अरुण कुमार सिंह, मुख्यमंत्री के प्रधान सचिव श्रीमती वंदना दादेल, प्रधान सचिव वित्त विभाग अजय कुमार सिंह, मुख्यमंत्री के सचिव विनय कुमार चौबे, श्रम विभाग के सचिव राजेश शर्मा, श्रमायुक्त संजीव बेसरा, एमडी एनएचएम आलोक त्रिवेदी सहित अन्य पदाधिकारी उपस्थित थे।

### ग्रामीण कनेक्टिविटी को ...

तरह रूट निर्धारित करें कि अस्पताल, विद्यालय, महाविद्यालय, साप्ताहिक हाट और स्थानीय बाजार और रेलवे स्टेशन अवस्थित हों। इससे ग्रामीणों को आवागमन में काफी सहूलियत होगी और इस योजना की उपयोगिता बनी रहेगी। मुख्यमंत्री ने कहा कि ग्रामीणों को इस योजना के तहत संचालित बसों की जानकारी लगातार मिलती रहे, इसके लिए एक एप्प तैयार करें। इस एप्प में ऐसी व्यवस्था हो कि लोगों को यह पता चल सके की बस कब खुलेगी। बस कहां पहुंची है और कब तक उनके गंतव्य पर पहुंच जाएगी। इससे ग्रामीणों को सूचना के अभाव में बसों के लिए इंतजार नहीं करना पड़ेगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि मुख्यमंत्री ग्राम सेतु योजना की उपयोगिता बनी रहे, इसके लिए जरूरी है कि इस योजना के तहत संचालित बसों के सिटीजन मॉनिटरिंग की पुख्ता व्यवस्था हो, ताकि कोई भी वाहन संचालक इसका नाजायज लाभ नहीं ले सके।

### दुगार्पूजा को लेकर ...

पंडालों में सीसीटीवी कैमरे से असामाजिक तत्वों पर नजर रखा जाएगा। संवेदनशील पूजा पंडालों को चिह्नित कर कड़ी निगरानी रखते हुए पर्याप्त संख्या में बल की तैनाती की गई है। साथ ही स्थानीय लोगों से लगातार संपर्क बनाए रखने के लिए सघन गश्ती और चेकिंग करने का निर्देश भी दिया गया है। इसके लिए अफवाहों से निपटने की भी खास तैयारी की गई है। सूचना तंत्र और सोशल मीडिया सेल को सक्रिय रहने की हिदायत दी गई है। अफवाह फैलाने वाले असामाजिक तत्वों को चिह्नित कर सतर्कता बरती जा रही है। आपत्तिजनक पोस्ट डालकर, अफवाह फैलाकर सांप्रदायिक सौहार्द बिगाड़ने की कोशिश करने वाले उपद्रवियों पर विशेष निगरानी रखने का भी आदेश दिया गया है। सबसे अधिक फोर्स की तैनाती राजधानी रांची, धनबाद, जमशेदपुर,बोकारो सहित अन्य शहरों में की गई है। वहीं दूसरी ओर राजधानी रांची में लगभग तीन हजार पुलिस वालों की तैनाती की गई है। इसके अलावा सीसीटीवी और ड्रोन कैमरे से निगरानी रखी जाएगी। झारखंड पुलिस प्रवक्ता एवी होमकर ने मंगलवार को बताया कि दुर्गा पूजा को लेकर राज्य में सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए गए हैं। पर्याप्त संख्या में पुलिस वालों की तैनाती की गई है।

### हाईकोर्ट ने मैनहर्ट घोटाला...

से लीगल ओपिनियन मांगा था लेकिन अब तक उस पर कुछ नहीं हुआ है। सरयू राय ने मैनहर्ट को रांची में सीवरेज ड्रेनेज के डीपीआर का कार्य दिए जाने में 21 करोड़ रुपये के घोटाले का आरोप लगाया था। इस मामले को उन्होंने झारखंड विधानसभा में उठाया था, जिसके बाद राज्य सरकार के निर्देश के बाद दिसंबर 2020 में एसीबी में पीई दर्ज की गई थी लेकिन उसकी रिपोर्ट अब तक प्राप्त नहीं होने पर सरयू राय ने हाई कोर्ट में याचिका दायर की है। उनकी ओर से कहा गया है कि ढाई साल बीतने के बाद भी मैनहर्ट घोटाला मामले में पीई में क्या आया, यह अब तक पता नहीं चला है।

### साइबर ठगों ने ...

फिर अरगोड़ा थाने जा रहा मामला दर्ज कराया। कूरियर भेजने के नाम पर खाते से उड़ाया 95 हजार : हरमू हाउसिंग कॉलोनी के रहने वाले नवनीत की ओर से अरगोड़ा थाना में दर्ज प्राथमिकी में कहा गया है कि उनका दिल्ली से एक कुरियर आने वाला था। इस वजह से नौ अक्तूबर को इंटरनेट पर सर्च कर कुरियर कंपनी के नंबर फोन किया, मगर फोन लगा नहीं। कुछ देर बाद उन्हें एक फोन आया और फोनकर्ता ने उनसे कहा कि पता गलत होने की वजह से कुरियर पेंडिंग हो गया है। ठग ने उन्हें एक व्हाट्सएप नंबर से लिंक भेजकर फार्म भरने को कहा। साथ ही दो रुपए भी ट्रांसरफर करने की कहा था। उन्होंने राशि भेजी, मगर भुगतान नहीं हुआ। 12 अक्तूबर को जब वह अपने एकाउंट का बैलेंस चेक कर रहे थे तो पाया कि उनके खाते से 95 हजार रुपए की अवैध निकासी हो गयी है। इसके बाद वह थाना पहुंचे और मामला दर्ज कराया।

## मौत का साया — दक्षिणी गाजा में भीषण बमबारी, 4000 लोग की मौत, नेतन्याहू ने कहा-

# हम फिलिस्तिनियों के खिलाफ नहीं, हमारा अस्तित्व खतरे में

**एजेंसी। युरूशलम**



पिछले 11 दिनों से जारी इजराइल-हमास जंग में अब तक 4000 लोग जान गंवा चुके हैं। इस बीच इजराइल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ने कहा कि आजादी के 75 साल बाद भी स्वतंत्रता का युद्ध अभी तक खत्म नहीं हुआ है। हमास के साथ जारी युद्ध में हमारा एक मात्र उद्देश्य है। नेतन्याहू ने इस युद्ध को अंधेरे की ताकतों के खिलाफ अस्तित्व की लड़ाई के रूप में संदर्भित किया। उन्होंने इजराइली सुरक्षाबलों को प्रकाश का रूप और हमास आतंकियों को अंधेरे का रूप बताया है। इस बीच युद्ध के 11वें दिन इजरायली चीफ ऑफ कमांडर ने सैनिकों को पत्र में लिखा है, हम अपने घर की सुरक्षा के लिए अपने मिशन में दृढ़ और एकजुट हैं और हर मोर्चे पर किसी भी स्थिति के लिए तैयार हैं। हमारी जिम्मेदारी दुश्मन पर काबू पाना और हर जगह सुरक्षा बहाल करना है। गाजा में फिलिस्तिनियों ने मंगलवार को तड़के खान यूनिस और रफाह के दक्षिणी शहरों के पास भीषण बमबारी किए जाने का दावा किया। हालांकि, अभी तक हताहत होने वालों की संख्या के बारे में कोई जानकारी उपलब्ध नहीं कराई गई है। स्थानीय खबरों के अनुसार, इजराइल की ओर से खान यूनिस के पश्चिम और दक्षिण-पूर्व और रफाह के पश्चिम के इलाकों को निशाना बनाया गया। अंतरराष्ट्रीय मध्यस्थ विदेशी पासपोर्ट वाले शरणार्थियों को सहायता देने की अनुमति के लिए एक समझौते पर जोर दे रहे हैं। ऐसे में गाजा से पलायन करने की कोशिश कर रहे हजारों की संख्या में लोग रफाह में एकत्र हैं, जो इस क्षेत्र से मिस्र तक जाने वाली एकमात्र सीमा है। अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडन बुधवार को इजराइल और जॉर्डन के लिए रवाना होने वाले हैं। अमेरिका को उम्मीद है कि हमास के हमले के बाद घिरे गाजा में तेजी से नागरिकों को सहायता पहुंचाना आसान हो जाएगा। हमास और इजरायल के बीच के युद्ध ने अमेरिका की चिंता बढ़ा दी है। अमेरिका की सबसे बड़ी चिंता है कि दोनों के बीच का संघर्ष मिडिल ईस्ट के क्षेत्र में न फैल जाए। अमेरिकी नेता इस युद्ध को रोकने का प्रयास कर रहे हैं, जो एक बड़े भू-राजनीतिक संकट में बदल सकता है। अमेरिका ने इसे देखते हुए अपना दूसरा एयर क्राफ्ट कैरियर इस क्षेत्र में भेजा है। इसके बाद राष्ट्रपति बाइडेन ने भी इजरायल को समर्थन की बात कही। हालांकि उन्होंने यह भी कहा कि गाजा पर कब्जा करना इजरायल के लिए बड़ी गलती होगी। इजरायल की सेना ने सोमवार की रात लेबनान में आतंकी संगठन हिज्बुल्लाह के ठिकानों पर हमले किए।

**इजरायली चीफ ऑफ कमांडर ने कहा-हम अपने घर की सुरक्षा के लिए अपने मिशन में दृढ़ और एकजुट हैं और हर मोर्चे पर किसी भी स्थिति के लिए तैयार हैं**

## वनडे विश्व कप 2023 : नीदरलैंड की ऐतिहासिक जीत

# दक्षिण अफ्रीका को 38 रन से हराया

**एजेंसी। धर्मशाला**

वनडे विश्व कप के 15वें मैच में दक्षिण अफ्रीका को नीदरलैंड के खिलाफ हार का सामना करना पड़ा है। धर्मशाला के हिमाचल प्रदेश क्रिकेट एसोसिएशन स्टेडियम में दक्षिण अफ्रीका ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी करने का फैसला किया। नीदरलैंड ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 245 रन बनाए। इसके जवाब में दक्षिण अफ्रीका की टीम 207 रन बना पाई और मैच 38 रन से हार गई।इस विश्व कप में यह दूसरा बड़ा उलटफेर है। इससे पहले अफगानिस्तान ने इंग्लैंड को हराया था। बारिश से बाधित इस मैच में दोनों पारियों से सात-सात ओवर कम कर दिए गए थे। ऐसे में 43 ओवर के इस मैच में नीदरलैंड ने पहले बल्लेबाजी करते हुए आठ विकेट खोकर 245 रन बनाए। इसके जवाब में दक्षिण अफ्रीका की टीम 42.5 ओवर में 207 रन ही बना सकी और मैच 38 रन से हार गई।

वनडे विश्व कप 2023 इंग्लैंड के बाद दक्षिण अफ्रीका की टीम भी उलटफेर का शिकार हुई है। दक्षिण अफ्रीका को नीदरलैंड के खिलाफ हार का सामना करना पड़ा है। इस विश्व कप में यह अफ्रीका की तीन मुकाबलों में पहली हार है। इससे पहले इस टीम ने श्रीलंका और ऑस्ट्रेलिया को हराया था, लेकिन नीदरलैंड की टीम बड़ा उलटफेर करने में सफल रही। बारिश के कारण मैच देरी से शुरू हुआ और दोनों पारियों से सात-सात ओवर की कटौती हुई। दक्षिण अफ्रीका ने टॉस जीतकर गेंदबाजी चुनी। नीदरलैंड की शुरूआत कुछ खास नहीं थी। 82 रन पर आधी टीम पवेलियन लौट गई थी। इसके बाद कप्तान एडवर्ड्स ने पुछल्ले बल्लेबाजों के साथ मिलकर बेहतरीन साझेदारियां की और अपनी टीम को अच्छे स्कोर तक पहुंचाया।





### वर्ल्ड कप 2023 पॉइंट्स टेबल

| टीम | मैच | जीत | हार | नेट प्वाइंट्स | नेट प्वाइंट्स |
|---|---|---|---|---|---|
| भारत | 3 | 3 | 0 | 6 | +1.821 |
| न्यूजीलैंड | 3 | 3 | 0 | 6 | +1.604 |
| सा. अफ्रीका | 3 | 2 | 1 | 4 | 1.385 |
| पाकिस्तान | 3 | 2 | 1 | 4 | -0.137 |
| इंग्लैंड | 3 | 1 | 2 | 2 | -0.084 |
| अफगानिस्तान | 3 | 1 | 2 | 2 | -0.652 |
| बांग्लादेश | 3 | 1 | 2 | 2 | -0.699 |
| ऑस्ट्रेलिया | 3 | 1 | 2 | 2 | -0.734 |
| नीदरलैंड्स | 3 | 1 | 2 | 2 | -0.993 |
| श्रीलंका | 3 | 0 | 3 | 0 | -1.532 |

### स्कोर बोर्ड

| नीदरलैंड्स | रन | बॉल | 4 | 6 |
|---|---|---|---|---|
| विक्रमजीत सिंह | 2 | 16 | 0 | 0 |
| मैक्स ओ'डाउड | 18 | 25 | 4 | 0 |
| कॉलिन ऐकरमैन | 12 | 25 | 1 | 0 |
| बास डलीडे | 2 | 7 | 0 | 0 |
| साइब्रैंड एंगलब्रेख्त | 19 | 37 | 1 | 1 |
| एन अनिल तेजा | 20 | 25 | 3 | 0 |
| स्कॉट एडवर्ड्स | 78 | 69 | 10 | 1 |
| लोगन वैन बीक | 10 | 27 | 1 | 0 |
| रुलॉफ वैन डर मर्व | 29 | 19 | 3 | 1 |
| आर्यन दत्त | 23 | 9 | 0 | 3 |

**अतिरिक्त :** 32, **कुल :** 245/8 (43 ओवर)
**विकेट पतन:** 1-22, 2-24, 3-40, 4-50, 5-82, 6-112, 7-140, 8-204 . डीआरएस
**गेंदबाजी :** लुंगिसानी एनगिडी 9-1-57-2, मार्को यानसन 8-1-27-2, कगिसो रबाडा 9-1-56-2, जेराल्ड कट्जी 8-0-57-1, केशव महाराज 9-0-38-1

| साउथ अफ्रीका | रन | बॉल | 4 | 6 |
|---|---|---|---|---|
| तेम्बा बवूमा | 16 | 31 | 2 | 1 |
| क्विंटन डिकॉक | 20 | 22 | 3 | 0 |
| रासी वान दर दुसें | 4 | 7 | 0 | 0 |
| एडन मारक्रम | 1 | 3 | 0 | 0 |
| हेनरिक क्लासेन | 28 | 28 | 4 | 0 |
| डेविड मिलर | 43 | 52 | 4 | 1 |
| मार्को यानसन | 9 | 25 | 0 | 0 |
| जेराल्ड कट्जी | 22 | 23 | 2 | 1 |
| केशव महाराज | 40 | 37 | 5 | 1 |
| कगिसो रबाडा 9 | 6 | 0 | 1 | |
| लुंगिसानी एनगिडी 7 | 24 | 0 | 0 | |

**अतिरिक्त :** 08, **कुल :** 207/10 (42.5 ओवर)
**विकेट पतन:** 1-36, 2-39, 3-42, 4-44, 5-89, 6-109, 7-145, 8-147, 9-166, 10-207. डीआरएस
**गेंदबाजी :** आर्यन दत्त 5-1-19-0, लोगन वैन बीक 8.5-0-60-3, कॉलिन ऐकरमैन 3-0-16-1, पॉल वैन मीकरेन 9-0-40-2, रुलॉफ वैन डर मर्व 9-0-34-2, बास डलीडे 8-0-36-2

# रोहित शर्मा एक 'आदर्श कप्तान' हैं : रिकी पोंटिंग





**एजेंसी। नई दिल्ली**

ऑस्ट्रेलिया के पूर्व कप्तान रिकी पोंटिंग ने वर्ल्ड कप में भारत के शानदार प्रदर्शन के लिए रोहित शर्मा की भूमिका को महत्वपूर्ण बताया और उन्हें 'आदर्श कप्तान भी कहा है। भारत ने पांच बार के चैंपियन ऑस्ट्रेलिया, अफगानिस्तान और चिर प्रतिद्वंद्वी पाकिस्तान पर दमदार जीत के साथ अपने 2023 विश्व कप अभियान की शानदार शुरूआत की है। तीन जीतों ने रोहित की अगुवाई वाली टीम को टेबल में शीर्ष पर पहुंचा दिया है। भारत के इस शानदार प्रदर्शन में रोहित शर्मा की अहम भूमिका रही है। चाहे बल्लेबाजी हो या कप्तानी, हिटमैन शानदार लय में नजर आ रहे हैं। पोंटिंग ने आईसीसी से कहा, रोहित बहुत शांत स्वभाव का है। वह जो कुछ भी करता है उसमें बहुत शांत रहता है। आप उसके खेलने के तरीके में भी यह देख सकते हैं। वह काफी शांत स्वभाव का बल्लेबाज भी है और मैदान के अंदर और बाहर भी वह इसी तरह का है। दिसंबर 2021 से सफेद गेंद के दोनों प्रारूपों में विराट कोहली के बाद भारत की कप्तानी रोहित शर्मा ने संभाली है। पोंटिंग का दावा है कि रोहित भारत के लिए सही कप्तान हैं क्योंकि वे अपने घरेलू मैदान पर प्रमुख प्रतियोगिता में प्रतिस्पर्धा करते हैं, जिससे कोहली को अपनी प्रमुख बल्लेबाजी भूमिका पर ध्यान केंद्रित करने में मदद मिलती है। भारत ने आखिरी बार क्रिकेट विश्व कप तब जीता था जब टूर्नामेंट 2011 में तीन देशों में आयोजित किया गया था। भारत ने मुंबई के वानखेड़े स्टेडियम में साथी मेजबान श्रीलंका को हराया था। दो बार के विश्व कप विजेता कप्तान रिकी पोंटिंग को लगता है कि इस बार ट्रॉफी भारत के पास आने वाली है।

## 141वें आईओसी सत्र के तीसरे और आखिरी दिन की बैठक

# 8 नये आईओसी सदस्यों का हुआ चयन

**एजेंसी। मुंबई**

अंतरराष्ट्रीय ओलंपिक समिति (आईओसी) ने मंगलवार को मुंबई में चल रहे 141वें आईओसी सत्र के तीसरे और आखिरी दिन के बैठक के दौरान आगामी सत्र के लिए आठ नए आईओसी सदस्यों का चयन किया, जिसमें चार महिलाएं और चार पुरुष शामिल हैं। आईओसी ने एक बयान में कहा, भारत के मुंबई में 141वें आईओसी सत्र की बैठक में आज आठ नए आईओसी सदस्य चुने गए, जिनमें चार महिलाएं और चार पुरुष शामिल हैं, जिससे आईओसी सदस्यता में महिलाओं का अनुपात 41.1 प्रतिशत हो गया है। यह आईओसी की उदाहरण के साथ नेतृत्व करने की महत्वाकांक्षा और शासन संरचनाओं में महिला प्रतिनिधित्व बढ़ाए जाने को ध्यान में रखते हुए किया गया है। मुंबई में एक समारोह में सदस्य के रूप में मतदान के बाद ऑस्कर विजेता हॉलीवुड अभिनेत्री मिशेल येओह (बॉन्ड गर्ल) को भी आईओसी के सदस्य के रूप में चुना गया। वह मुंबई में ओलंपिक समिति की बैठक के दौरान प्रस्तावित आठ नए सदस्यों में से एक थीं। इसके बाद सत्र ने सदस्यता में शामिल होने के लिए इजराइल के येल अराद को चुना। अराद, एक सेवानिवृत्त जूडोका, इजराइल की पहली ओलंपिक पदक विजेता हैं, जिन्होंने बार्सिलोना 1992 में ओलंपिक खेलों में रजत पदक जीता था। उन्हें नवंबर 2021 में इजराइल की राष्ट्रीय ओलंपिक समिति का अध्यक्ष नियुक्त किया गया था, जिससे वह यह पद संभालने वाली पहली महिला बन गईं। हंगरी के खेल प्रशासक बालाज फर्जेस और पेरू की ओलंपियन सेसिलिया रोक्साना टैट विलाकोर्टा को भी सदस्यता के लिए चुना गया। दो उम्मीदवारों, स्वीडन से पेट्रा सॉलिंग, अंतरराष्ट्रीय टेबल टेनिस महासंघ (आईटीटीएफ) की अध्यक्ष, और कोरिया गणराज्य से अंतरराष्ट्रीय स्केटिंग संघ (आईएसयू) के अध्यक्ष जे-यूल किमको अंतरराष्ट्रीय महासंघ (आईएफ) के भीतर उनके कार्यों के आधार पर चुना गया। इस बीच, ट्यूनीशिया के मेहरेज बौसयेने को कॉमेट नेशनल ओलंपिक ट्यूनीशिया के अध्यक्ष के रूप में सदस्यता के लिए चुना गया। इन चुनावों से आईओसी सदस्यों की कुल संख्या 107 हो गई है। गौरतलब है कि इससे पहले सोमवार को आईओसी ने घोषणा की थी कि क्रिकेट 2028 में लॉस एंजिल्स ओलंपिक खेलों का हिस्सा होगा और 128 साल बाद इस बहु-खेल प्रतियोगिता में वापसी करेगा। शनिवार को मुंबई में आईओसी सत्र का उद्घाटन प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने किया। यह सत्र आईओसी के सदस्यों की एक महत्वपूर्ण बैठक के रूप में कार्य करता है। ओलंपिक खेलों के भविष्य के संबंध में महत्वपूर्ण निर्णय आईओसी सत्र में लिए जाते हैं।



## श्रीलंका ने धनुष्का गुणतिलके पर से प्रतिबंध हटाया



**कोलंबो।** क्रिकेट श्रीलंका ने मंगलवार को धनुष्का गुणतिलका पर आस्ट्रेलिया में यौन उत्पीड़न के आरोपों को लेकर लगाया गया प्रतिबंध हटा दिया है जिससे राष्ट्रीय टीम में उनकी वापसी का मार्ग प्रशस्त हुआ है। एक विज्ञप्ति में कहा गया, श्रीलंका क्रिकेट की स्वतंत्र जांच समिति ने उन पर नवंबर 2022 में लगाया गया प्रतिबंध पूरी तरह से हटाने की सिफारिश की है। न्यू साउथ वेल्स की जिला अदालत ने उन्हें सभी आरोपों से बरी कर दिया है और वह 3 अक्टूबर को श्रीलंका लौट आए हैं।' इसमें कहा गया, अब वह राष्ट्रीय टीम के लिए खेल सकते हैं।' नवंबर 2022 में गुणतिलका पर आस्ट्रेलिया में एक महिला ने कथित यौन उत्पीड़न के आरोप लगाये थे।

# यूरो 2024 क्वालीफायर में पुर्तगाल ने बोस्निया-हजेगोविना को 5-0 से हराया

**एजेंसी। साराजेवो**

पुर्तगाल ने सोमवार को यूईएफए यूरो 2024 क्वालीफायर के ग्रुप जे में बोस्निया और हजेगोविना (बीआईएच) पर 5-0 से जीत हासिल की। पुर्तगाल के तरफ से स्टार क्रिस्टियानो रोनाल्डो ने दो, ब्रूनो फर्नांडिस, जोआओ कैंसलो और जोआओ फेलिक्स ने 1-1 गोल किया।

पुर्तगाल ने मैच में जोरदार शुरूआत की और क्रिस्टियानो रोनाल्डो ने मैच के पांचवें मिनट में ही पेनल्टी के जरिये गोल कर अपनी टीम को 1-0 की बढ़त दिला दी। मैच के 20वें मिनट में रोनाल्डो ने मैच का अपना दूसरा गोल करते हुए पुर्तगाल की बढ़त 2-0 कर दी। इसके बाद मैच के 25वें मिनट में ब्रूनो फर्नांडिस ने एक और गोल कर अपनी टीम की बढ़त 3-0 कर दी। इस गोल के सात मिनट बाद जोआओ कैंसलो ने गोल कर पुर्तगाल की बढ़त 4-0 कर दी।

मध्यांतर से चार मिनट पहले मैच के 41वें मिनट में जोआओ फेलिक्स ने गोल कर बढ़त 5-0 कर दी। पुर्तगाली टीम मध्यांतर तक 5-0 से आगे रही। मध्यांतर के बाद दोनों टीमों के बीच काफी बेहतरीन फुटबॉल का नजारा देखने को मिला, हालांकि दोनों ही टीमें गोल करने में असफल रहीं और पुर्तगाल ने मैच 5-0 से अपने पक्ष में किया।

पुर्तगाल अब आठ जीत के साथ ग्रुप में शीर्ष पर है, जबकि बीआईएच पांचवें स्थान पर खिसक गया है, जिससे उसने अगली गर्मियों में जर्मनी में होने वाले टूर्नामेंट के लिए क्वालीफाई करने का मौका खो गया है।



## तीन मैचों का प्रतिबंध झेल रहे नाचो फर्नांडीज को मिली राहत



**मैड्रिड।** स्पेनिश फुटबॉल महासंघ की अपील समिति ने सेंट्रल डिफेंडर नाचो फर्नांडीज पर लगे तीन मैचों के प्रतिबंध को घटाकर दो मैचों का कर दिया। समाचार एजेंसी शिन्हुआ की रिपोर्ट के अनुसार, नाचो इस सप्ताहांत सेविला के खिलाफ होने वाले मैच में नहीं खेल पाऐंगे, लेकिन वह एफसी बार्सिलोना के खिलाफ सीजन के पहले 'क्लासिको' के लिए उपलब्ध रहेंगे। यह रियल मैड्रिड के कोच कार्लो एंसेलोटी के लिए अच्छी खबर है, जो घुटने की चोट के बाद पूरे सीजन एडर मिलिटाओ के बिना रहे हैं, जबकि डेविड अलाबा अभी भी कमर की समस्या के कारण फिटनेस के लिए संघर्ष कर रहे हैं, जिसने उन्हें अंतर्राष्ट्रीय ब्रेक से पहले दरकिनार कर दिया था।

## हॉकी झारखंड का ट्रायल 21 को रांची में

**रांची।** 17 से 28 नवंबर तक तमिलनाडु में आयोजित 13वी हॉकी इंडिया सीनियर पुरुष हॉकी चैंपियनशिप 2023के लिए हॉकी झारखंड के पुरुष हॉकी टीम गठन के लिए खिलाड़ियों को चयन ट्रायल दिनांक 21अक्टूबर 2023 को पूर्वाहन 10.00बजे एस्ट्रोटर्फ हॉकी स्टेडियम बरियातू गर्ल्स हाई स्कूल रांची में होगी। इस चयन ट्रायल में झारखंड को कोई भी हॉकी खिलाड़ी भाग ले सकते है जो पूर्व से निबंधित है। चयन ट्रायल में जन्म प्रमाण पत्र,आधार कार्ड,हॉकी इंडिया की आई डी कार्ड लाना आवश्यक है।

# सनम सेखों ने जीती ड्रिफ्ट चैलेंज चैंपियनशिप

**एजेंसी। ग्रेटर नोएडा**

भारत के ड्रिफ्ट चैंपियन के रूप में जाने जाने वाले सनम सेखों ने पहली ड्रिफ्ट चैलेंज में दबदबा बनाए रखा और देश की पहली तीन श्रेणियों में से दो में निर्विरोध जीत हासिल की। इसके अलावा मुदित ग्रोवर भी ड्रिफ्ट चैलेंज की सभी तीन श्रेणियों में पोडियम पर रहे। सेखों ने अपनी विशेष रूप से तैयार की गई लेक्सस जीएस 300 को कोनों के चारों ओर साइड में घुमाते हुए संतुलित और नियंत्रण में रखा। इसी तरह मुदित ने अपनी बीएमडब्लू ई46 में टायर-स्मोकिंग कार नियंत्रण में अपना कौशल दिखाया। चंडीगढ़ के ड्राइवर ने 744 अंकों के साथ डी1 श्रेणी जीती, उनके निकटतम प्रतिद्वंद्वी जुगराज सिंह भुर्जी ने बीएमडब्ल्यू एम3 चलाकर केवल 476 अंक हासिल किए। मुदित ग्रोवर ने 286 अंकों के साथ बीएमडब्ल्यू में तीसरा स्थान हासिल किया। सेखों ने 460 अंक बनाए और मुदित ग्रोवर (262 अंक) और मुग्धा ग्रोवर के साथ मर्सिडीज सी200 के (156 अंक) चलाकर डी2 श्रेणी भी जीत ली और पोडियम पूरा किया। जापान से तानिगुची अत्सुशी, थाईलैंड से तनाकोर्न लेर्टयाओवर्ट और भारत से एलिस्टेयर ने जज की भूमिका निभाई और ड्राइवरों की लाइन, कोण, शैली और गति सहित कई मापदंडों को परखा। टायर की चौड़ाई के आधार पर तीन श्रेणियां - डी1, डी2 और ओपन रखी गई थीं। ऊ1 श्रेणी में प्रतिस्पर्धा करने वाली कारें 215-255 मिमी चौड़े टायरों पर चल रही थीं। डी2 श्रेणी में अधिकतम टायर की चौड़ाई 205 मिमी थी, जबकि सभी प्रतिस्पर्धी, चाहे उनके टायरों की चौड़ाई कुछ भी हो।



## खेल मंत्रालय ने एशियाई पैरा खेलों के लिए 303 एथलीटों

# 143 कोचों-सहायक कर्मचारियों को दी मंजूरी

**एजेंसी। नई दिल्ली**

युवा मामले और खेल मंत्रालय (एमवाईएएस) ने चीन के हांगझू में 22 से 28 अक्टूबर तक होने वाले एशियाई पैरा खेलों में भाग लेने के लिए 17 खेल विधाओं में कुल 303 खिलाड़ियों को मंजूरी दे दी है। मंत्रालय ने एशियाई पैरा खेलों के दल का हिस्सा बनने के लिए कुल 143 कोचों, एस्कॉर्ट्स, अधिकारियों और सहायक कर्मचारियों को भी मंजूरी दे दी। मंत्रालय की विज्ञप्ति के अनुसार, एथलीटों की सूची में 191 पुरुष और 112 महिला एथलीट शामिल हैं, जिनमें से 123 एथलीटों के सबसे बड़े दल को एथलेटिक्स स्पधाओं के लिए मंजूरी दी गई है। 2018 में एशियाई पैरा खेलों के पिछले संस्करण में 13 खेल स्पधाओं में कुल 190 एथलीटों ने भाग लिया था, जहां भारत ने 15 स्वर्ण सहित कुल 72 पदक जीते थे।



## आयोजन : महिला एशियाई चैंपियंस ट्रॉफी के सातवें संस्करण की रांची करेगा मेजबानी

# टूर्नामेंट हमारे लिए बहुत ही महत्वपूर्ण : बिछू देवी

**नवीन मेल संवददाता। रांची**

झारखंड महिला एशियाई चैंपियंस ट्रॉफी 2023, जो 27 अक्टूबर से 5 नवंबर, 2023 तक होने वाली है, जैसे-जैसे नजदीक आ रही है, महिला हॉकी के क्षेत्र में प्रत्याशा बढ़ रही है। भारतीय महिला हॉकी टीम की गोलकीपर बिछू देवी खारीबाम, जो एशियाई चैंपियंस ट्रॉफी में अपनी पहली उपस्थिति की तैयारी कर रही हैं, ने प्रतिष्ठित टूर्नामेंट और वह भी घरेलू धरती पर खेलने को लेकर उत्साह व्यक्त किया है। 2022 में भारतीय टीम में पदार्पण करने वाली बिछू देवी ने कहा, मैं रांची में एशियाई चैंपियंस ट्रॉफी के लिए चुने जाने से रोमांचित हूं। यह मेरे लिए खुशी का क्षण है और मैं इस अवसर के लिए आभारी हूं। आगामी टूर्नामेंट में अपने सीनियर्स से मदद लेने के अलावा, मैं उस अनुभव का उपयोग करने के लिए उत्सुक हूं जो मैंने हांग्जो में हाल ही में संपन्न एशियाई खेलों के दौरान हासिल किया था। इस बीच, बिछू देवी ने 2024 पेरिस ओलंपिक क्वालीफायर की तैयारी में झारखंड महिला एशियाई चैंपियंस ट्रॉफी रांची 2023 के महत्व पर जोर दिया और कहा, टूर्नामेंट हमारे लिए एक महत्वपूर्ण कदम के रूप में काम करेगा क्योंकि हम 2024 पेरिस ओलंपिक क्वालीफायर की तैयारी कर रहे हैं। उन्होंने कहा, यह कहने की जरूरत नहीं है कि हमें पेरिस ओलंपिक के लिए क्वालीफाई करने के लिए अगले तीन महीनों तक वास्तव में कड़ी मेहनत करनी होगी, इसलिए, रांची में आगामी टूर्नामेंट हमारी प्रगति का आकलन करने और मजबूत विरोधियों के खिलाफ हमारी ताकत का परीक्षण करने के लिए आवश्यक है। महिला एशियाई चैंपियंस ट्रॉफी के सातवें संस्करण की मेजबानी रांची में की जा रही है, जो अपने उत्साही हॉकी प्रशंसक आधार के लिए प्रसिद्ध शहर है। बिछू देवी स्थानीय समर्थन से उत्साहित हैं और उन्होंने कहा, रांची जोशीले हॉकी प्रशंसकों से भरी हुई है और हम उम्मीद कर रहे हैं कि वे बड़ी संख्या में स्टेडियम में हमारा उत्साह बढ़ाने आएंगे। हम प्रशंसकों से प्रेरणा लेंगे और मैदान पर अपना योगदान देने का लक्ष्य रखेंगे। हालाँकि बढ़ी हुई उम्मीदें दबाव लाती हैं, हम एक दूसरे को प्रेरित करने के लिए एक टीम के रूप में एकजुट होंगे।" गौरतलब है कि भारतीय महिला टीम ने 2016 में एशियाई चैंपियंस ट्रॉफी का खिताब जीता था और 2018 में अगले संस्करण में वह उपविजेता रही थी। इसलिए, टीम का लक्ष्य अच्छा प्रदर्शन जारी रखना और पोडियम पर समाप्त करना होगा। झारखंड महिला एशियाई चैंपियंस ट्रॉफी 2023 में मेजबान देश भारत के साथ-साथ चीन, जापान, मलेशिया, कोरिया और थाईलैंड सहित टीमों की एक मजबूत लाइनअप शामिल होगी।

तैयारियों और भारत की संभावनाओं के बारे में, 22 वर्षीय बिछू देवी ने अपना विश्वास व्यक्त करते हुए कहा, हमारे पास हर स्तर तक जाने और उस मायावी ट्रॉफी को सुरक्षित करने की क्षमता है। हमारा दृष्टिकोण एक समय में एक मैच लेने का होगा और हम हमारे पिछले अनुभवों से सीख लेते हुए आगे बढ़ने की कोशिश करेंगे, जैसे कि हाल ही में संपन्न एशियाई खेलों में चीन से सेमीफाइनल में हमारी हार थी। हालांकि, उस झटके के बावजूद, हमने जापान के खिलाफ कांस्य पदक मैच में विजयी वापसी करके अपनी टीम की गुणवत्ता का प्रदर्शन किया और यह उसी तरह की प्रेरणा हम महिला एशियाई चैंपियंस ट्रॉफी में अपने साथ रखेंगे।' साथ ही, आगामी टूर्नामेंट में मेरा ध्यान चीजों को सरल रखने और शॉर्ट पासिंग, विरोधियों के पलटवार को नकारने और हमारे कोच द्वारा हमें सिखाए गए सभी आवश्यक पहलुओं जैसे बुनियादी सिद्धांतों पर महारत हासिल करने पर होगा।



# खेल विभाग चैंपियन एथलीटों से कोच के तौर पर सेवाएं लेगा

**नवीन मेल संवददाता। रांची**

राज्य सरकार पूर्व चैंपियन एथलीट खिलाड़ियों से कोच के तौर पर सेवा लेगी। इसके लिए झारखंड खेल प्राधिकरण ने नियुक्ति संबंधी विज्ञापन जारी करते दो नवंबर तक आवेदन मांगे हैं। इसके मुताबिक सात जिलों के खेलो इंडिया सेंटर्स में कोच के तौर पर पूर्व एथलीट खिलाड़ियों को कोच के तौर पर अनुबंध के आधार पर नियुक्त किया जाएगा। इनमें गिरिडीह, देवघर, लातेहार, गुमला, पाकुड़, जामताड़ा और लोहरदगा जैसे जिले शामिल हैं। इन सभी जिलों में अलग-अलग खेल के लिए खेलो इंडिया सेंटर में 1-1 कोच रखे जाएंगे। गिरिडीह जिले के जमुआ स्टेडियम स्थित खेलो इंडिया सेंटर में फुटबॉल के लिए एक कोच नियुक्त किया जाएगा। देवघर के मेगा स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स कुमैठा स्थित सेंटर में एथलेटिक्स के लिए एक, लातेहार के आवासीय स्पोर्ट्स सेंटर में एथलेटिक्स के लिए एक, गुमला के आवासीय एथलेटिक्स ब्वॉयज ट्रेनिंग सेंटर में भी एथलेटिक्स के लिए एक, पाकुड़ में जिला स्तरीय स्टेडियम (बैंक कॉलोनी) सेंटर में एथलेटिक्स के लिए एक कोच की जरूरत है। जामताड़ा में इंडोर स्टेडियम में बैडमिंटन के लिए एक और लोहरदगा में यूपीजी हाईस्कूल बिटपी सेंटर में वेबसाइट www.sajha.in से आवेदन संबंधी जानकारी लेकर जरूरी डाक्यूमेंट्स के साथ इसे मोराबादी, रांची स्थित साझा कार्यालय के पते पर दो नवंबर तक भेज देना होगा। चयनित अभ्यर्थियों को बाद में इंटरव्यू के लिए बुलाया जाएगा।